●वर्ष : 16 ●अंक : 289 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08 RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com


# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

मगंलवार 11 फरवरी 2025


## समाचार

### बांग्लादेश सीमा पर हालात सामान्य, घुसपैठ और तस्करी रोकने के लिए बीएसएफ पूरी तरह मुस्तैद : महानिदेशक



**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने सोमवार को कहा कि बांग्लादेश से लगी देश की सरहदों पर हालात सामान्य हैं और घुसपैठ व तस्करी जैसी घटनाएं रोकने के लिए बीएसएफ पूरी तरह मुस्तैद है। चौधरी ने इंदौर में बीएसएफ की 52वीं अंतर सीमांत प्लाटून हथियार निशानेबाजी स्पर्धा के उद्घाटन के बाद पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि बांग्लादेश से लगती देश की सरहदों से जुड़ी तमाम चुनौतियों के मद्देनजर बीएसएफ मुस्तैद है और वहां हालात सामान्य हैं। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास यही है कि इन सीमाओं पर किसी भी तरह की घुसपैठ, तस्करी या ऐसी कोई भी हरकत न होने पाए जिससे हमारी देश की सुरक्षा पर कोई असर पड़े। चौधरी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सरहदों पर ड्रोन के खतरों से निपटने के लिए बीएसएफ ने खुद को अत्याधुनिक रक्षा उपकरणों से लैस किया है। पाकिस्तान की ओर से खासकर पंजाब के सीमाई इलाकों में नशीले पदार्थ और हथियार भेजने के लिए ड्रोन के इस्तेमाल के बारे में पूछे जाने पर बीएसएफ प्रमुख ने कहा कि बीएसएफ की ड्रोन रोधी तकनीकों की बदौलत ऐसी घटनाओं में जबर्दस्त कमी आई है।

चौधरी ने कहा,हमने अपनी सशक्त रक्षा तकनीक का इस्तेमाल करते हुए सीमा पार से आए कई ड्रोन पकड़े हैं और उन्हें मार गिराया है। केंद्र सरकार ने देश में नक्सलवाद की समस्या को मार्च 2026 तक समाप्त करने का लक्ष्य तय किया है। इस बारे में पूछे जाने पर बीएसएफ प्रमुख ने कहा, नक्सलवाद से निपटने के लिए हम छत्तीसगढ़ और ओड़िशा के अलग-अलग इलाकों में तैनात हैं। हमारा संकल्प है कि हम तय समय-सीमा से पहले इन इलाकों को नक्सलवाद से मुक्त कर देंगे। हम अपना यह संकल्प पूरा करके दिखाएंगे।

चौधरी ने 52वीं अंतर सीमांत प्लाटून हथियार निशानेबाजी स्पर्धा के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता में शामिल हो रहे बीएसएफ कर्मियों के अचूक निशाने को देखकर सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि देश की सरहदों की रखवाली की जिम्मेदारी सुरक्षित हाथों में है। इस छह दिवसीय प्रतियोगिता की मेजबानी बीएसएफ का इंदौर स्थित केंद्रीय आयुध और युद्ध कौशल विद्यालय (सीएसडब्ल्यूटी) कर रहा है। निशानेबाजी प्रतियोगिता में बीएसएफ के सभी 11 सीमांत हिस्सा ले रहे हैं। खास बात यह है कि इस स्पर्धा में उन्हीं हथियारों का इस्तेमाल किया जाता है जिनकी मदद से बीएसएफ के जांबाज जवान वास्तविक मोर्चों पर दुश्मन सैनिकों और आतंकवादियों से निपटते हैं।

# पंजाब में होंगे मिड टर्म चुनावः सुखजिंदर सिंह रंधावा

नूना न्यूज एजेंसी।



**पंजाब।** कांग्रेस सांसद और पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा ने सोमवार को राज्य में मध्यावधि चुनाव की भविष्यवाणी करते हुए दावा किया कि दिल्ली में चुनावी हार के बाद आप विधायक बड़ी संख्या में पार्टी छोड़ देंगे। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल मंगलवार को दिल्ली में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, राज्य के मंत्रियों और पार्टी विधायकों से मुलाकात करने वाले हैं। इसी को लेकर रंधावा ने कहा कि ये सीएम अब पंजाब में काम नहीं करेंगे। पंजाब की हालत, अर्थव्यवस्था, कानून व्यवस्था सबसे खराब है। सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि अब उन्हें (आप) समझ आ गया है कि दिल्ली में उनका काम खत्म हो गया है। पंजाब में जल्द ही मध्यावधि चुनाव होंगे और कांग्रेस अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि उनके (आप) विधायक सभी पार्टियों के संपर्क में हैं। हम सब उनके संपर्क में हैं। मध्यावधि चुनाव होने वाला है। भगवंत मान न कांग्रेस में जाएंगे, न बीजेपी में, घर जाएंगे। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल मंगलवार को दिल्ली में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, राज्य के मंत्रियों और पार्टी विधायकों से मुलाकात करेंगे। यह बैठक दिल्ली विधानसभा चुनावों में आप की करारी हार और पार्टी की पंजाब इकाई में बढ़ते असंतोष की अटकलों के बीच हो रही है। हालांकि, आप सांसद मलविंदर सिंह कंग ने असंतोष की खबरों को तवज्जो न देते हुए मंगलवार की बैठक को नियमित रणनीति सत्र करार दिया। उन्होंने कहा, पार्टी में इस तरह की प्रक्रिया आम है। भविष्य की रणनीति बनाने के लिए सभी इकाइयों से फीडबैक लिया जाता है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आप विधायक, अरविंद केजरीवाल से मिलकर आगे की रणनीति पर चर्चा करेंगे।

## ज्वलंत मुद्दा
## सम्पादकीय



### आखिर तीसरे मोर्चे के सियासी तीरंदाजों का राजनीतिक भविष्य अब क्या होगा?

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान भाजपा और कांग्रेस विरोधी क्षेत्रीय दलों ने जो पारस्परिक एकजुटता दिखाई, उससे भी यहां पिछले 12 वर्षों तक सत्तारूढ़ रही आम आदमी पार्टी यानी 'आप' की सियासी भलाई संभव नहीं हो पाई और भाजपा नीत एनडीए के हाथों 'आप' को करारी चुनावी मात मिली। इस चुनाव में 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा की 48 सीटों पर जहां भाजपा ने बाजी मारी, वहीं आप को उसने महज 22 सीटों पर ही समेट दिया। वहीं, दिल्ली पर सत्तारूढ़ रही इंडिया गठबंधन की सहयोगी 'आप' की रणनीति ही ऐसी मारक रही कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस का यहां तीसरी बार भी खाता नहीं खुलने दिया, जिससे उसके रणनीतिकारों की राजनीतिक पेशानी पर बल पड़ना स्वाभाविक है। बता दें कि 2015, 2020 और 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को एक भी सीट पर चुनावी सफलता नहीं मिल पाई है, जबकि उसकी शीला दीक्षित सरकार ने डेढ़ दशक तक यहां शासन किया है और दिल्ली के बहुमुखी विकास में उल्लेखनीय भूमिका अदा की है। दरअसल, यह सब कुछ अनायास नहीं हुआ बल्कि भाजपा की एक सोची-समझी गुप्त रणनीति के तहत किया गया, जिसे अपनी-अपनी राजनीतिक जमीन बनाने के चक्कर में आप और कांग्रेस नहीं समझ पाई। साथ ही, कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन में शामिल क्षेत्रीय दलों ने भी आप और कांग्रेस के बीच लोकसभा चुनाव 2024 के आए परिणामों के बाद से दिल्ली-पंजाब में चौड़ी हो रही सियासी खाई को पाटने में दिलचस्पी नहीं दिखाई, बल्कि आप की खुली तरफदारी करके कांग्रेस को नीचा दिखाने का काम किया। इससे भी बात बनते बनते बिगड़ गई। बता दें कि दिल्ली के पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश की प्रमुख विपक्षी समाजवादी पार्टी यानी सपा के मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृण मूल कांग्रेस यानी टीएमसी की सुप्रीमो व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, महाराष्ट्र की विपक्षी पार्टी शिवसेना यूबीटी के आलाकमान उद्धव भाऊ ठाकरे, एनसीपी शरद पवार के प्रमुख शरद पवार आदि ने अपने-अपने सूबे में जारी कांग्रेस के सियासी दांवपेचों से खार खाते हुए दिल्ली विधानसभा चुनावों में आप की खुली तरफदारी की, जिससे कांग्रेस का मुस्लिम-दलित वोट बैंक आप के साथ जुड़ा रहा।

SYED ZAKI HAIDER
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

# क्या खेमचंद सिंह होंगे मणिपुर के अगले सीएम?

## अटकलों पर भाजपा विधायक ने किया बड़ा दावा

नूना न्यूज एजेंसी।

**मणिपुर।** एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद मणिपुर में संकट के बीच, मणिपुर के भाजपा विधायक वाई खेमचंद सिंह ने सोमवार को कहा कि सभी सदस्य पार्टी आलाकमान के फैसले को स्वीकार करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्य चिंता राज्य में सामान्य स्थिति वापस लाने की होगी। बीरेन सिंह की जगह अब कौन लेगा, इस बारे में पूछे जाने पर वाई खेमचंद सिंह ने एएनआई से कहा, "हम आलाकमान द्वारा लिए गए फैसले को स्वीकार करते हैं। समस्या दूर हो गई है। अब हमारे सामने समस्या यह है कि स्थिति को कैसे सामान्य किया जाए। पार्टी की व्यवस्था के अनुसार, पार्टी का आलाकमान जो भी फैसला करेगा, हमें उसे स्वीकार करना होगा। सभी सदस्य पार्टी के फैसले को स्वीकार करेंगे। इस बीच, नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के कार्यकारी अध्यक्ष शेख नूरुल हसन ने एनडीए गठबंधन को समर्थन की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्होंने बीरेन सिंह की सरकार से समर्थन वापस ले लिया क्योंकि वह राज्य में सामान्य स्थिति और शांति बहाल करने में विफल रहे। शेख नूरुल हसन ने संवाददाताओं से कहा, "एनपीपी ने एन बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस ले लिया है। मणिपुर में सामान्य स्थिति और शांति बहाल करने में उनकी विफलता के कारण हमें उनके नेतृत्व पर विश्वास नहीं है। सीएम पद से उनका इस्तीफा राज्य में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने की दिशा में एक स्वागत योग्य कदम है। हम केंद्र में एनडीए गठबंधन का हिस्सा हैं, हम हमेशा राज्य में सामान्य




स्थिति लाने के लिए एनडीए के हिस्से के रूप में भाजपा के साथ सहयोग और काम करेंगे। रविवार को मणिपुर के सीएम सिंह ने राज्य में हिंसा के करीब दो साल बाद राजभवन में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को अपना इस्तीफा सौंप दिया। उनके साथ भाजपा अध्यक्ष ए.शारदा, भाजपा के पूर्वोत्तर मणिपुर प्रभारी संबित पात्रा समेत कम से कम 19 विधायक भी थे। सिंह ने अपने त्याग पत्र में कहा, "मणिपुर के लोगों की सेवा करना अब तक सम्मान की बात रही है।" उन्होंने पत्र में आगे कहा, "मैं प्रत्येक मणिपुरी के हितों की रक्षा के लिए समय पर कार्रवाई, हस्तक्षेप, विकासात्मक कार्य और विभिन्न परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए केंद्र सरकार का बेहद आभारी हूं।

## अमानतुल्लाह खान के घर पहुंची दिल्ली पुलिस

**दिल्ली।** पुलिस ने नवनिर्वाचित ओखला विधायक अमानतुल्लाह खान के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है और उनकी तलाश कर रही है। दावा किया जा रहा है कि उनके समर्थकों ने हत्या के प्रयास के एक आरोपी को जबरन पुलिस हिरासत से छुड़ा लिया था। विधायक के समर्थक कथित तौर पर अपराध शाखा निरीक्षक सुनील कालखंडे के नेतृत्व वाली टीम पर हमले में शामिल थे। क्राइम ब्रांच हत्या के प्रयास के मामले में वांछित आरोपी शाबाज खान को गिरफ्तार करने के लिए जामिया नगर इलाके में गई थी। आप विधायक खान के समर्थकों ने क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर सुनील कालखंडे के नेतृत्व वाली टीम पर हमला किया और आरोपी को भागने में मदद की। रिपोर्टों से पता चलता है कि जब यह घटना हुई तो खान खुद घटनास्थल पर मौजूद थे।

# भाजपा की आंधी में नहीं जीत सके एनडीए के सहयोगी दल

## इन सीटों पर जदयू और लोजपा की हुई हार

नूना न्यूज एजेंसी।



**दिल्ली।** विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत हुई। चुनाव में भगवा पार्टी की ऐसी लहर चली कि एनडीए के सहयोगी दलों को भी हार का मुंह देखना पड़ा। अकेले 68 सीटों पर लड़ी भाजपा ने 48 सीटों पर जीत दर्ज की। जबकि एक-एक सीट पर लड़ी एनडीए की सहयोगी पार्टी जदयू और लोजपा को जीत नसीब नहीं हुई। इन दोनों सीट आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी जीते। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों में से 68 सीटों पर भाजपा ने अपने प्रत्याशी उतारे थे। भाजपा ने बुराड़ी सीट एनडीए गठबंधन में अपने सहयोगी दल जनता दल (यूनाइटेड) और देवली सीट लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को दी थी। इसमें बुराड़ी सीट पर जदयू ने शैलेंद्र कुमार और देवली सीट पर लोजपा ने दीपक तंवर को उतारा था। बुराड़ी सीट पर आप के प्रत्याशी संजीव झा ने जदयू के शैलेंद्र कुमार को करीब 20601 वोटों से हरा दिया। यहां आप के संजीव झा को 121181 वोट मिले। जबकि जदयू के शैलेंद्र कुमार को 100580 वोट मिले। उधर, देवली सीट पर लोजपा (राम) के प्रत्याशी दीपक तंवर को आप के प्रत्याशी प्रेम चौहान ने करीब 36 हजार वोट से हरा दिया। आप के चौहान को 86 हजार वोट मिले, जबकि लोजपा के तंवर को 50 हजार वोट मिले।

### भाजपा की 27 साल बाद वापसी, आप का 12 साल का शासन खत्म

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 70 में से 48 सीटें जीती हैं। भाजपा 27 साल बाद सत्ता में वापस लौट रही है। चुनावी नतीजों के मुताबिक आम आदमी पार्टी केवल 22 सीटों पर जीत हासिल कर सकी। इससे आम आदमी पार्टी का 12 साल के शासन का अंत हो गया। भाजपा ने आप के सभी वरिष्ठ नेताओं को हरा दिया है। आप के संयोजक और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, सौरभ भारद्वाज समेत तमाम बड़े नेता चुनाव हारे हैं। भाजपा की इस प्रचंड जीत ने दिल्ली की राजनीति को नया आकार दिया है।

# क्या जम्मू-कश्मीर को मिलेगा राज्य का दर्जा?

## गृह मंत्री अमित शाह से मिले उमर अब्दुल्ला

नूना न्यूज एजेंसी।



**जम्मू-कश्मीर।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के दौरान जम्मू-कश्मीर राज्य का दर्जा बहाली, सुरक्षा स्थिति और शासन सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने आज संसद में गृह मंत्री से मुलाकात की। गृह मंत्री उमर अब्दुल्ला से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह के साथ जम्मू-कश्मीर राज्य का दर्जा, शासन से संबंधित मामलों, सुरक्षा स्थिति और 3 मार्च को होने वाले जम्मू-कश्मीर विधानसभा के आगामी बजट सत्र पर विस्तृत चर्चा की। जम्मू-कश्मीर का मुख्यमंत्री बनने के बाद उमर अब्दुल्ला की अमित शाह से यह तीसरी मुलाकात थी। इंडिया ब्लॉक यूनिटी के बारे में पूछे जाने पर उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें इस बारे में कुछ नहीं कहना है। उन्होंने कहा कि अगर इंडिया ब्लॉक भविष्य में कोई बैठक बुलाता है, तो वह वहां मुद्दों पर चर्चा करेगा। अगर मैं मीडिया में कुछ कहता हूं तो मेरी बातों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया जाता है. इसलिए अगर मुझे कुछ भी चर्चा करनी है, तो मैं इंडिया ब्लॉक की बैठक में इस पर चर्चा करूंगा। पिछले हफ्ते, गृह मंत्री ने नई दिल्ली में अपने आवास पर एक सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा सहित शीर्ष सुरक्षा और नागरिक अधिकारी शामिल हुए। इससे पहले केंद्र ने 2025-26 के केंद्रीय बजट में जम्मू-कश्मीर को 41,000.07 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो वित्त वर्ष 2024-25 के संशोधित अनुमान के लगभग बराबर है। इसके अतिरिक्त, जम्मू-कश्मीर पुलिस को 9,325.73 करोड़ रुपये मिलेंगे। वर्ष 2024-25 में पुलिस के लिए 8,665.94 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। अनुच्छेद 370 के निरस्त होने और पूर्ववर्ती राज्य के पुनर्गठन के बाद से जम्मू-कश्मीर पुलिस सीधे केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा नियंत्रित है।

## संसद में लगे मोदी-मोदी के नारे, निशिकांत दुबे का सनसनीखेज दावा

**दिल्ली।** सोमवाक को संसद की नियमित कार्यवाही अपेक्षाकृत शांत रही, जबकि पिछले कुछ दिनों में कुछ स्थगन देखने को मिले थे। दोनों सदनों ने बजट पर चर्चा जारी रखी। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत की पृष्ठभूमि में पार्टी सदस्यों ने सोमवार को लोकसभा में मोदी-मोदी के नारे लगाए। बीते आठ फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद संसद के वर्तमान बजट सत्र का आज पहला कामकाजी दिन था। वहीं, आकाशवाणी पर क्रिकेट कमेंट्री की दयनीय स्थिति पर तृणमूल सदस्य ने चिंता जताई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को सदन में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस के सदस्य प्रशांत पंडोले से कहा कि उनकी किस्मत बड़ी है क्योंकि उन्हें सदन में बोलने का खूब अवसर मिलता है।

# विधायकों में से ही होगा दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री

**दिल्ली।** विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत के बाद राष्ट्रीय राजधानी में एक महिला मुख्यमंत्री देखने को मिल सकती है। सूत्रों ने इस बात के संकेत दिए है। पार्टी ने 70 में से 48 सीटें हासिल कर आम आदमी पार्टी (आप) के एक दशक लंबे शासन को समाप्त कर दिया है। फिलहाल शीर्ष पद को लेकर चर्चा और अटकलों का दौर जारी है। सूत्रों ये भी बता रहे हैं कि अगला मुख्यमंत्री नवनिर्वाचित विधायकों में से ही चुना जाएगा। सूत्रों ने बताया कि एक महिला विधायक मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में उभर सकती है। सूत्रों ने कहा कि भगवा पार्टी कम प्रतिनिधित्व वाली पृष्ठभूमि से एक उपमुख्यमंत्री नियुक्त करने पर भी विचार कर रही है, साथ ही कहा कि नए मंत्रिमंडल में महिलाओं और दलितों का मजबूत प्रतिनिधित्व होने की उम्मीद है। भाजपा के विजयी उम्मीदवारों में से चार महिला विधायकों ने महत्वपूर्ण अंतर से अपनी सीटें सुरक्षित कीं। रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग में 68,200 वोटों से जीत हासिल की, उन्होंने आप की बंदना कुमारी को 29,595 वोटों के अंतर से हराया। ग्रेटर कैलाश में शिखा रॉय 49,594 वोट पाकर विजयी रहीं और उन्होंने आप के दिग्गज नेता सौरभ भारद्वाज को 3,188 वोटों के अंतर से हराया। पूनम शर्मा ने वजीरपुर सीट हासिल की, उन्हें 54,721 वोट मिले और उन्होंने अअढ के राजेश गुप्ता को 11,425 वोटों से हराया।

# दिल्ली में भाजपा के सीएम, पांच साल में तीन चेहरे और फिर 27 साल का लंबा इंतजार

### मदन लाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा

दिल्ली विधानसभा का पहला चुनाव नवंबर 1993 में हुआ था। 49 सीटों के साथ भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना के नेतृत्व में सरकार बनी। "दिल्ली का शेर" के नाम से मशहूर खुराना एक लोकप्रिय नेता थे जिन्होंने दिल्ली में पार्टी को मजबूत करने के लिए काम किया। हालाँकि, वह अपना कार्यकाल पूरा करने में असमर्थ रहे। जैन हवाला घोटाले में उनका नाम आने के बाद भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद उन्हें 27 महीने बाद शीर्ष पद छोड़ना पड़ा। उनके इस्तीफे के बाद, साहिब सिंह वर्मा 27 फरवरी, 1996 को दिल्ली के दूसरे भाजपा सीएम बने।

नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** करीब तीन दशक के इंतजार के बाद आखिरकार दिल्ली में भाजपा का कमल खिल गया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में भाजपा ने शनिवार को 48 सीटों के साथ जोरदार जीत दर्ज की। अब, भगवा पार्टी के आगामी मुख्यमंत्री को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। भाजपा पहली बार 1993 में दिल्ली में चुनाव जीतने में कामयाब रही थी। पार्टी 1998 तक सत्ता में रही। हालांकि, ये पांच साल उसके लिए काफी उठा-पटक रही। 1993 से 1998 के बीच अपने पिछले शासन के दौरान भाजपा के तीन मुख्यमंत्री रहेः मदन लाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा और सुषमा स्वराज। स्वराज, जो इस पद पर आसीन होने वाली पहली महिला थीं, उनका कार्यकाल सबसे छोटा था, जो केवल 52 दिनों तक चला। 13 अक्टूबर 1998 को सुषमा स्वराज ने साहिब सिंह वर्मा से बागडोर संभाली और दिल्ली की पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं। जनता के आक्रोश, प्याज की बढ़ती कीमतों और आंतरिक कलह की वजह से 1998 में पार्टी को बड़ी हार मिली। हालांकि, जब सुषमा स्वराज को सीएम बनाया गया था उस समय पार्टी को ये लग रहा था कि नया और महिला चेहरा उसके सत्ता विरोधी लहर से उभरने में मदद करेगा। सुषमा स्वराज के मंत्रिमंडल में हर्ष वर्धन, जगदीश मुखी, पूर्णिमा सेठी, देवेंदर सिंह शौकीन, हरशरण सिंह बल्ली और सुरेंद्र पाल रातावल शामिल थे। एक बार वैश्विक प्रकाशनों द्वारा भारत के "सबसे पसंदीदा राजनेता" के रूप में संदर्भित, स्वराज को अपने 52-दिवसीय कार्यकाल के दौरान कई स्तरों पर संघर्ष करना पड़ा। पूर्व भारतीय विदेश मंत्री ने पद संभालने के तुरंत बाद कीमतों को कम करने के प्रयास में प्याज की आपूर्ति बहाल करने के लिए एक समिति का गठन किया। उस समय खुराना और वर्मा के बीच सत्ता संघर्ष की खबरें थीं। अपने कार्यकाल के दौरान, वर्मा आर्थिक समस्याओं से जूझते रहे।

# सोनिया गांधी ने सरकार से जनगणना प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग की



**नई दिल्ली।** 10 फरवरी वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्रीमती सोनिया गांधी ने आज संसद में जनगणना में हो रही देरी पर गंभीर चिंता व्यक्त की और इसे लाखों भारतीयों की खाद्य सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला बताया। उन्होंने सरकार से जनगणना प्रक्रिया में तेजी लाने और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत सभी पात्र नागरिकों के अधिकार सुनिश्चित करने का आग्रह किया। संसद को संबोधित करते हुए, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी ने जोर देकर कहा कि 2013 में यूपीए सरकार द्वारा लागू किया गया एनएफएसए एक ऐतिहासिक कानून है, जो 75 प्रतिशत ग्रामीण आबादी और 50 प्रतिशत शहरी आबादी को सब्सिडी वाले खाद्यान्न प्रदान करता है। यह अधिनियम खासतौर पर कोविड-19 संकट के दौरान लाखों गरीब परिवारों के लिए जीवनरक्षक साबित हुआ। हालांकि, उन्होंने बताया कि वर्तमान में लाभार्थियों का कोटा अभी भी 2011 की जनगणना के आधार पर तय किया जा रहा है, जो अब प्रासंगिक नहीं है। इससे लगभग 14 करोड़ पात्र भारतीय अपने अधिकारों से वंचित हो रहे हैं। जनगणना न कराने के लिए केंद्र सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा, स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार, दशकीय जनगणना चार वर्षों से अधिक समय से विलंबित है। सरकार ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि यह कब कराई जाएगी, और बजट आवंटन दशार्ते हैं कि यह इस वर्ष भी नहीं होने जा रही है। श्रीमती गांधी ने इस विलंब को गरीब और वंचित परिवारों के लिए गंभीर संकट करार दिया और सरकार से आग्रह किया कि वह जल्द से जल्द जनगणना पूरी करे, ताकि हर योग्य नागरिक को एनएफएसए के तहत उचित लाभ मिल सके। उन्होंने कहा, खाद्य सुरक्षा कोई विशेषाधिकार नहीं, बल्कि एक मौलिक अधिकार है,ह्व उन्होंने जोर देकर कहा और सरकार से आग्रह किया कि वह तुरंत इस मामले पर कार्रवाई करे ताकि देश के सबसे जरूरतमंद लोगों के अधिकार सुरक्षित रह सकें।

# देश के 31 हस्तियों को इस वर्ष भारत विभूति सम्मान दिया जाएगा

**मीनाक्षी चौधरी/पत्रकार**



**नई दिल्ली।** देश के 31 हस्तियों को भारत विभूति सम्मान दिया जायेगा। इसमें विभिन्न क्षेत्रों की हस्तीयां शामिल होंगी । यह सम्मान अगले माह मार्च 2025 में राजधानी दिल्ली के राजेंद्र भवन ऑडिटोरियम में आयोजित एक भव्य समारोह में समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका अदा करने वाली संस्था अमरेंद्र फॉउंडेशन एवं सार्क जर्नलिस्ट फोरम की ओर से दिया जाएगा। इसके लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की जा रही है । इस सामारोह को लेकर कमिटी के अहम सदस्यों ने संस्था के संरक्षक, सांसद श्री खगेन मुर्मू से मुलाकात की और कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श किया । इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री श्री अमित शाह एवं रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह सहित कई प्रमुख हस्तियों को आमंत्रित किया जाएगा । बैठक में सांसद श्री मुर्मू के साथ वरिष्ठ पत्रकार एवं संस्था के निदेशक पत्रकार एवं संस्था के निदेशक श्री नवेश कुमार, नेशनल पब्लिक पॉलिसी लीडर, श्रीमति विनिता हरिहरन, सार्क जर्नलिस्ट फोरम, डॉ, समरेंद्र पाठक, श्री धर्मेंद्र सिंह, श्री सुंदर राजन, श्री पीयूष गोयनका, श्री अभिनव स्वामी समेत अन्य सदस्य शामिल हुए । यह जानकारी कार्यक्रम के प्रवक्ता सनंत सिंह ने आज यहां दी । उन्होंने बताया कि चयन के लिए एक विशेषज्ञों की कमेटी बनाई गई है, जिसमें समाजसेवी, पूर्व न्यायाधीश, वरिष्ठ पत्रकार एवं शिक्षाविद आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही विभिन्न श्रेणीयों में कला, शिक्षा और खेल आदि के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए भी पुरस्कार दिया जाएगा । उल्लेखनीय है कि भारत विभूति सम्मान समारोह का यह तीसरा वर्ष होगा । पूर्व में 2023 और 2024 में इसका सफल आयोजन हो चुका है । विभिन क्षेत्रों में देश को अग्रसर करने वाले कई विशिष्ट लोगो को यह सम्मान दिया जा चुका है (एल.एस)

## न्यूज डायरी

### लोहारू में आदर्श प्ले स्कूल का सकालरशिप टेस्ट आयोजन



**लोहारू**

आदर्श प्ले स्कूल, लोहारू में आयोजित सकालरशिप टेस्ट में करीब 400 बच्चों ने भाग लिया। यह आयोजन स्कूल के निदेशक श्री जीतेन्द्र जांगड़ा की देखरेख में हुआ। टेस्ट का उद्देश्य बच्चों की शैक्षिक क्षमता का मूल्यांकन करना था, ताकि योग्य छात्रों को शिक्षा में सहयोग प्रदान किया जा सके। निदेशक श्री जीतेन्द्र जांगड़ा ने बताया कि यह सकालरशिप टेस्ट हर साल आयोजित किया जाता है, जिससे बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है और वे बेहतर शिक्षा के लिए प्रेरित होते हैं। इस टेस्ट में क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों और प्राइवेट शिक्षण संस्थानों के बच्चों ने भाग लिया। श्री जांगड़ा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों को शैक्षिक उन्नति के लिए प्रेरणा मिलती है और उन्हें बेहतर अवसरों का लाभ मिलता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में और भी बच्चे इस प्रकार के आयोजनों में भाग लेकर अपनी शिक्षा को एक नया दिशा देंगे।

### दूसरी बागवानी एक्सपो-2025 15 से

**लोहारू** इंडो इजराइल अर्ध-शुष्क बागवानी उत्कृष्टता केन्द्र गिनानाउ में उद्यान विभाग द्वारा दूसरे बागवानी एक्सपो-2025 का 15 और 16 फरवरी को आयोजन किया जाएगा। मेले में 16 फरवरी को प्रदेश के कृषि ,पशुपालन एवं मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा तथा भारत में इजरायल के उपराजदूत बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। बागवानी विभाग के महानिदेशक डॉ रणवीर सिंह तथा विभागाध्यक्ष डॉ अर्जुन सिंह भी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी देते हुए इंडो इजराइल अर्ध-शुष्क बागवानी उत्कृष्टता केन्द्र के उपनिदेशक डॉ आत्म प्रकाश ने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ, किसान और उद्यान विभाग के अधिकारी हिस्सा लेते हुए नई तकनीक, योजनाएं और अनुभव सांझा करेंगे। किसानों के मनोरंजन के लिए मेले में जादूगर तथा प्रसिद्ध लोक गायक अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। किसानों को इस क्षेत्र में अधिक पैदावार देने वाली बागवानी फसलों तथा खजूर के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

### दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास की गारंटी पर लगाई मोहर: हर्षदीप डुडेजा



**भिवानी** दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड बहुमत की जीत की खुशी में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि हर्षदीप डुडेजा ने वार्ड नंबर-8 में लड्डू बांटे। इस मौके पर हर्षदीप डुडेजा ने कहा कि दिल्ली में हुई भाजपा की जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकासात्मतक सोच एवं जनहित के फैसलों की जीत है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि हर्षदीप डुडेजा ने केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि केजरीवाल अपने अहंकार व झूठ के कारण हारे है। केजरीवाल ने हरियाणा पर झूठा आरोप लगाया कि यमुना के पानी में जहर मिला दिया, जबकि यह पानी राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री भी पी रहे है।

### ढीगावा कस्बे में कल आयोजित होगा निशुल्क चिकित्सा कैंप और रक्तदान शिविर

**लोहारू** लोहारू उपमंडल के ढीगावा कस्बे में आगामी 11 फरवरी को दादा भोमिया के 20वें विशाल भंडारे के उपलक्ष्य में लाइफ सेवर्स ट्रस्ट द्वारा एक निशुल्क चिकित्सा कैंप और रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन दादा भोमिया मंदिर परिसर में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री रवि मित्तल व लाइफ सेवर्स ट्रस्ट के मीडिया प्रभारीप्रमोद सैनी ने बताया कि इस दौरान लोकप्रिय मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल भिवानी के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा मरीजों की निशुल्क जांच की जाएगी और उन्हें परामर्श के साथ दवाई वितरित की जाएगी। शिविर में फिजिशियन डॉक्टर तुषार तंवर, कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर हिमांशु तंवर, और गायनेकोलॉजिस्ट डॉक्टर हर्षा शेखावत तंवर द्वारा मरीजों की जांच की जाएगी।इस आयोजन में दादा भोमिया मंदिर के पुजारी श्री जयप्रकाश का सानिध्य रहेगा। साथ ही, ट्रस्ट के 44वें रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। श्री मित्तल ने युवाओं से अपील की है कि वे रक्तदान शिविर में रक्तदान करें, ताकि जरूरतमंदों की जान बचाई जा सके। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ़ाना और रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है। ट्रस्ट सभी नागरिकों से इस नेक कार्य में भाग लेने की अपील करता है।

### दिल्ली की जनता ने फर्जी वायदे व झूठ की सरकार को दिखाया आईना: वाल्मीकि



**भिवानी** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, राज्यसभा सांसद किरण चौधरी व सिंचाई एवं जल संसाधन और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश में जितनी तेजी से तरक्की की जा रही है, उससे अन्य राज्यों के लोग भी काफी प्रभावित है तथा वे भी अपने राज्यों में भाजपा की सरकार बनाकर अपने प्रदेश को तरक्की की राह पर चलाना चाहते है। जिसका उदाहरण दिल्ली में हुई भाजपा की प्रचंड बहुमत की जीत है। यह बात वरिष्ठ भाजपा नेता जयसिंह वाल्मीकि ने दिल्ली में भाजपा की जीत पर मिठाई बांटकर खुशी मनाते हुए कही। जयसिंह वाल्मीकि ने कहा कि दिल्ली प्रदेश में भी अब भाजपा शासित राज्यों की तर्ज पर विकास की ब्यार बहेगी तथा दिल्ली की जनता भी स्वयं को विकास एवं तरक्की की राह पर बढ़ते हुए देखेगी।

### गांव गिगनाऊ में वाटरशेड जागरूकता यात्रा आज

**लोहारू** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-वाटरशैड 2.0 के तहत किसानों को जल संग्रहण के प्रति जागरूक करने के लिए वाटरशेड जागरूकता यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा ।कार्यक्रम में जिला परिषद के सीईओ अजय चोपड़ा व एसडीम मनोज दलाल सहित विभिन्न वि भागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में बागवानी की खेती के बारे में भी जानकारी दी जाएगी और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम में अटल भूजल योजना की भी जानकारी दी जाएगी। यह जानकारी देते हुए तकनीकी विशेषज्ञ डॉ महावीर सांगवान ने बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत वाटरशेड 2,0 योजना के तहत लोगों को जल संग्रहण के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस यात्रा को मध्यप्रदेश से केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान में झंडी दिखा कर रवाना किया गया था और केंद्र सरकार द्वारा प्रा योजित किया यह कार्यक्रम प्रदेश के हर जिले में जाकर किसानों को जल संग्रहण के प्रति जागरूक करेगा और कम पानी में अधिक पैदावार लेने के लिए तकनीक की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में जिला परिषद के सीईओ अजय चोपड़ा का एसडीम मनोज दलाल सहित विभिन्न भागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे कार्यक्रम में बागवानी की खेती के बारे में भी जानकारी दी जाएगी सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे।

### नगर निगम मेयर व पार्षदों का चुनाव कांग्रेस पार्टी सिम्बल पर लड़ेगी:बजरंग गर्ग



**हिसार** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधियों की एक आवश्यक मीटिंग हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में नगर निगम मेयर व पार्षद के चुनाव पर विचार विमर्श किया गया। कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता बजरंग गर्ग ने कहा कि नगर निगम के चुनाव बाबत पार्टी हाईकमान ने अलग-अलग ड्युटियां लगाई गई हैं। नगर निगम में मेयर का चुनाव लड़ने वाले व पार्षदों कि चुनाव लड़ने के इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन मांगें गए है। उन आवेदन के माध्यम से जल्दी पार्टी हाईकमान उम्मीदवार की घोषणा करेगी। बजरंग गर्ग ने कहा कि कांग्रेस पार्टी नगर निगम मेयर व पार्षदों का चुनाव सिम्बल पर मजबूती से लड़ेगी। इस अवसर पर किरण मलिक, जिला महिला प्रधान संतोष जून,युवा नेता तेजवीर पूनिया,योगेंद्र योगी,सुरेश पंघाल,सुभाष वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिलबाग ढांडा,वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमर गुप्ता,राजेश कुमार ओड, वरुण कौशिक, अनिल बिश्नोई, आदि कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें।

### 38वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा नेटबॉल की पुरुष व महिला वर्ग की टीमों ने फाइनल में किया प्रवेश



**भिवानी** हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन महासचिव बबीता ने बताया कि 7 से 9 फरवरी तक देहरादून में खेले जा रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा नेटबॉल ट्रेडिशनल की टीमों ने पुरूष व महिलादोनों वर्ग ही टीमों ने फाईनल में प्रवेश किया। हरियाणा नेटबॉल ट्रेडिशनल में महिला वर्ग की टीम का प्रथम मैच पंजाब के बीच खेला गया, जिसमें हरियाण टीम ने 52-44 के अंतर से जीत हासिल की। दूसरा मैच हरियाणा व केरला की टीम के बीच खेला गया, जिसमें हरियाणा की टीम ने 42-41 के अंतर से जीत हासिल की। तीसरा मैच हरियाणा व उत्तराखंड के टीम के बीच खेला गया, जिसमें हरियाणा की टीम ने 52-46 के अंतर से जीत हासिल की। वही चौथा मैच व सेमी फाइनल हरियाणा व तेलंगाना की टीम के बीच खेला गया, जिसमें हरियाणा की टीम ने 48-43 के अंतर से जीत हासिल करते हुए फाईनल में प्रवेश किया।

### भाजपा नेता की माता के निधन पर जताया शोक

**भिवानी** भाजपा नेता सुनील शास्त्री व आचार्य सुरेश शास्त्री की माता धनकौर देवी के निधन पर गांव पाथरवाली स्थित उनके निवास स्थान पर शोक जताने वालों का तांता लगा हुआ है तथा विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग धनकौर देवी के निधन पर शोक जताने पहुंच रहे है तथा भगवान से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर रहे है। इसी कड़ी में रविवार को भाजपा नेता हरिसिंह सांगवान, पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बंसीलाल के पूर्व ओएसडी रामप्रताप शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग धनकौर देवी के निधन पर शोक जताने पहुंचे। उन्होंने कहा कि धनकौर देवी असहायों व जरूरतमंदों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहती थी।

# क्रान्तिकारी सुहासिनी गांगुली



**– डॉ.जया शुक्ला**

हमारे देश से ब्रिटिश गुलामी की जंजीरेँ काटने मेँ वैसे तो अधिकतम भारतीय परिवार लगे थे, किन्तु क्रान्ति की कुछ ऐसी प्रखर ज्वालायेँ थीँ, जिनके नामोँ की जानकारी नहीँ होने से हम उन्हेँ याद भी नहीँ करते। ऐसी ही हमारे देश की महान वीर पुत्री सुहासिनी गांगुली थीँ। ढाका ( अब बाँगलादेश मेँ) के पास एक गाँव मेँ पिता अविनाश चंद्र गांगुली और माता सरलासुन्दरी देवी के यहाँ 3 फरवरी, 1909 मेँ इनका जन्म हुआ। सुहासिनीजी ने 1924 मेँ ढाका ईडन हाईस्कूल से मैट्रिक पास किया और इंटरमीडियेट की पढ़ाई प्रारंभ की। इंटरमीडियेट करते करते उन्हेँ गूँगे-बहरे बच्चोँ के एक स्कूल मेँ नौकरी मिल गई और वह कलकत्ता चली आईँ। उन दिनोँ कलकत्ते मेँ युवा वर्ग, विशेषकर विद्यार्थी वर्ग के हृदय मेँ आजादी की चिंगारी सुलग चुकी थी। भला सुहासिनीजी अछूती कैसे रहतीँ ! एक तैराकी स्कूल में वे कल्याणी दास और कमला दासगुप्ता के सम्पर्क में आईं और क्रांतिकारी दल का साथ देने के लिए युगांतर पार्टी से उनका परिचय करवाया गया। वह छात्री संघ की सदस्य बन गईँ और प्रशिक्षण लेने लगीं। 1929 में क्रांतिकारी रसिक लाल दास से परिचय होने के बाद वह पूरी तरह दल में सक्रिय हो गईँ। हेमन्त तरफदार ने भी उन्हें इस ओर प्रोत्साहित किया। 1930 के चटगांव शस्त्रागार पर छापे के बाद बहुत से क्रांतिकारी ब्रिटिश पुलिस की धर-पकड़ से बचने के लिये चंद्रनगर चले गए। छात्री संघ के नेताओं के निर्देश पर शशिधर आचार्य और सुहासिनी गांगुली पति-पत्नी का वेश बना कर रहते थे ताकि किसीको संदेह नहीँ हो कि यह घर क्रान्तिकारियोँ का अड्डा है, और वह एक सामान्य गृहस्थ का घर लगे तथा क्रांतिकारियों को सुरक्षा भी दे सके। गणेश घोष, लोकनाथ बल, जीवन घोषाल, हेमन्त तरफदार, अनन्त गुप्ता, आदि बारी-बारी आकर ठहरते थे। परन्तु ब्रिटिश अधिकारियों को संदेह हो गया, और वह घर की निगरानी रखने लगे। 1 सितंबर 1930 को उस मकान पर छापा मारा गया। आमने-सामने की मुठभेड़ में क्रांतिकारी जीवन घोषाल गोली से शहीद हुए। सुहागिनी गांगुली व तथाकथित पति शशिधर आचार्य,और शेष साथी गिरफ़्तार हो गए। उन्हें हिजली जेल भेज दिया गया। आठ साल की लम्बी अवधि के बाद 1938 में सुहासिनी जी रिहा की गईँ। किन्तु हृदय की ज्वाला तो जलती रही थी। 1942 के आंदोलन में उन्होंने फिर से स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया, फिर से जेल गईं और 1945 में छूटीं। हेमन्त तरफदार तब एक आश्रम में संन्यासी भेष में रह रहे थे। रिहाई के बाद सुहासिनीजी भी उसी आश्रम में पहुँच गईं और वहीं रहने लगीं। भारत की आजादी उनके जीवनका सबसे बड़ा सपना था, जिसको पूरा करने के लिए उन्होंने अपना जीवन लगा दिया। आगे के जीवन मेँ वह समाजसेवा तथा आघ्यात्म के मार्ग पर अग्रसर रहीँ । 1965 मेँ एक सड़क दुर्घटना मेँ उनका देहावसान हो गया। इन महान देशभक्त स्वतंत्रता सेनानी की 116 वीँ जयन्ती पर कोटिकोटि नमन।

# आम बजट 26-2025 का संक्षिप्त विश्लेषण



**भीखपुर।** सिवान आम बजट 2025-26 1 फरवरी को पेश किया गया, जो मध्यम वर्ग के लिए बहुत खुशी की बात है और क्यों न उन्हें वित्त मंत्री श्री निर्मला सीतारमण से एक बड़ा तोहफा दिया जाए। बजट से पहले लोगों की मांग थी कि टैक्स छूट की सीमा को बढ़ाकर 10 लाख किया जाए, जिसकी उम्मीद नहीं थी, लेकिन इस बजट ने सबको चौंका दिया और छूट की सीमा को बढ़ाकर 12 लाख कर दिया, यानी अब 12.75 करोड़ (12 करोड़ + 75,75,000 स्टैंडर्ड डिडक्शन) की आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। वहीं अगर आय 12 लाख से अधिक है तो एक टैक्स स्लैब लागू होगा और 4 लाख से 8 लाख पर 5%, 8 से 12 लाख पर 10%, 12 से 16 लाख पर 15%, 16 से 20 लाख पर 20%, 20 से 24 लाख पर 25% और 24 लाख से अधिक पर 30% टैक्स लगाया जाएगा। सबसे पहले तो ये समझ लीजिए कि इस बजट में मध्यम वर्ग को इतनी बड़ी राहत क्यों दी गई। आज भारत की सबसे बड़ी समस्या जीडीपी की धीमी गति है, जिससे बेरोजगारी और महंगाई बढ़ रही है। आज महंगाई 5.5% के आसपास है, जबकि लक्ष्य महंगाई 4% थी। आज हमारी तीन सबसे बड़ी समस्याएं ये हैं। बजट से पहले विशेषज्ञों ने सुझाव दिया था कि अगर हमें जीडीपी की गति बढ़ानी है तो हमें मध्यम वर्ग के हाथों में पैसा देना होगा। जिसे वे खर्च करेंगे, जिससे आवश्यक वस्तुओं की खपत बढ़ेगी और इसका प्रभाव उद्योग एवं उत्पादन पर पड़ेगा, जिससे औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। जब औद्योगिक विकास होगा तो इससे बेरोजगारी कम होगी, मुद्रास्फीति कम होगी और सकल घरेलू उत्पाद की गति तेज होगी। कुल मिलाकर यह एक अच्छा कदम है, लेकिन इसका असर आने वाले दिनों में ही पता चलेगा। बजट 2025 का विश्लेषण करने के बाद हम कह सकते हैं कि इस बजट में कुछ क्षेत्रों की उपेक्षा की गई है। रसायन एवं उर्वरक, कृषि एवं किसान कल्याण तथा संचार मंत्रालयों पर इस बार ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया तथा उन्हें पिछले वर्ष की तुलना में कम बजट राशि दी गई। जबकि कुछ सब्सिडी में कटौती की गई, जैसे उर्वरक सब्सिडी, कृषि सब्सिडी आदि। इससे पता चलता है कि इस बार सरकार का फोकस किसानों पर नहीं बल्कि आम आदमी पर था। यह समझ में नहीं आता कि खर्च करने की जिम्मेदारी व्ययकारी अर्थव्यवस्था के हाथों में क्यों है, जो बचत को नुकसान पहुंचाती है। जबकि बचत को भारतीय अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा माना जाता है। दरअसल, अतीत में सरकारों ने बचत को बढ़ावा दिया था और लोगों से बचत योजनाओं में निवेश करने को कहा था, जिससे लोगों में बचत की आदत को बढ़ावा मिला था। इसने जीवन बीमा प्रीमियम और आवास ऋण की अदायगी के लिए कटौती का समर्थन किया, तथा आवास ऋण ब्याज में भी छूट दी। अब अचानक ये लाभ वापस ले लिये गये हैं। जिससे करदाताओं को परेशानी हो रही है। जिन लोगों ने जीवन बीमा पॉलिसी खरीदी है और आवास ऋण लिया है। अपेक्षित बजट राजस्व प्राप्ति 409,20,34 (34,20,409) करोड़ रुपये है जबकि अपेक्षित व्यय 255,44,39 (39,44,255) करोड़ रुपये है, जिसके कारण अपेक्षित राजस्व घाटा 846,23,5 (5,23,846) करोड़ रुपये है, जो लगभग 14% है।

## राष्ट्रवादी संस्था पसमांदा मुस्लिम समाज उत्थान समिति संघ की अपील और हर क्षेत्र में जाकर मेहनत का ही परिणाम है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के पसमांदा मुसलमानों ने भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में किया मतदान।

# राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता में लाने में पसमांदा मुसलमानों ने निभाई अहम भूमिका: इरफान अहमद




**नई दिल्ली।** 10 फरवरी 2025 (संवाददाता): करीब 27 साल के वनवास के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। आने वाले दिनों में भाजपा दिल्ली के मुख्यमंत्री की घोषणा करेगी। इस पर प्रसिद्ध राष्ट्रीय सामाजिक एवं कल्याणकारी राष्ट्रवादी संगठन पसमांदा मुस्लिम समाज उत्थान समिति संघ (पंजीकृत) के पदाधिकारियों ने सभी भाजपा नेताओं, विशेषकर दिल्ली के नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस संबंध में पसमांदा मुस्लिम समाज उत्थान समिति संघ (पंजीकृत) के मुख्य संरक्षक एवं विस्तारक इरफान अहमद ने प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को दिए गए एक प्रेस बयान में भारत के प्रधानमंत्री माङ्क नरेंद्र मोदी जी, गृहमंत्री अमित शाह जी, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी, चुनाव प्रभारी जय पांडा जी व भाजपा दिल्ली के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेव जी तथा नई दिल्ली की लोकसभा सांसद, विशेष रूप से मालवीय नगर से विधायक सतीश उपाध्याय, नई दिल्ली से प्रवेश वर्मा एवं मुस्तफाबाद से विधायक मोहन सिंह बिष्ट, संगम विहार से चंदन चौधरी, बवाना से रवीन्द्र कुमार एवं अन्य भाजपा विधायकों को राजधानी की इस शानदार जीत पर बधाई एवं शुभकामनाएं व्यक्त की। आपको बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान पसमांदा मुस्लिम समाज उत्थान समिति संघ ने पूरी दिल्ली के पसमांदा मुसलमानों से भाजपा के उम्मीदवारों को वोट देने की विशेष अपील की थी। दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान समिति की कोर कमेटी की बैठक हुई, जिसमें संरक्षक सरफराज अली, राष्ट्रीय मंत्री अकरम शाह, राष्ट्रीय महामन्त्री फखरुद्दीन सैफी, हाजी कल्लू, मौहम्मद इकबाल, राजिक फशीर्वाला कुरैशी, सुलेमान भाई गढ़या, एहतिशाम भाई आदि ने भाग लिया था। जिसमें पसमांदा मुस्लिम समुदाय से विशेष अपील की गई थी कि इस बार दिल्ली में भाजपा को सत्ता में लाना बहुत जरूरी है, क्योंकि आज भारत के प्रधानमंत्री माङ्क श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और संरक्षण में देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है, लेकिन दुर्भाग्य से पिछले 27 वर्षों में वो काम नहीं हो पाए, जो देश की राजधानी दिल्ली में होने चाहिए थे, जिससे वास्तव में ऐसा लगे कि यह भारत की राजधानी है, जबकि भाजपा के शासन में अन्य प्रांतों में काफी विकास हो रहा है और सभी राज्यों में लोगों के कल्याण और भलाई के लिए कई योजनाएं भी लागू की जा रही हैं। दरअसल भारत सरकार के अधीन केंद्रीय वक्फ परिषद एवं अखिल भारतीय हज समिति के पूर्व सदस्य, रेलवे बोर्ड रेलवे मंत्रालय (पीएसी) के सदस्य रहे तथा भाजपा की ओर से राजधानी के ओखला विधानसभा क्षेत्र से विधायक का चुनाव भी लड़ चुके मौहम्मद इरफान अहमद ने खुशी जाहिर करते हुए ह्यमीडिया के प्रतिनिधियोंह्न से बातचीत में कहा कि दिल्ली की जीत का श्रेय माङ्क श्री नरेंद्र मोदी को जाता है, क्योंकि आज पूरे देश में सबसे बेहतरीन और शानदार विकास कार्य हो रहे हैं और हर वर्ग व हर समुदाय के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है। बहरहाल अब डबल इंजन की सरकार में पूरी दिल्ली चमकेगी, इसका पूरा भरोसा हम आपको देते हैं। अल्हाज इरफान ने आगे कहा कि हमें यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि हमारे संगठन की अपील का बहुत बड़ा असर हुआ, इसलिए पिछड़े पसमांदा मुसलमानों ने भाजपा के उम्मीदवारों को वोट दिया, जो अपने आप में बड़ी बात है। इस बीच पसमांदा मुस्लिम समाज उत्थान समिति संघ के के राष्ट्रीय अध्यक्ष एहसान अब्बासी व अन्य पदाधिकारियों ने भी पत्रकारों से बातचीत में भाजपा व उससे जुड़े सभी विजयी प्रत्याशियों विशेषकर मालवीय नगर से जीते एनडीएमसी के पूर्व वाइस चेयरमैन, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा सतीश उपाध्याय व मुस्तफाबाद से विधायक मोहन सिंह बिष्ट को बधाई दी है।

**अटेली नगर पालिका**

## अटेली में कुल 12 वार्डों में केवल 6331 मतदाता होने के कारण अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार अधिक

# पहली बार अध्यक्ष का चुनाव सीधे लड़ा जाएगा, प्रत्याशियों ने जनसंपर्क अभियान किया तेज

**नारनौल न्यूज)।** अटेली नगर पालिका का चुनावी बिगुल बजते ही यहां अध्यक्ष एवं पार्षद लडने् वाले प्रत्याशियों ने अपना संपर्क अभियान तेज कर दिया है। वहीं इस बार अध्यक्ष का पद पहली बार सीधे मतदाताओं के मत से लड़ा जाना है और अटेली मंडी नगर पालिका के 12 वार्डों में केवल 6331 मतदाता होने के कारण अध्यक्ष पद पर लडने् वाले उम्मीदवारों में खासी रुचि दिखाई पड़ रही है। अटेली मंडी नगर पालिका में कुल 6331 मतों में जातिवार मतों पर ध्यान किया जाए तो यहां लगभग महाजन 1600, जांगड़ा 1300, अहीर 1100, अनुसूचित जनजाति 900, ब्राह्मण 700 और अन्य 700 मतदाता है। अध्यक्ष का पद इस बार जर्नल ओपन है। इसलिए मुख्य मुकाबला महाजन व अहीर के बीच होना है। इससे पूर्व पार्षद के द्वारा भी महाजन व अहीर ही अधिकांश अध्यक्ष के पद पर काबिज रहे हैं। इस बार भाजपा और कांग्रेस ने अध्यक्ष के पद पर अपने सिंबल पर चुनाव लड़ने का निर्णय आजकल में करेंगे। अटेली मंडी नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए अटेली मंडी के बाहर व भीतर की लड़ाई भी जग जाहिर रहती है। अटेली मंडी नगर पालिका के बाहर मतदाताओं की संख्या 3200 के आसपास है। वहीं अटेली मंडी नगर पालिका में भीतर के मतदाताओं की संख्या 3100 की लगभग है। अटेली मंडी नगर पालिका में अध्यक्ष पद की दौड़ में बाहर अश्विनी यादव पूर्व पार्षद, विकास यादव पूर्व अध्यक्ष, वेद प्रकाश शर्मा गिरदावर, धर्मेंद्र कौशिक और अटेली मंडी भीतर अध्यक्ष पद के दावेदारों में संजय गोयल पूर्व पार्षद, भूपेश गुप्ता व दुर्गा प्रसाद गुप्ता और पूव अध्यक्ष जितेन अग्रवाल दौड़ में है।

अटेली मंडी नगर पालिका के 12 वार्डों में वार्ड नंबर 1 में 621 मतदाता है जो बीसी ए महिला है। वार्ड नंबर 2 में 568 मतदाता है यह जनरल ओपन है। वार्ड नंबर 3 में 593 मतदाता है यह जनरल महिला है। वार्ड नंबर 4 में 529 मतदाता जो अनुसूचित जाति महिला है। वार्ड नंबर 5 में 314 मतदाता जो जनरल ओपन है। वार्ड नंबर 6 में 556 मतदाता जो एससी ओपन है। वार्ड नंबर 7 में 827 मतदाता जो जनरल महिला है। वार्ड नंबर आठ में 522 मतदाता जो जनरल ओपन है। वार्ड नंबर 9 में 441 मतदाता जो जनरल ओपन है। वार्ड नंबर 10 में 556 मतदाता जो बीसी बी महिला है। वार्ड नंबर 11 में 429 मतदाता जो जनरल ओपन है। वहीं वार्ड नंबर 12 में 395 मतदाता जो बीसी ए ओपन के लिए आरक्षित है। वार्ड नंबर 7 में सबसे ज्यादा मतदाता है, वहीं वार्ड नंबर 5 में सबसे कम मतदाताओं की संख्या है। अटेली मंडी नगर पालिका के अध्यक्ष पद को लेकर यहां से हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री आरती राव जो अटेली से ही विधायक है। काफी सक्रिय दिखाई पड़ती हैं, वहीं उनके पिता श्री राव इंद्रजीत सिंह केंद्रीय मंत्री को जिनका आशीर्वाद प्राप्त होगा, वहीं भाजपा प्रत्याशी हो सकता है। वहीं भाजपा और संघ के पुराने कदावर नेता व पूर्व

### यह है वार्डों में मतदाताओं की स्थिति

विधायक सीताराम का भी यहां काफी दबदबा है। यही अटेली मंडी में व्यापारी रहे और यहां के लोकल होने और संघ व भाजपा में अपनी मजबूत पकड़ रखते हैं। इसलिए उनका आशीर्वाद भी प्रत्याशी को लेना आवश्यक होगा। इसके अलावा भाजपा के नेता जो राजपुरा गांव से राष्ट्रपाल अरुण गुरु जी का भी यहां अध्यक्ष पद के दावेदार को हराने व जिताने में अहम भूमिका निभाएंगे। अरुण गुरु जी का सभी 12 वार्डों में अपना निजी वोट बैंक है, वहीं इससे पूर्व भी पार्षद बनाने में उनकी अहम भूमिका मानी जाती है। इसके अलावा सुगन चंद सैनी, सुरेश शर्मा यह भी भाजपा और संघ के पुराने नेता हैं जो अटेली मंडी में अपने-अपने वार्डों में अच्छी पकड़ रखते हैं। अटेली मंडी नगर पालिका में भाजपा के आशीर्वाद या टिकट पर लडने् वालों में दुर्गा प्रसाद गुप्ता, विकास यादव, वेद प्रकाश शर्मा गिरदावर, जितेन अग्रवाल व संजय गोयल अपने-अपने आकाओं के चक्कर लगा रहे हैं, वहीं अश्विनी यादव जो पूर्व पार्षद हैं और अटेली मंडी बाहर में काफी पकड़ रखते हैं और मजबूत व दबंग नेता की छवि रखने वाले जिन्होंने किसी पार्टी की कोई टिकट नहीं मांग रहे हैं, जबकि कांग्रेस इनको अपना प्रत्याशी बनाने की पेशकश भी कर चुकी है। अटेली मंडी में पिछली बार जब पार्षदों की खरीद फरोख्त हुई तब अश्वनी यादव की बोली 50 लाख रुपए तक चली गई थी, लेकिन वह 50 लाख रुपए को ठोकर मार कर ईमानदारी पर अडिग रहे और अपने कार्यकाल में दबंग पार्षदों में उनकी गिनती रही। इसलिए जनता उन पर मेहरबान है और वह निर्दलीय ताल ठोकना चाह रहे हैं। संजय गोयल व जितिन अग्रवाल के पिता व दादा जी अध्यक्ष रह चुके हैं। इसलिए संजय गोयल का भी सभी वार्डों में अपना वजूद है। इसी प्रकार जितिन अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष जो लाला परमानंद ली के पोत्र हैं उनकी भी अटेली मंडी में साफ है ईमानदार छवि है। भाजपा कांग्रेस अपना आशीर्वाद किस प्रत्याशी को देंगे यह तो आने वाला समय ही बताएगा। फिलहाल अटेली मंडी के गली, मोहल्लों, चौक, चौराहा पर वार्ड पार्षद व अध्यक्ष के प्रत्याशियों को लेकर चर्चा गर्म है। चुनाव लडने् वाले प्रत्याशी अपनों का मन टटोलने में व्यस्त हैं। अध्यक्ष पद के लडने् वाले प्रत्याशी अपने मतदाताओं को भाजपा नेताओं व कांग्रेस नेताओं के पास गाड़ी भर-भर कर अपनी तारीफें करवा रहे हैं।

## समाचार

### ग्राम चौपाल में पहुंचे अधिकारी, समस्याओं को सुन कर कराया निस्तारण



लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुर /गंगेश्वरी।** सोमवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम गंगेश्वरी में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें अधिकारियों ने पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी तथा उनका निस्तारण करने का प्रयास किया, बता ते चले कि सरकार द्वारा अधिकारियों को गांव-गांव पहुंचकर जन पंचायत जन चौपाल के माध्यम से लोगों की समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए गए हैं जिसके क्रम में सोमवार को हसनपुर एसडीम विभा श्रीवास्तव ने चकबंदी विभाग, आपूर्ति विभाग, विद्युत विभाग, बाल विकास विभाग, विकास विभाग व अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ जन चौपाल के माध्यम से लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना तथा उनका समुचित समाधान करने का प्रयास किया, साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी दी गई।

### मां दुर्गा की मूर्ति स्थापना पर हुए भंडारे में भाजपाइयों सहित विधायक ने किया प्रसाद ग्रहण



लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुर।** सोमवार को क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने विधानसभा क्षेत्र के गांव तिगरिया खादर स्थित मंदिर में मां शेरावाली की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में पहुंचकर माता का आशीर्वाद लिया तथा भंडारे में भाजपायों सहित स्वयं भी प्रसाद ग्रहण किया तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया, उन्होंने कहा कि ईश्वरीय शक्ति का आभार करने से हमारे पाप दोष मुक्त हो जाते हैं और भगवान खुश होकर हमें अच्छे फल तथा अच्छे कार्य करने पर मोक्ष की प्राप्ति देते हैं इसलिए हमें प्रतिदिन ईश्वर में आस्था बनाए रखनी चाहिए, इस दौरान मौके पर मंडल अध्यक्ष राजू राणा, भाजपा नेता अजय पाल, विक्रम महंत, नंदन खड़गवंशी, भोले खड़गवंशी, ओमकारनंद जी, मंगला शर्मा, रमेश ठेकेदार, राजकुमार, टेकचंद सिंह, विष्णु सिंह, महेंद्र सिंह, वीर सिंह, गजेंद्र सिंह आदि सहित दर्जनों भक्त गण उपस्थित रहे।

### सपा नेता पिता/पुत्र व टेंपो चालकों के बीच जमकर हुई मारपीट, शांति भंग में हुआ चालान



लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुर।** सपा नेता एवं उसके पिता तथा टेंपो चालकों के बीच जमकर मारपीट हो गई। वहीं पुलिस ने दोनों पक्षों के चार लोगों के खिलाफ शांति भंग की धाराओं में चालान किया है। सोमवार को नगर के रहरा अड्डे के नजदीक समाजवादी युवजन सभा के जिला अध्यक्ष फैसल अल्वी के पिता रईस अहमद अपनी बुलेट बाइक पर सवार होकर शाहपुर कला की ओर जा रहे थे। वही रहरा अड्डे पर टेंपो स्टैंड के पास टेंपो चालक रिहान टेंपो को बैक कर रहा था। इस दौरान बाइक तथा टेंपो की भिड़ंत हो गई। जिसे लेकर घटना के बाद दोनों पक्षों में तीखी नोंकझोंक हुई। इसके बाद टेंपो चालक एवं सपा नेता के पिता रहीश अहमद के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई। वहीं दोनों पक्षों के अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए, तथा दोनों पक्षों के लोग घायल अवस्था में कोतवाली पहुंच गए और एक दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, वहीं कोतवाली पुलिस का कहना है कि पुलिस ने एक पक्ष के फैसल अल्वी व उनके पिता रहीश अहमद तथा दूसरे पक्ष के टेंपो चालक रिहान तथा आदिल का शांति भंग की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर चालान कर दिया गया तथा चारों को एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया।

### यूपी सरकार का भागीदारी मॉडल बना मिसाल

**लखनऊ, 10 फरवरी।** उत्तर प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने और उनके उत्थान के लिए लगातार नए कदम उठा रही है। इसी कड़ी में समाज कल्याण विभाग और मेटाफर लखनऊ लिटफेस्ट के सहयोग से लखनऊ में सम्पन्न हुए दो दिवसीय ह्यभागीदारी साहित्य उत्सव का आयोजन वंचित समाज के उत्थान में मील का पत्थर साबित होगा। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य वंचित वर्गों के अधिकारों, उनकी भागीदारी और समावेशी विकास को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में प्रतिष्ठित साहित्यकारों, समाजसेवियों और स्वयंसेवी संगठनों के गणमान्यों ने हिस्सा लिया और साहित्य, कला और शिक्षा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन पर मंथन किया। उत्सव में वंचित वर्ग की बुलंद आवाज विषय पर आयोजित चर्चा में समाज के वंचित तबके से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। दलित साहित्य पर केंद्रित सत्रों में साहित्यकारों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भागीदारी मॉडल की तारीफ करते हुए दलित साहित्य की प्रासंगिकता और इसके सामाजिक प्रभावों पर चर्चा की। इस दौरान कई पुस्तकों पर विमर्श किया गया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि साहित्य केवल अभिव्यक्ति का माध्यम ही नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का भी सशक्त उपकरण है। प्रदेश सरकार के सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण की योजनाओं को रेखांकित करते हुए समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि "डबल इंजन की सरकार समाज के हर वंचित वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।" उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि योगी सरकार लगातार उन समुदायों को सशक्त बनाने का कार्य कर रही है, जो लंबे समय से सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े रहे हैं।

## 11 दिन से लापता युवक को अभी तक नहीं तलाश पाई पुलिस, परिजन बेहाल



लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुर।** सोमवार को भी लापता युवक का पुलिस पता नहीं लगा पाई, बताते चले कि पिछले 11 दिन से नगर के मौहल्ला से लापता युवक का पुलिस अभी तक सुराग नहीं लगा सकी है, जिसे लेकर लापता युवक की मां तथा परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बता दे कि सोमवार को नगर के मोहल्ला संभल अड्डा निवासी फरजाना पत्नी याकूब निवासी मोहल्ला होली वाला नई बस्ती मोली कबाड़ी के नजदीक संभल अड्डा नई बस्ती ने बताया कि उसका 18 वर्षीय पुत्र हबीब उर्फ सानू बीती 31 जनवरी 2025 को करीब दोपहर के 12/30 बजे नमाज पढ़ने के लिए कह कर गया था। जो वापस देर शाम तक वापस नहीं आया, जिसे लेकर परिजनों ने जान पहचान तथा सभी रिश्तेदारियों में ढूंढ लिया परंतु उसका कोई सुराग नहीं लग सका। जिसके बाद परिजनों ने थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कर दी और लगातार थाने के चक्कर पर चक्कर लगा रहे हैं। फरजाना का आरोप है कि 11 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस उसके पुत्र हबीब उर्फ सानू का पता नहीं लगा सकी है। और उससे सीडीआर निकलवाने के लिए कहकर टाल मटोल कर रही है, वही परिजनों को किसी अनहोनी की आशंका सता रही है। वहीं पीड़िता ने मांग कर कहा कि उसके पुत्र को जल्द से जल्द सकुशल बरामद किया जाए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## जी जी आई सी हसनपुर में एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाई गई



लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुर।** सोमवार को नगर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती कुमकुम के द्वारा बच्चो को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई, बताते चलें कि वर्ष में दो बार फरबरी ओर अगस्त में कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को गोलियां खिलाने का यह कार्यक्रम आयोजित होता है जिसमे 1 से 19 वर्ष तक के बच्चो को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाती है इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चो को कृमि संक्रमण से बचना है, वही कार्यक्रम की नोडल अध्यापिका शैली राजपूत ने पोस्टर के माध्यम से बच्चो को इस संक्रमण से बचने के उपाय बताए ओर एल्बेंडाजोल की गोली खाने के लिए प्रेरित किया, वही उन्होंने बताया कि खाना खाने से पहले अपने हाथों को अच्छी प्रकार से धोएं,साफ सफाई का ध्यान रखे और दूषित भोजन खाने से बचे। वही विद्यालय में सोमवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा परीक्षा पर चर्चा का सीधा प्रसारण बच्चो को दिखाया गया, इस मौके पर विद्यालय की समस्त शिक्षिकाएं विनीता यादव ,खालिदा नसरीन, कोमल ,सीमा, पुष्पा , कमलेश, आदि मौजूद रही।

## संगम स्नान कर राष्ट्रपति ने की समस्त देशवासियों की सुख, समृद्धि और शांति की प्रार्थना

**महाकुम्भ नगर, 10 फरवरी।** मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन संगम पर एक बार फिर आस्था का महासागर उमड़ा है। महाकुम्भ के इस अलौकिक वातावरण में स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त कर श्रद्धालु खुद को धन्य महसूस कर रहे हैं। सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी इस पावन अवसर का लाभ उठाते हुए संगम स्नान किया और अपनी भावनाएं साझा करते हुए समूचे राष्ट्र की समृद्धि, सुख और शांति की कामना की। त्रिवेणी संगम के पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगाने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने आधिकारिक हैंडल के माध्यम से अपनी भावनाएं साझा कीं।



**महाकुम्भ मानवता को एकता और आध्यात्मिकता का दे रहा संदेश**

उन्होंने कहा, 'प्रयागराज महाकुम्भ के अलौकिक वातावरण में मां गंगा, यमुना और अंतः सलिला सरस्वती के पावन संगम में स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। श्रद्धा और विश्वास का यह विशाल समागम भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत और जीवंत प्रतीक है। महाकुम्भ मानवता को एकता और आध्यात्मिकता का संदेश देता है। मां गंगा से मेरी प्रार्थना है कि वे सब पर अपनी कृपा बनाए रखें और सभी के जीवन में सुख और शांति का संचार करती रहें।

**परिजन भी रहे साथ**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर महामहिम ने संगम स्नान की अपनी तस्वीरें भी साझा कीं, जिसमें वह पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ त्रिवेणी संगम पर पूजा अर्चना और स्नान करती नजर आ रही हैं। त्रिवेणी संगम में स्नान के दौरान उनके परिजन भी साथ रहे। स्नान के बाद राष्ट्रपति ने संगम का दुग्धाभिषेक भी किया और आरती भी उतारी। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर राष्ट्रपति एवं उनके परिवार को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) भी उपहार स्वरूप भेंट किए।

## पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का विशाल भंडारे के साथ हुआ समापन



संवाददाता मंजीत शर्मा

**पीलीभीत पूरनपुर।** मानव कल्याण एवं विश्व शांति हेतु चल रहे पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण यज्ञ का आज यज्ञ एवं विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ। पीलीभीत के थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र की ग्राम पंचायत दुर्जनपुर कला जहूरगंज के प्राचीन श्री राम मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का आज विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ लोगों ने बड़ी संख्या में कार्यक्रम में भाग लिया बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे भंडारे में ग्रामवासी व क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे आपको बताते चलें इस कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन होता आ रहा है इसी श्रृंखला में इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें दूरदराज से आए महात्मा संत एवं क्षेत्रवासी व ग्रामवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे क्या बच्चे क्या बुजुर्ग क्या महिलाएं हैं सभी के चेहरे पर विशेष खुशी देखने को मिली छोटी काशी गोला से आई कथा वाचिका प्रियंका शास्त्री ने श्री राम विवाह का मार्मिक वर्णन किया श्री राम विवाह की कथा को सुनकर श्रोता भाव विभोर हुए इस कार्यक्रम में दूसरे कथावाचक अयोध्या से आए गोपाल दास महाराज भी मौजूद रहे उन्होंने भी श्री राम विवाह का ही वर्णन किया वारी वारी से दोनों वक्ताओं की कथा को श्रोताओं ने बड़े ही मन से सुना तथा शांति व्यवस्था के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ सभी के चेहरे पर विशेष प्रसन्नता देखने को मिली। मानव कल्याण एवं विश्व शांति हेतु चल रहे पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण यज्ञ का आज यज्ञ एवं विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ।

## रिक्त पदों पर पंचायत सहायक एवं सहायिकाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए



लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुर।** सोमवार को नगर के ब्लॉक परिसर में पंचायत सहायक एवं सहायिकाओं के यूनियन अध्यक्ष कृपाल सिंह के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री एवं पंचायती राज मंत्री को पत्र भेज कर मांग करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर नियुक्त पंचायत सहायक, अकाउंटेंट एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर वर्तमान में छह हजार रुपए मासिक मानदेय पर कार्य कर रहे हैं। जबकि यह राशि परिवार के भरण पोषण करने के लिए बहुत कम है। उन्होंने कहा कि एक मनरेगा मजदूर को भी 2 सौ 37 रुपए प्रतिदिन मिलते हैं। जबकि कुशल कार्य करने वाले पंचायत सहायकों को कम वेतन मिल रहा है। उन्होंने मांग कर कहा कि मानदेय बढ़ाकर 26 हजार 9 सौ 10 रुपए प्रति माह किया जाए एवं ग्राम निधि की जगह राज्य पोषित कर अनुबंध प्रणाली को समाप्त कर सेवा नियमावली बनाई जाए। ग्राम पंचायत अधिकारी के रिक्त पदों में पंचायत सहायक एवं सहायिकाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। इस दौरान मौके पर मीनाक्षी, शिवानी, गुलिस्ता, अंजलि, दीपक कुमार, रिंकू सिंह, विवेक कुमार, प्रवीण कुमार, इंदर सिंह, नदीम अली समेत अन्य सहायक एवं सहायिकाएं मौजूद रही।

## उत्तराखंड के सीएम धामी ने परिवार संग संगम में लगाई डुबकी, बोले - प्रयागराज की तरह हरिद्वार में कुम्भ 2027 को बनाएंगे भव्य

**महाकुम्भनगर, 10 फरवरी।** महाकुम्भनगर में आस्था और श्रद्धा का महापर्व चल रहा है, जहां देश-विदेश से श्रद्धालु पुण्य लाभ अर्जित करने के लिए आ रहे हैं। इसी कड़ी में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी सोमवार को परिवार संग त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर मां गंगा, यमुना और सरस्वती को नमन किया। उन्होंने इसे धार्मिक महापर्व बताते हुए कहा कि संगम में डुबकी लगाना अपने आप में बहुत बड़े धर्म का काम है। धामी ने हरिद्वार में 2027 में होने वाले कुम्भ की तैयारियों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरकार अभी से इसकी तैयारी में जुट गई है। जिससे हरिद्वार कुम्भ भी प्रयागराज की तरह ऐतिहासिक और सुविधाजनक बनाया जा सके। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उत्तराखंड सरकार महाआयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए हर



संभव सुविधा उपलब्ध कराएगी। साथ ही आयोजन को भव्य एवं दिव्य बनाया जाएगा। स्नान के दौरान मुख्यमंत्री धामी का पारिवारिक रूप भी देखने को मिला। वह बच्चे के साथ संगम की लहरों में हंसी-ठिठोली करते दिखे।

**धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का संगम**

संगम में स्नान के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बड़े सौभाग्य की बात है कि मुझे भी यहां आस्था की डुबकी लगाने का अवसर मिला। प्रयागराज देश-दुनिया के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यहां आकर मन को असीम शांति और ऊर्जा मिलती है।

**संतों का सानिध्य और आशीर्वाद**

धामी ने महाकुम्भ में पूज्य संत-महात्माओं का आशीर्वाद लिया और कहा कि संत ही समाज की दिशा तय करते हैं। उन्होंने कहा कि हम उनके मार्गदर्शन से ही प्रेरणा लेते हैं और उनके आशीर्वाद से आगे बढ़ते हैं।

## महाकुम्भ की त्रिवेणी में ऑस्ट्रेलियाई दंपति ने लगाई डुबकी, बोले- दुनिया के सबसे बड़े आयोजन के लिए योगी जी को शुभकामनाएं

**महाकुम्भनगर, 10 फरवरी।** सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन महाकुम्भ अपनी दिव्यता और भव्यता के लिए दुनियाभर में चर्चा का विषय बना हुआ है। इसी कड़ी में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के सांस्कृतिक राजदूत और मल्टीकल्चरल प्रोग्राम के हेड डॉ. आशुतोष मिश्रा अपनी पत्नी श्वेता के साथ भारत आए और काशी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन के बाद संगम त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। काशी मूल के दंपति ने इस दौरान कहा कि दुनिया के सबसे बड़े आयोजन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बधाई के पात्र हैं, जो उन्होंने महाकुम्भनगर में दुनिया का सबसे बड़ा आयोजन किया। ऑस्ट्रेलियाई दंपति अपनी शादी की 25वीं वर्षगांठ मनाने भारत पहुंचे और 144 साल बाद आए महाकुम्भ के गवाह बने। उनका कहना है कि बाबा विश्वनाथ की मंगल आरती और संगम में दिव्य स्नान कर हमारा जीवन सफल हो गया है।

**इतनी भव्य व्यवस्था करना आसान नहीं, लेकिन यूपी सरकार ने कर दिखाया**

डॉ. आशुतोष मिश्रा ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व और सौभाग्य की बात है कि हम इस ऐतिहासिक महाकुम्भ का हिस्सा बने। मानवता के इतिहास का सबसे बड़ा आयोजन चल रहा है,



जो 144 साल बाद आया है। इस भव्य आयोजन के लिए उन्होंने केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार को शुभकामनाएं भी दीं। महाकुम्भ में प्रशासन की तैयारियों की सराहना करते हुए डॉ आशुतोष ने कहा कि इतनी भव्य व्यवस्था करना आसान नहीं होता, लेकिन यूपी सरकार ने इसे संभव कर दिखाया।

**काशी दर्शन के बाद संगम में स्नान कर विवाह वर्षगांठ को बनाया यादगार**

डॉ. मिश्रा की पत्नी श्वेता ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ क्वींसलैंड में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि हम दोनों ने अपनी शादी की 25वीं वर्षगांठ भारत में मनाने का निर्णय लिया। कहा, हमने दुनिया के अन्य पर्यटन स्थलों को छोड़कर सबसे पहले बाबा विश्वनाथ की मंगल आरती में शामिल होने और फिर संगम में दिव्य स्नान करने का निश्चय किया। जिसके बाद हमें ऐसा लग रहा है कि जैसे अब हमारा जीवन सफल हो गया है।

# लोगों ने करप्शन फ्री इंडिया अभियान में भरे सत्यनिष्ठा शपथ फॉर्म

## एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया का प्रोजेक्ट




**करनाल बीटू संधू**
**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा करप्शन फ्री इंडिया अभियान के अंतर्गत लोगों से सत्यनिष्ठा की शपथ के फॉर्म भरवाए गए। फाउंडेशन द्वारा मानव सेवा संघ में लगाए गए रक्तदान शिविर में ये प्रोजेक्ट चलाया गया। रक्तदाताओं ने रक्तदान करने के पश्चात सत्यनिष्ठा की शपथ के फॉर्म भरकर करप्शन फ्री इंडिया अभियान में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने की। नैशनल चीफ डायरेक्टर अनिल मदान, नैशनल चीफ डायरेक्टर ह्यूमन राइट्स सेल पवन कुमार कंसल एवं जिला संयोजक करनाल रमा तिवारी में रक्तदाताओं से सत्यनिष्ठा की शपथ के फॉर्म भरवाए। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि फाउंडेशन द्वारा मानव सेवा संघ में लगाए गए रक्तदान शिविर में तीन सो से अधिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में सेंट्रल विजिलेंस कमीशन की सत्यनिष्ठा की शपथ के फॉर्म रक्तदाताओं से भरवाए गए और उन्हें सत्यनिष्ठता की शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन द्वारा ये अभियान सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में चलाया जा रहा है। रक्तदाताओं ने "न रिश्वत लेने न रिश्वत देने, भ्रष्टाचार की घटना की सूचना सम्बंधित एजेंसी को देने, सदैव कानून का पालन करने की शपथ ग्रहण की। उन्होंने कहा कि सत्यनिष्ठा की शपथ के माध्यम से ईमानदारी व सच्चाई से जीवन जीने का संदेश प्रसारित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन लाखों लोगों से सत्यनिष्ठा शपथ के फॉर्म भरवा चुका है, इस अवसर पर मुख्य रूप से आशीष मलिक, पवन शर्मा, अजीत राही, प्रियंका गोयल, राजीव गोयल, सुरेन्द्र मोहन गाबा, के पी अग्रवाल, सावी चौधरी, किरण चड्ढा, अजय चड्ढा, अवतार सिंह तारी , प्रदीप त्यागी, रा?

# जो विद्यार्थी आज में जीयेंगे, अभी में जीयेंगे उनके जीवन में किसी भी तरह की चुनौती नहीं आयेंगी : हरियाणा के उच्च शिक्षा, अभिलेखागार, संसदीय मामले व स्कूल शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा




**करनाल सुखविंदर सोही**
**हरियाणा।** के उच्च शिक्षा, अभिलेखागार, संसदीय मामले व स्कूल शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने सोमवार को राजकीय वरिष्ठद्द माध्यमिक विद्यालय, सिवाह के सभागार में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम 2025 के लाइव कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्कूली बच्चों के साथ की गई वार्ता व सवाल जवाबों को दर्शक बन कर पूरा कार्यक्रम इतमिनान से सुना व बाद में बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक घंटे के इस कार्यक्रम बच्चों को खुला आसमान देने व अच्छी लेखनी के साथ तनाव पूर्ण माहौल से दूर रहकर परीक्षा देने की बात की सराहना की । प्रधानमंत्री ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में बच्चों को समझाया कि चुनौती के पार निकलना है। अच्छी तरह से समय का सदुपयोग करना है। लीडरशीप की भावना के साथ आगे बढना है। सम्मान कमाना है मांगना नहीं है। उन्होंने कहानियों व कुछ उदाहरणों के जरिये भी बच्चों को आने वाली परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि परीक्षा को पार करना है उससे डरना नहीं है। परीक्षा चुनौती जरूर है लेकिन ऐसा नहीं है कि उसे पार नहीं पाया जा सकता। इसके लिए अच्छे प्रबंधन की आवश्यकता है। कभी भी निराशा को साथ नहीं रखना है। तनाव मुक्त होकर परीक्षा देनी है।

# एससी-एसटी विद्यार्थियों का बीएएम, बीएससीएम और बीकॉमएफ पाठ्यक्रमों में निशुल्क दाखिला: डॉ धर्म पाल

## समाज के हर वर्ग तक उच्च शिक्षा पहुंचा रहा इग्नू:- डॉ धर्म पाल



**करनाल सुखविंदर सोही**
**करनाल।** इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया की एससी-एसटी विद्यार्थी जिन्होंने अभी 10+2 की परीक्षा पास की है वे सभी इग्नू के तीन ग्रेजुएशन पाठ्यक्रमों बीएएम, बीएससीएम और बीकॉमएफ कोर्स में निशुल्क दाखिला ले सकते हैं. निशुल्क दाखिले के लिए विद्यार्थी के माता-पिता की वार्षिक आय ढाई लाख रुपये सालाना से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्हें सिर्फ 300 रुपये रजिस्ट्रेशन फीस और 200 रु डेवलपमेंट फीस देनी होगी। इग्नू में दाखिला इग्नू की ऑफिशियल वेबसाइट ignouadmission.samarth.edu.in पर जाकर करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यदि कोई विद्यार्थी नौकरी करते हुए या अपना काम करते हुए उच्च शिक्षा हासिल करना चाहता है तो इग्नू की दूरस्थ शिक्षा प्रणाली ऐसे विद्यार्थियों के लिए एक अवसर की तरह है इग्नू में जनवरी 2025 सेशन के लिए एडमिशन अभी चल रहे है इग्नू के विभिन्न सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन में 300 से अधिक पाठ्यक्रमों में एडमिशन ले सकते हैं। प्रवेश के लिए कोई भी अधिकतम आयु सीमा नहीं है। दाखिले के लिए उम्मीदवारों को फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, शैक्षिक योग्यता के प्रमाणपत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, श्रेणी प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र और बीपीएल प्रमाण पत्र (योग्य होने पर) की स्कैन की गई कॉपी की जरूरत होगी। उम्मीदवारों को आवेदन फॉर्म में अध्ययन का तरीका, प्रोग्राम का प्रकार, मुख्य विषय की जानकारी भरनी होगी। आवेदन फॉर्म में गलती होने पर उसे सुधारने का मौका दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 38 वर्ष पूर्व अपनी स्थापना के बाद से ही इग्नू देश में उच्च शिक्षा के लोकतंत।

# करनाल नगर निगम चुनावों में राजपूत समाज के लोगों को दिया जाए टिकट



**करनाल बीटू संधू**
**करनाल।** लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बाद राजपूत समाज ने एक बार फिर एकजुट होकर निकाय चुनाव में ज्यादा से ज्यादा टिकटों की मांग की है। इस संबंध में राजपूत सभा करनाल के प्रधान डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष बृज गुप्ता से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। प्रधान डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया की नगर निगम के चुनाव 2 मार्च को होने वाले हैं। करनाल नगर निगम में राजपूत समाज के वोट निर्णायक संख्या में है। पहले भी समाज के निगम पार्षद रहे हैं इसलिए भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से आग्रह किया जाता है कि नगर निगम चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी विभिन्न वार्डों में राजपूत समाज के लोगों को टिकट दे ताकि राजपूत समाज को भी प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल सके। बता दें कि भारतीय जनता पार्टी ने जो आवेदन लिए हैं उनमें कई वार्ड से समाज के लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किए हैं। इन आवेदन पर गंभीरता से गौर किया जाए और कम से कम दो से तीन वार्डों में टिकट दिए जाएं। इस अवसर पर भाजपा के जिला प्रभारी भारत भूषण जुयाल, राजपूत सभा के महासचिव एडवोकेट बृजपाल राणा, एडवोकेट मानसिंह राणा, प्रवीण चौहान, अनिल चौहान सहित काफी संख्या में समाज सभा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सुरेन्द्र कौशिक सर्वसम्मति से बने पत्रकार एकता संघ के कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष अश्विनी वालिया







**कुरुक्षेत्र।** पत्रकार एकता संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक सेक्टर 17स्थित संघ कार्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष डी आर भटनागर की अध्यक्षता में हुई. बैठक में कार्यकारिणी और सदस्यों नें सर्वसम्मती से सुरेन्द्र कौशिक को कुरुक्षेत्र जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष डी आर भटनागर नें बताया कि पत्रकार एकता संघ पत्रकारिता की गरिमा, मयार्दा के साथ समाज कल्याण और राष्ट्रवाद की भावना को बढ़ाएगा. उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में आज अनेक चुनोतियाँ हैं, पत्रकारिता का स्वरूप लगातार बदल रहा है। पत्रकार एकता संघ मीडियाकर्मियों की बुलंद आवाज बनेगा. इस दौरान नव नियुक्त जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक नें राष्ट्रीय, प्रदेश कार्यकारिणी और संगठन का आभार जताया. उन्होंने कहा कि वे इस दायित्व को ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन करेंगे.आपको बता दें कि पत्रकार एकता संघ देशभर में एक्टिव एकमात्र ऐसा संगठन है जो पत्रकारों के हित के लिये काम करता है, हरियाणा प्रदेश में अश्वनी कुमार वालिया को लगातार दूसरी बार प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है, अब हरियाणा के सभी जिलों में संगठन गठित करने पर कार्य जारी है. इस दौरान नवनियुक्त कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने राष्ट्रीय अध्यक्ष केडी सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी वालिया, प्रदेश उपाध्यक्ष डी आर भटनागर का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार वालिया, सुशील शर्मा, राजकुमार कौशिक, अजय शर्मा, संजीव गोयल , हरि चनालिया, राजेन्द्र कुमार, गुलशन ग्रोवर, सूरजकमल सेठ, राजेश भटनागर, दलबीर मलिक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# हरियाणा के सहकारी पर्यटन एवं जेल मंत्री डा. अरविंद शर्मा आज आएंगे

## गुरु रविदास जी के जीवन पर आधरित चल समरोह का वतौर मुख्यअतिथि शुभारंभ करेंगे



**करनाल बीटू संधू**
**हरियाणा।** के सहकारी पर्यटन एवं जेल मंत्री डा. अरविंद शर्मा कल 11 फरवरी को करनाल आएंगे। वह यहां पर न्यू रमेश नगर स्थित गुरु रविदास मंदिर में दोपहर 12 बजे गुरु रविदास जी की गुरु रविदास जी की जयंती समारोह के उपलक्ष्य में गुरु रविदास जी के जीवन पर आधरित चल समरोह का वतौर मुख्यअतिथि शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर विधायक जगामेहन आनंद, भाजपा के कार्यकारी जिलाध्यक्ष ब्रज गुप्ता तथा श्री गुरु रविदास सभा के संरक्षक दयाप्रकाश, प्रधान रोहित जोशी मौजूद रहेंगे। श्री गुरु रविदास सभा के प्रधान रोहित जोशी ने सभी से इस कार्यक्रम में उपस्थित रह कर सफल बनानें की अपील की है।

# पत्रकारों ने हरप्रीत सिंह चाना के अध्यक्ष बनने पर जताया भरोसा



**फरीदकोट/कोटकपूरा।** पंजाब चंडीगढ़ पत्रकार यूनियन की इकाई कोटकपूरा की एक विशाल बैठक वरिष्ठ सदस्य मेघराज हुरां की अध्यक्षता में हुई। इसमें यूनियन के पदाधिकारियों एवं लगभग सभी सदस्यों ने भाग लिया।

इस अवसर पर स्पीकर कुलतार सिंह संधवां समेत पंजाब सरकार द्वारा कोटकपूरा इकाई को जारी की गई ग्रांट पर मु य रूप से चर्चा की गई। इस दौरान सभी पदाधिकारियों ने यूनियन को और अधिक सक्रिय बनाने, नए सदस्यों की भर्ती करने तथा उससे संबंधित उपायों व दंडों पर गहन चर्चा की।

संघ के अध्यक्ष हरप्रीत सिंह चाना ने विगत गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्हें प्रत्येक कार्यक्रम के आयोजन में सभी पदाधिकारियों से अपेक्षित सहयोग प्राप्त हुआ है। इसलिए मैंने उन सभी को धन्यवाद दिया। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि संघ के सभी पदाधिकारियों के सहयोग से गतिविधियों को बढ़ाया जाएगा। बैठक में उपस्थित संगठन के पदाधिकारी रशपाल सिंह भुल्लर को आस्ट्रेलिया रवाना होने पर बधाई दी गई।

इस अवसर पर गुरिंदर सिंह कोटकपूरा, मोहर गिल सिरसाड़ी, गुरमीत सिंह मीता, गगनदीप जिंदल, तरसेम चोपड़ा, तरसेम चानना, डा. भावित गोयल, हुकम चंद बीए व मनवर शर्मा ने सर्वस मति से हरप्रीत सिंह चाना की अध्यक्षता में विश्वास व्यक्त किया। अंत में मेघराज ने बैठक में आए सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद किया।

# जनता ने दिल्ली में खिलाया विश्वास का कमल : राजेंद्र संधू

## दिल्ली के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा की जनकल्याणकारी और विकासात्मक परियोजनाओं को समझा



**करनाल बीटू संधू**
**दिल्ली।** विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत से नेताओं व पार्टी कार्यकताओं में खुशी का माहौल है। लड्डू बांटकर व ढोल नगाड़े बजाकर जश्र मनाया जा रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं किसान मोर्चा निवर्तमान प्रदेश महामंत्री राजेंद्र संधू ने प्रचंड जीत पर बधाई देते हुए कहा कि भाजपा पार्टी ने दो तिहाई बहुमत हासिल करके इतिहास रच दिया है। भारतीय जनता पार्टी ने मजबूती के साथ दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ा है। इस प्रचंड जीत का श्रेय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शीर्ष नेतृत्व व हर छोटे बड़े कार्यकताओं को जाता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने भाजपा पार्टी को बहुमत से जीत दिलाकर नरेंद्र मोदी की गारंटी पर विश्वास जताया है। जनता ने दिल्ली में विश्वास का कमल खिलाया ह। दिल्ली की जनता ने बहुमत दिलाकर साबित कर दिया है कि दिल्ली का भविष्य भाजपा जैसी पार्टी के हाथों में ही सुरक्षित हो सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दिल्ली को ही नहीं बल्कि लोगों के दिलों को भी जीत लिया है। इससे पूरे देश में जश्र का माहौल है। दिल्ली के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकासात्मक परियोजनाओं को समझा है। संधू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास और तरक्की के क्षेत्र में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। जिस तरह से भाजपा पार्टी ने हरियाणा सहित अन्य क्षेत्रों में विकास करवाकर लोगों को इसका लाभ दिया है। दिल्ली में भी उसी तर्ज पर काम किया जाएगा।
10 केएनएल 01

## न्यूज डायरी

### दसवीं का छात्र ऑनलाइन ट्रेनिंग लेकर घर पर ही बनाता था कट्टे, गिर तार



**फिरोजपुर** पंजाब के जालंधर में कमिश्नरेट पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम ने 10वीं कक्षा में पढ़ने वाले एक नाबालिग को देसी पिस्तौल के साथ गिर तार किया है। पकड़े गए नाबालिग से कुल 10 देसी पिस्तौल बरामद की गई हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी लोगों को देसी पिस्तौल सप्लाई करने के लिए इलाके में घूम रहा है। क्राइम ब्रांच की टीम ने जाल बिछाकर घास मंडी के पास से आरोपी को गिर तार कर लिया। नाबालिग कोट मोहल्ला का रहने वाला है। उसे जल्द ही कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। जालंधर कमिश्नरेट पुलिस के स्पेशल सेल के इंचार्ज रविंदर कुमार ने बताया- हमें सूचना मिली थी कि शहर का एक युवक अवैध देसी कट्टे बनाने का धंधा करता है और वह शहर में इसकी सप्लाई करता है। उक्त सूचना के आधार पर नाबालिग को गिर तार किया गया। इसके बाद पुलिस ने जाल बिछाया और जालंधर के कोट मोहल्ला निवासी नाबालिग छात्र को गिर तार कर लिया। नाबालिग लंबे समय से इस धंधे में संलिप्त है। उसके आगे-पीछे के कनेक्शन का पता लगाया जा रहा है।

### लाखों की धोखाधड़ी करने पर केस दर्ज

**समाना** गांव बटूहा खुर्द जिला संगरूर ने पुलिस के पास दर्ज कराई गई शिकायत में कहा है। गांव गाजेवास निवासी राजदीप सिंह पुत्र गुरजंट सिंह ने उसके बैंक में जाली हस्ताक्षर कर अपना मोबाइल नंबर उसके खाते से लिंक करा लिया। जिसके बाद राजदीप सिंह ने उसके खाते से 26 लाख 50 हजार रूपए निकाल कर धोखाधड़ी की है। सदर पुलिस ने मामले की जांच करते राजदीप सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी करने का केस दर्ज कर लिया है।

### ज्ञानी रणजीत सिंह ने बाबा फरीद जी के दरबार में माथा टेका



**फरीदकोट** पवित्र शहर फरीदकोट में, जहां बाबा शेख फरीद जी की चरण स्पर्श की गई थी, गुरुद्वारा श्री बंगला साहिब, दिल्ली टिल्ला के हेड ग्रंथी ज्ञानी रणजीत सिंह ने बाबा फरीद जी को नमन किया। इस अवसर पर बाबा फरीद धार्मिक एवं शैक्षणिक संस्थाएं फरीदकोट के अध्यक्ष स. सिमरजीत सिंह सेखों ने उनका हार्दिक स्वागत किया। सोसायटी के प्रशासक एवं कोषाध्यक्ष स. गुरिंदर मोहन जी ने उन्हें स. इंद्रजीत सिंह खालसा द्वारा लिखित पुस्तकें बाबा फरीद और फरीदकोट को भेंट की गईं तथा टिल्ला बाबा फरीद जी के हेड ग्रंथी द्वारा उन्हें एक सिरोपा भेंट किया गया। इस अवसर पर स. बाबू सिंह बराड़ भी उपस्थित थे। ज्ञानी रणजीत सिंह ने बाबा फरीद जी के प्रति अपनी पूर्ण श्रद्धा प्रदर्शित करते हुए कहा कि बाबा फरीद जी के इस पवित्र स्थान पर आकर उन्हें बहुत खुशी महसूस हो रही है।

### जगजीत सिंह डल्लेवाल का आमरण अनशन 76वें दिन दातासिंहवाला-खनौरी किसान मोर्चे पर जारी



**पातडां** किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का आमरण अनशन 76वें दिन दातासिंहवाला-खनौरी किसान मोर्चे पर जारी रहा। उनकी मेडिकल सहायता पिछले 6 दिन से बंद है क्योंकि उनकी नसें ब्लॉक हो गई हैं और डॉक्टरों को ड्रिप लगाने के लिए नस नहीं मिल रही है। जगजीत सिंह डल्लेवाल जी की सेहत को लेकर देश चिंतित है। उनके अनशन ने किसान आंदोलन में नई जान फूंकी है और आंदोलन फिर चर्चा में आ गया है। इस बीच, 11 फरवरी को रत्नपुरा मोर्चे पर आयोजित किसान महापंचायत की तैयारी के लिए पतली, बुध्वाली, चकहीरा, सिंहवाला, नुकेरा, हरिपुरा, भगतपुरा आदि गाँवों का दौरा कर के किसानों को महापंचायत में पहुंचने का न्यौता दिया गया। 12 फरवरी को दातासिंहवाला-खनौरी एवं 13 फरवरी को श भू मोर्चों पर देशभर से किसान एवं किसान नेता पहुंचेंगे।

### आशा किरन स्पेशल स्कूल में आयोजित फैशन शो में बालीवुड स्टार बने छात्र स मानित



**होशियारपुर ( तरसेम न्यूज)।** जेएसएस आशा किरन स्पेशल स्कूल जहानखेला में आशादीप वैलफेयर सोसाइटी के पुर्व प्रधान एडवोकेट हरीश चंद्र औरी की तरफ से फैशन शो में भाग लेने वाले छात्रों जो कि बालीवुड स्टार बने को स मानित किया गया और 11 हजार रुपए की राशि भेट की गई। इस समारोह में स्कूल के सभी छात्रों ने भाग लिया, इस समागम में बच्चों के परिवारिक सदस्य भी पहुंचे। समागम के दौरान प्रधान सीए तरनजीत सिंह, सेक्रेटरी हरबंस सिंह, हरीश ठाकुर, कर्नल गुरमीत सिंह, परमजीत सिंह सचदेवा, हरमेश तलवाड़, राम आसरा, राम कुमार शर्मा, लोकेश खन्ना, मलकीत सिंह महेड़ू, बलजीत सिंह महेड़ू, रिपजीत कौर, मधूमीत कौर, अनिता तलवाड़ की तरफ से हरीश चंद्र ऐरी और उनकी पत्नी कृष्णा कुमारी ऐरी का धन्यवाद किया गया।

### टीबी पीड़ितों के लिए संतुलित खुकार की किटें भेंट की गई



**मलोट** सरकारी अस्पताल मलोट में टीबी रोग के इलाज अधीन मरीजों के लिए संतुलित भोजन की किटें देने की सेवा हर महीने समाज सेवियों द्वारा शुरू की गई है। स्वर्गवासी कुलदीप सिंह बावा जी की 32वीं पुण्य तिथि के अवसर पर बावा परिवार द्वारा यह सेवा निभाई गई। जानकारी देते हुए समाज सेवी संस्थाओं के समन्वयक मनोज असीजा ने बताया कि सरकारी अस्पताल में इलाज अधीन टीबी पीड़ित मरीजों के लिए हर महीने समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से संतुलित भोजन की किटें देने की सेवा निभाई जा रही है। इसी कड़ी के तहत आज बावा परिवार के सदस्यों माता श्रीमती नरेश कुमारी बावा (धर्मपत्नी स्व.श्री कुलदीप सिंह बावा) पूर्व सीएचटी लेक्चरार संजीव बावा,पूर्व सचिव एडवर्डगंज समिति के श्री राजीव बावा,श्रीमती प्रिन्सी बावा,सीए सुखजिंदर बावा,गौरव बावा द्वारा यह सेवा निभाई गई और आने वाले छह महीने दवा के कोर्स पूरा होने तक दानी सज्जनों के सहयोग से यह सेवा जारी रहेगी। इस मौके पर सरकारी अस्पताल मलोट के एसएमओ डॉ.सुनील बांसल,टीबी रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर सुनील अरोड़ा,डॉक्टर इंदू गुप्ता, एमडी डॉक्टर सुखनप्रीत,सिस्टर रेनूं और स्वास्थ्य कार्यकर्ता नरिंदर आदि उपस्थित थे। इस दौरान एसएमओ डॉ.सुनील बांसल द्वारा बावा परिवार का इस परोपकारी सेवा के लिए धन्यवाद किया गया।

# जेएमके स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन



**पठानकोट।** जेएमके इंटरनेशनल स्कूल की ओर से शनिवार को बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी आयोजित की गई। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल नीति कोच्चर ने की। पार्टी के दौरान स्टाफ व विद्यार्थियों की ओर से स्कूल डायरेक्टर तान्या सूद और प्रिंसिपल नीति कोच्चर को गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया गया।

इसमें छात्र युवराज सैनी को मिस्टर जेएमके, चारू को मिस जेएमके, तनिष्क महाजन को मिस्टर कॉन्फिडेंट और एंजेला प्रधान को मिस कॉन्फिडेंट, वहीं मृत्युंजय महाजन को मिस्टर बेस्ट ड्रेस्ड और सिया शर्मा को मिस बेस्ट ड्रेस्ड के टैग से नवाजा गया। वहीं इस बार स्कूल ने तरल महाजन को स्टूडेंट ऑफ द ईयर का टैग से नवाजा गया। स्कूल डायरेक्टर तान्या सूद ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से बच्चों में आपसी एकता बढ़ती है। इसके अलावा बच्चों में शिष्टाचार का विकास भी होता है। फेयरवेल पार्टी से बच्चों को अपन सीनियर्स का स मान करने की प्रेरणा मिलती है। वहीं प्रिंसिपल नीति कोच्चर ने विद्यार्थियों द्वारा दी गई प्रस्तुति की तारिफ की और उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने स्कूल के बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को स्कूली शिक्षा के बाद उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर वाइस-प्रिंसिपल अंजू शर्मा, कोऑर्डिनेटर अजय वर्मा, कोऑर्डिनेटर शीतल शर्मा मौजूद थे।

CMYK

# सड़क किनारे खड़ी बाइक में तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, दो युवक घायल

■ जालौन-उरई



सड़क किनारे खड़ी बाइक में तेज रफ्तार कार के चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में गांव के ही दो युवक घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी से उच्च संस्थान रेफर किया गया। पिता ने हादसे की सूचना कोतवाली में दी है।

माधौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसा दो गड़ी निवासी नितेश सिंह (19) पुत्र विजय सिंह व उसका चचेरा भाई सत्यभान सिंह (20) पुत्र रामवीर सिंह किसी काम के चलते जालौन आए थे। रात करीब आठ बजे जब वह जालौन से वापस अपने गांव लौट रहे थे। तभी सुड़ार गांव पर मंदिर के पास उन्हें गांव का ही युवक मनीष सिंह पुत्र रमेश सिंह मिल गया। सड़क किनारे बाइक खड़ी करके वह दोनों गांव के युवक से बातचीत करने लगे। तभी जालौन की ओर से जा रही तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़ी बाइक समेत नितेश सिंह व मनीष सिंह को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि सत्यभान बाल बाल बच गया। राहगीरों ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सीएचसी पहुंचाया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना नितेश की पिता विजय सिंह ने कोतवाली में दी है।

# अवैध खनन व ओवरलोडिगं को लेकर एसडीएम ने चलाया चेकिंग अभियान

■ जालौन-उरई

अवैध खनन व ओवरलोडिगं को लेकर एसडीएम ने सुबह उरई मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान टीम ने बालू के चार ओवरलोड डंपर बिना प्रपत्र के पकड़ लिए। जिन्हें कोतवाली में खड़ा कराया गया। साथ ही इसकी जानकारी खनन विभाग व परिवहन विभाग को दी गई है।

एसडीएम विनय मौर्य को लगातार सूचना मिल रही थी कि नगर से होकर बालू के ओवरलोड ट्रकों का संचालन हो रहा है। जिसका संज्ञान लेकर एसडीएम ने रविवार की सुबह करीब पांच बजे उरई मार्ग पर अकोड़ी दुबे से देवनगर चौराहे तक ओवरलोड वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। चेकिंग के दौरान टीम ने बालू के लदे चार ओवरलोड डंपरों को पकड़ा है। पकड़े गए डंपर चालकों से जब आवश्यक प्रपत्र मांगे तो वह खनिज रायल्टी के प्रपत्र नहीं दिखा पाए। आवश्यक कागजात न मिलने पर एसडीएम ने डंपरों को कोतवाली में खड़ा करा दिया है। साथ ही पकड़े गए ट्रकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए परिवहन विभाग व खनन विभाग को सूचना दी गई है।

# 21 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



उरई। जनपद पुलिस द्वारा वान्छित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में विभिन्न थानो की जनपद जालौन पुलिस द्वारा 21 अभियुक्तों को अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया, इन अभियुक्तों में कोर्ट से वांछित शातिर आपराधिक किस्म के अभियुक्त थे, पुलिस ने अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

## संक्षिप्त समाचार



### चौथे दिन का मैच प्रधान इलेवन व जिया टेलेंट के बीच खेला गया, प्रधान इलेवन ने 91 रन के बड़े अंतर से जीता

**जालौन-उरई।** नगर के छत्रसाल मैदान पर चल रहे जेपीएल के दूसरे सीजन में चौथे दिन का मैच प्रधान इलेवन व जिया टेलेंट के बीच खेला गया। जिसे प्रधान इलेवन ने 91 रन बड़े अंतर से जीत लिया। जालौन प्रीमियर लीग के चौथे दिन के मैच का टॉस प्रधान इलेवन ने जीतकर पहले बल्लेबाजी को चुना। छत्रसाल मैदान पर चल रहे जालौन प्रीमियर लीग का दूसरी पाली का मैच प्रभाकर एकेडमी उरई और दतिया के बीच खेला गया। प्रधान इलेवन की शुरूआत काफी अच्छी रही। मैच में पारस कुमार ने शानदार बल्लेबाजी का नजारा पेश किया। उन्होंने 29 गेंदों में 10 चौके और एक छक्के की मदद से 64 रनों की पारी खेली। उनका इस टूर्नामेंट में पहला अर्द्धशतक भी रहा। इसके अलावा हिमांशु ने 14 गेंद में 29 रन व करन तोमर के 19 गेंदों में 22 रनों की पारी से प्रधान इलेवन ने 9 विकेट खोकर 184 रनों का स्कोर बनाया। जबाव में दूसरी पारी में खेलने उतरी जिया टेलेंट की टीम रनों के दबाव में नजर आई। कोई भी खिलाड़ी खुलकर नहीं खेल सका। कप्तान अभिषेक गुर्जर ने सर्वाधिक 23 रन की पारी खेली। टीम के सभी बल्लेबाज 15 ओवर में 93 रन बनाकर आउट हो गए। प्रधान इलेवन ने यह मैच शानदार 91 रनों से जीत लिया। इससे पूर्व हुए मैच में समथर की टीम ने 20 ओवर में 130 रन बनाए। समथर के खिलाड़ी सुमित मेहरौलिआ ने सर्वाधिक 43 रन बनाए। जवाब में 130 रनों का लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रभाकर एकेडमी की टीम सधी हुई बल्लेबाजी करते हुए धीरे धीरे लक्ष्य की ओर बड़ रही थी। लेकिन अंतिम ओवरों में रनगति तेज करने के चक्कर में उसने अपने सभी विकेट गिरा दिए। समथर ने प्रभाकर एकेडमी उरई को आठ रनों से हरा दिया।

### भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की यादगार में हुआ कार्यक्रम

**कालपी-उरई।** देश की राजनीति में दलित, पिछड़े,वंचित शोषित समाज के लिए सदैव संघर्षरत रहने वाले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व भारत रत्न से सम्मानित जननायक श्रद्धेय  कर्पूरी ठाकुर ने देश हित में अभूतपूर्व योगदान दिया।  समाजसेवी संस्था जननायक कर्पूरी सेना के राष्ट्रीय प्रमुख डा.श्याम नारायण सिंह के संयोजकत्व में महर्षि वेद व्यास नगरी ग्राम मदारपुर मैँ आयोजित कार्यक्रम में संगठन के संरक्षक न्यायमूर्ति डा.आई एम कुद्दूसी के द्वारा जननायक ड़र्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। ग्राम मदारपुर में आयोजित कार्यक्रम में संगठन के बुंदेलखंड प्रमुख अखिलेश कुमार सिंह ने  जननायक की मूर्ति अनावरण के लिये पृष्ठभूमि तैयार की गयी।विशिष्ट अतिथि के रूप मैँ पधारे आई पी एस डा.अनिल कुमार प्रथम व डा. बी पी अशोक ने जननायक जी के संघर्ष और आदर्शो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें उच्च शिक्षा ग्रहण कर संविधान मैँ मिले अधिकारों को जानना और समझना चाहिये और रूड़िवादी परम्पराओं और अंध विश्वास को अलविदा कह देना चाहिए तभी हम अपनी आने वाली युवा पीड़ी और देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा पाएंगे। और जननायक के सपनों को साकार कर पायेंगे। कार्यक्रम में अतिथियों ने आश्वशत किया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखें संगठन आपके साथ सदैव खड़ा है और खड़ा रहेगा वहीं कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय प्रमुख डॉ.श्याम नारायण  सुमित सचान,राष्ट्रीय प्रमुख संजय यादव,राष्ट्रीय अध्यक्ष छात्र सभा आदित्य कुमार सिंह, कानपुर मण्डल राष्ट्रीय प्रमुख सुनील कठेरिया, युवा राष्ट्रीय प्रमुख एडवोकेट रोहित कुमार सिंह,जीवन लाल बौद्ध,सरोज कुमार बौद्ध,विश्वनाथ प्रसाद, प्रधानाचार्य सरस्वती ज्ञान मन्दिर वीरपाल सिंह यादव, समाजसेवी माता प्रसाद निषाद ,किशन बाबा,मोहनलाल निषाद,प्रेम चंद, रमेश पाल, कटोरी लाल, छोटेलाल, अनुपम, निर्भय पाल, बाबू, उमेश, भूपेंद्र, राजू, लाल सिंह निषाद, महिला समाजसेवी मोहतरमा शायरा बानो, महिमा श्रीवास्तव सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### 151 मीटर चुनरी व 351 कलश यात्रा आज

**जालौन-उरई।** 10 फरवरी दिन सोमवार को 151 मीटर चुनरी व 351 कलश यात्रा सुबह आठ बजे बड़ी माता मंदिर परिसर से शुरू होगी। जो नगर के विभिन्न मंदिरों से होकर पैदल अकोड़ी दुबे स्थित मां कामांक्षा देवी मंदिर पहुंचेगी। यह जानकारी मां नवदुर्गा सेवा समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह यादव ने देकर भक्तों से अपील की है कि सभी श्रृद्धालु महिला पुरुष समय पर बड़ी माता मंदिर में पहुंचकर यात्रा में सहयोग करें।

### बोरिंग के पाइप रखने को लेकर तीन लोगों के बीच हुआ विवाद

**जालौन-उरई।** बोरिंग के पाइप रखने को लेकर तीन लोगों के बीच हुए विवाद का मामला कोतवाली पहुंचा। पुलिस ने तीनों के खिलाफ कार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रावतान निवासी मोहित, सचिन व धीरेंद्र के बीच बोरिंग के पाइप रखने को लेकर विपद हो रहा था। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद गाली, गलौज और मारपीट तक पहुंच गया। जब तीनों के बीच बात नहीं बनी तो तीनों कोतवाली पहुंच गए। जहां पुलिस ने तीनों के खिलाफ कार्रवाई की है।

### न्यायालय सुरक्षा में लगे अधिकारी व कर्मचारीगण के साथ गोष्ठी की

**उरई।** पुलिस अधीक्षक डा दुर्गेश कुमार द्वारा पुलिस लाईन उरई सभागार कक्ष में न्यायालय सुरक्षा में लगे अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शेखपुर बुजुर्ग में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन, 54 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण




■ जालौन-उरई

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शेखपुर बुजुर्ग में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें 54 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवा वितरित की गई।

रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शेखपुर बुजुर्ग में किया गया। इसमें विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मेले में शुगर, उच्च रक्तचाप, मलेरिया आदि की जांच की गई। इसके अलावा स्वास्थ्य कार्ड का पंजीकरण, वितरण व टीकाकरण किया गया। चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव दुबे ने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग से संबंधित सेवाएं जैसे मातृ-शिशु कल्याण, जननी सुरक्षा योजना, टीकाकरण, परिवार नियोजन, संचारी व गैर संचारी रोगों से संबंधित सेवाएं प्रदान करना व उनका प्रचार-प्रसार करना है। एक ही स्थान पर मिलने वाली विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ग्रामीणों को लेना चाहिए। मेले के दौरान 54 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवा वितरित की गई। स्वास्थ्य मेले में डॉ. अमित सिंह, अवधेश राजपूत, एलटी ज्ञानेंद्र, धनपत, हरीनारायण आदि ने सहयोग किया।

# शराब के नशे में गाली-गलौज व मारपीट की

**जालौन-उरई ।** शराब के नशे में चौराहे पर आने जाने वाले लोगों से गाली, गलौज व मारपीट की सूचना पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरही निवासी राकेश कुमार किसी निमंत्रण में आया था। शनिवार की रात वह पंडित दीन दयाल उपाध्याय चौराहे पर शराब के नशे में खड़ा होकर आने जाने वाले लोगों के साथ गाली, गलौज कर रहा था। जब कुछ लोगों ने रोकने की कोशिश की वह मारपीट करने लगा। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

# हुनर का महासंग्राम सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभाओं का हुआ सम्मान समारोह

■ जालौन-उरई




हुनर का महासंग्राम सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभाओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम डीडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रिटायर्ड सीएमओ डॉ. एमपी सिंह ने कहा कि प्रतियोगिताएं बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए मील का पत्थर साबित होती हैं। समय समय पर ऐसे आयोजनों से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना बड़ती है। विशिष्ट अतिथि कृपा शंकर खत्री ने कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल छात्रों की प्रतिभा को उजागर करती हैं बल्कि यह हमें अपने ज्ञान और समझ को विकसित करने के लिए प्रेरित करती है। डॉ. मुकेश साहनी ने कहा कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों में आत्मविश्वास बड़ता है। अधिवक्ता जितेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि बच्चों की मेहनत और लगन से ही उन्हें सफलता मिली है। इसी तरह मेहनत करते रहें और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करते रहें। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी बृजेश श्रीवास्तव ने कहा कि प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चों में अपने ज्ञान को बड़ाने की प्रेरणा मिलती रहती है और वो पूरी लगन से पड़ाई करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. हरेंद्र सिंह राजपूत प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए सभी को बधाई दी और आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में शीर्ष तीन विजेता छात्रों में अमन गुप्ता, सचिन गुप्ता व प्रांजल कुशवाहा क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। विजेताओं को शील्ड व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर आयोजक राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के कार्यकारी नगर अध्यक्ष शकील अहमद अंसारी, पर्यवेक्षक डॉ. संगीता मिश्रा, बृजेश श्रीवास्तव, अभिषेक पुरवार, मंजेश कुशवाहा, पूनम पांचाल, फायजा खान, नीलम श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव, कुनाल कुशवाहा, संजेश कुशवाहा, प्रीतम कुशवाहा, मु. बिलाल अंसारी, अनुज द्विवेदी, अमित दीक्षित, कन्हैया शर्मा, अखिलेश कुमार, रवि कुमार, हमजा खान, अंशु अवस्थी, गौरव तिवारी, रिया तिवारी, गोपाल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# गल्ला व्यापार संघ के प्रदेश अध्यक्ष का गल्ला व्यापारियों ने किया स्वागत

■ कोंच



गल्ला मंडी आए गल्ला व्यापार संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप महेश्वरी का कोंच अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल और मंत्री विजल अग्रवाल रोहन की अगुवाई में गल्ला व्यापारियों ने तिलक कर और फूल माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप महेश्वरी ने उपस्थित गल्ला व्यापारियों की व्यापार से जुड़ी समस्याओं को सुना। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि व्यापार से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र ही निस्तारण कराये जाने के लिए सक्षम अधिकारियों से लेकर शासन स्तर पर बात रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि देश की मजबूत अर्थव्यवस्था में व्यापारियों की अहम भूमिका रहती है। व्यापारियों के मान सम्मान की लडाई हर स्तर पर लड़ी जाएगी और व्यापारियों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने स्थानीय स्तर पर गल्ला व्यापार के बारे में भी व्यापारियों से जानकारी ली। वहीं आगामी 12 फरवरी से उरई स्थित गल्ला मंडी में आयोजित की जा रही श्रीमदभागवत कथा में कथावाचक शांतिदूत देवकी नंदन महाराज के श्रीमुख से कथा का श्रवण करने के लिए अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का भी स्थानीय व्यापारियों से आह्वान किया। इस मौके पर अजय गोयल, केशव बबेले, राकेश अग्रवाल, राहुल तिवारी, जयप्रकाश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, अंशुल मिश्रा आदि गल्ला व्यापारी मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत महिलाओं को किया जागरूक



■ उरई

मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जनपद जालौन की महिलाओं/बालिकाओं को पुलिस और सरकार की तरफ से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं आदि की जानकारी दी जा रही है । महिलाओं/बालिकाओं को नारी सुरक्षा/मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न हेल्प लाइन नम्बर वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे जानकारी देते हुए 24 घण्टे पुलिस सहायता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया जा रहा है तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, जरूरी सूचनाओं, कल्याणकारी योजनाओं एवं सुरक्षा संबंधी जानकारियों सहित बुकलेट/पैम्पलेट आदि भी वितरित किये जा रहे हैं ।

# उप चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल

## प्रधान पद पर चार ने नामांकन पत्र दाखिल किए

■ कोंच

विकास खंड क्षेत्र कोंच के 2 गांवों में प्रधान और वार्ड सदस्यों के रिक्त चल रहे पदों पर उपचुनाव के लिए शनिवार को खंड विकास कार्यालय में नामांकन दाखिल किए गए। सुनाया प्रधान पद पर 4 लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं जबकि ग्राम चांदनी में दो वार्डों में रिक्त पदों के लिए केवल 2 ही नामांकन पत्र भरे गए जिसके चलते वे निर्विरोध निर्वाचित होना तय है।ब्लॉक कार्यालय कोंच में निर्वाचन अधिकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ अमरेंद्र कुमार पौत्स्यायन की देखरेख में सुबह 10 बजे नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई जो शाम 4 बजे तक चली। ग्राम पंचायत सुनाया में रिक्त हुए प्रधान पद के लिए 4 लोगों दिलीप कुमार, रामपाल सिंह, मानवेंद्र सिंह व गिरिजाशंकर ने नामांकन दाखिल किए हैं। ग्राम पंचायत चांदनी में दो वार्ड सदस्यों के रिक्त पदों पर नामांकन पत्र भरे गए। वार्ड नंबर एक के लिए रामबहादुर का अकेला नामांकन दाखिल हुआ तथा वार्ड नंबर 5 के लिए भी एकल नामांकन रूमा देवी ने दाखिल किया। वार्ड सदस्यों पर एकल नामांकन आने के कारण उनके निर्विरोध निर्वाचित होने  का रास्ता साफ हो गया है।

गौरतलब हो कि ब्लॉक कोंच की ग्राम पंचायत सुनाया के प्रधान योगेंद्र सिंह की सरकारी नौकरी लग गई है जिसके चलते उन्होंने पिछले दिनों ही प्रधान पद से इस्तीफा दे दिया था। ग्राम पंचायत चांदनी में वार्ड नंबर 1 के सदस्य विकास झा की एक दुर्घटना में मौत हो गयी थी एवं वार्ड नंबर 5 की बुजुर्ग महिला पंचायत सदस्य कृष्ण कुमारी का स्वाभाविक निधन हो जाने के कारण यह दोनों पद खाली पड़े थे।

# बल्दाऊ धर्मशाला मे चल रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता को एसडीएम ने परखा

■ कोंच



धर्मादा रक्षिणी सभा द्वारा संचालित बलदाऊ मंदिर एवं धर्मशाला में चल रहे निर्माण कार्य का उपजिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। एसडीएम ने निरीक्षण कर जेई और ठेकेदार को मानक एवं गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य कराये जाने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानक और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य न करने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। ज्ञात हो कि बीते रोज धर्मादा रक्षिणी सभा के मंत्री विनोद दुबे लौना वाले ने जिलाधिकारी को संबोधित एक शिकायती पत्र एसडीएम को दिया था। शिकायती पत्र में उन्होंने बताया था कि सांसद निधि से करीब 14 लाख रुपये की लागत से बल्दाऊ धर्मशाला में कक्षों का जो निर्माण कार्य कराया जा रहा है उसमें मानक और गुणवत्ता का जरा भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है और न ही संस्था को स्टीमेट की कॉपी उपलब्ध करायी जा रही है। मंत्री ने जांच कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराये जाने की एसडीएम से मांग की थी।

# मारपीट की घटना में घायल महिला ने पुलिस से की कार्रवाई की मांग

■ कोंच



मारपीट की घटना में घायल हुई महिला ने पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की है।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला नया पटेल नगर एट रोड निवासिनी पूनम देवी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि बच्चों के बीच हुए विवाद में पड़ोसी परिवार के महिला और पुरुष सदस्यों ने घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की जिससे वह घायल हो गयी। उक्त घटना को लेकर प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय का कहना है कि घायल महिला को मेडीकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। घटना की जांच की जा रही है जिसके बाद वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। उधर, उक्त महिला रविवार को कोतवाली के गेट पर पहुंची और चीखते चिल्लाते हुए पुलिस पर कार्यवाही न करने और रुपये मांगने का आरोप लगाने लगी।

# आप संयोजक आतिशी मार्लेना को हराने की कोशिश कर रहे थे लेकिन खुद हार गए : अनुराग

## कहा, दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी की अंदरूनी फूट सामने आई



एजेंसी

**लखनऊ।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और हिमाचल प्रदेश के भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाया कि वह दिल्ली की निवर्तमान मु यमंत्री आतिशी मार्लेना को हराने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन खुद हार गये।

उन्होंने यह भी कहा कि आप की अंदरूनी फूट सामने आ गई है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत के बाद आतिशी मार्लेना के डांस वाले 'लीक' वीडियो क्लिप के बारे में पूछे जाने पर अनुराग ठाकुर ने 'पीटीआई-भाषा' और 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ÷अरविंद केजरीवाल की राजनीति देखिए, अन्ना हजारे के कंधों पर चढ़कर वह राजनीति में आए, उन्होंने उन्हें ही खत्म कर दिया। केजरीवाल ने अपनी पार्टी बना ली, फिर उन्होंने अपनी पार्टी के संस्थापक सदस्यों को खत्म कर दिया।'उन्होंने कहा, '' अरविंद केजरीवाल की टीम पूरी ताकत से (केजरीवाल सरकार के) मंत्रियों को खत्म करने में लगी थी। (दूसरों को खत्म करते-करते) केजरीवाल खुद खत्म हो गए।'ठाकुर ने कहा, ÷आतिशी का नाम चुनाव बैनर, पोस्टर और पूरे चुनाव प्रचार से हटा दिया गया। उन्हें उनके विधानसभा क्षेत्र में हराने की कोशिश की गई और जब ऐसा नहीं हुआ, तो छाती पर नाच हुआ। कहीं न कहीं, आप (आम आदमी पार्टी) की अंदरूनी फूट उभर कर सामने आई है।'ठाकुर ने कहा कि आतिशी अन्य दिल्लीवासियों की तरह पूर्व मु यमंत्री और पूर्व उपमु यमंत्री की हार पर अपनी ÷खुशी÷ व्यक्त कर रही थीं।

### आतिशी ने मु यमंत्री पद से इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मु यमंत्री आतिशी ने विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) की करारी हार के एक दिन बाद रविवार को उपराज्यपाल वी के सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया। अधिकारियों ने बताया कि आतिशी ने राज निवास में सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंपा। आम आदमी पार्टी को भले ही विधानसभा चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा लेकिन आतिशी अपनी कालकाजी सीट बचाने में सफल रहीं। उपराज्यपाल कार्यालय ने कहा कि सक्सेना ने निवर्तमान मु यमंत्री को नयी सरकार के गठन तक पद पर बने रहने को कहा है।



भाजपा नेताओं के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अगले सप्ताह विदेश दौरे से लौटने के बाद भाजपा सरकार बनाने का दावा पेश कर सकती है। राज निवास ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट किया, ''माननीय उपराज्यपाल वी के सक्सेना को आज मु यमंत्री आतिशी का इस्तीफा मिला। उन्होंने नयी सरकार के गठन तक उन्हें (आतिशी) अपने पद पर बने रहने को कहा है।'

### दिल्ली चुनावः कांग्रेस के 67 नेताओं समेत 80 प्रतिशत उ मीदवारों की जमानत जब्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा की तीन सीट छोड़कर सभी 67 सीट पर कांग्रेस उ मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। कुल मिलाकर दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ने वाले 80 प्रतिशत उ मीदवारों (निर्दलीय समेत) की जमानत जब्त हो गई। राष्ट्रीय राजधानी में पांच फरवरी को हुए मतदान के बाद शनिवार को परिणाम जारी किए गए, जिसमें आम आदमी पार्टी (आप), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके सहयोगी दल जनता दल (यूनाइटेड) और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सभी उ मीदवार अपनी जमानत बचाने में कामयाब रहे। दिल्ली में कुल 699 उ मीदवारों ने चुनाव लड़ा था, जिनमें से 555 (79.39 प्रतिशत) प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई है। कांग्रेस के लिए यह बहुत ही परेशान करने वाली स्थिति है कि वह न केवल लगातार तीसरी बार एक भी सीट नहीं जीत पाई बल्कि उसके 67 उ मीदवारों की जमानत भी जब्त हो गई। राष्ट्रीय राजधानी की सत्ता में लगातार तीन बार 2013 तक शासन करने वाली कांग्रेस ने सभी 70 निर्वाचन क्षेत्रों में उ मीदवार खड़े किए थे। कांग्रेस के केवल तीन उ मीदवार अपनी जमानत बचाने में कामयाब रहे जिसमें कस्तूरबा नगर से अभिषेक दत्त, नांगलोई जाट से रोहित चौधरी और बादली से देवेंद्र यादव शामिल हैं।

### गाजा के प्रमुख गलियारे से इजराइली सेना की वापसी शुरू

**तेल अवीव।** हमास के साथ युद्ध विराम समझौते के तहत इजराइली सेना ने गाजा के एक प्रमुख गलियारे से हटना शुरू कर दिया है। इजराइली अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। युद्धविराम समझौते के एक भाग के रूप में इजराइल ने नेत्ज़ारिम गलियारे से अपनी सेनाएं हटाने पर सहमति व्यक्त की थी। यह एक भू-पट्टी है जो उत्तरी गाजा को दक्षिणी गाजा से अलग करती है। इजराइली अधिकारी ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर यह बात कही, क्योंकि उन्हें मीडिया के साथ सैन्य टुकड़ियों की आवाजाही पर चर्चा करने का अधिकार नहीं था। इजराइल ने युद्ध विराम की शुरुआत में फलस्तीनियों को युद्धग्रस्त उत्तरी क्षेत्र में अपने घरों की ओर जाने के लिए नेत्ज़ारिम पार करने की अनुमति देना शुरू कर दिया था। इसके अलावा क्षेत्र से सेनाओं की वापसी समझौते के प्रति एक और प्रतिबद्धता को पूरा करेगी। यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि रविवार को इजराइल ने कितने सैनिक वापस बुलाये थे। बयालीस दिवसीय युद्ध विराम अभी अपने आधे पड़ाव पर है और दोनों पक्षों को इसे बढ़ाने के लिए बातचीत करनी है।

## न्यूज डायरी

### मु य निर्वाचन अधिकारी ने केजरीवाल के दावों को खारिज किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मु य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने रविवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल के उन आरोपों के बारे में कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है, जिसमें उन्होंने नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं को धमकाने और परेशान करने का आरोप लगाया है। स्वतंत्र पर्यवेक्षकों और पुलिस कार्रवाई के लिए केजरीवाल के अनुरोध के जवाब में, दिल्ली के सीईओ कार्यालय ने एक पत्र में आप नेता को सूचित किया कि मामले की समीक्षा जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) और दिल्ली पुलिस द्वारा की गई थी, हालांकि ''अधिकांश मामलों में कोई लिखित शिकायत नहीं मिल सकी।' इससे पहले दिन में केजरीवाल ने मु य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) को पत्र लिखकर आप कार्यकर्ताओं की सुरक्षा और भाजपा समर्थकों द्वारा हमलों को रोकने में कथित रूप से विफल रहने वाले पुलिस अधिकारियों को निलंबित करने का आग्रह किया था। हालांकि, सीईओ के पत्र में इस बात पर जोर दिया गया कि ''ऐसे सभी मामलों की जांच कानून और निर्वाचन आयोग के मानदंडों के अनुसार की जाती है और ऐसे मामलों में आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार उचित कार्रवाई या तो शुरू की जाती है या अनुशंसित की जाती है।' सीईओ ने आश्वासन दिया कि चुनाव संबंधी शिकायतों का निपटारा आयोग के 'सी-विजिल' पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है।

### कांग्रेस दिल्ली में आप के साथ गठबंधन के लिए तैयार थी, केजरीवाल ने इनकार कर दियाः कर्रा

**श्रीनगर।** कांग्रेस की ज मू-कश्मीर इकाई के अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा ने रविवार को कहा कि कांग्रेस दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन के लिए तैयार थी लेकिन इसके संयोजक अरविंद केजरीवाल ने इनकार कर दिया। कर्रा ने यहां कहा, ''कांग्रेस गठबंधन के लिए हमेशा से तैयार थी लेकिन वह अरविंद केजरीवाल हैं जिन्होंने गठबंधन का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया। वह मिलकर चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं थे।'कांग्रेस नेता ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे चिंताजनक हैं लेकिन यह स्पष्ट है कि कोई भी विपक्षी गठबंधन कांग्रेस के बिना अधूरा होगा। उन्होंने कहा, ''इस पूरी प्रक्रिया से एक बात जो उभरकर सामने आई है, वह यह है कि जहां तक 'इंडिया' गठबंधन का सवाल है, मुझे लगता है कि यह सभी घटकों के लिए एक संदेश है कि कांग्रेस के बिना आप कुछ नहीं कर सकते।' कांग्रेस नेता ने कहा कि दिल्ली चुनाव का नतीजा केजरीवाल की हार है।

### संविधान को कमजोर करने के प्रयास कर रही भाजपा नीत केंद्र सरकारः प्रियंका गांधी

**वायनाड (केरल)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए रविवार को आरोप लगाया कि इतिहास में पहली बार कोई सरकार देश के संविधान और लोकतंत्र दोनों को कमजोर करने के प्रयास कर रही है। एरनाड विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के बूथ स्तर के नेताओं को संबोधित करते हुए वायनाड की सांसद प्रियंका ने कहा, ""यह शायद हमारे देश के इतिहास में पहली ऐसी सरकार है जो संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने के प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, ""आपको यह समझना चाहिए कि आज हम जो लड़ाई लड़ रहे हैं, वह सिर्फ हमारी अपनी राजनीति और विचारधारा की लड़ाई नहीं है, बल्कि भारत ने जो कुछ भी हासिल किया है उसे बचाने की लड़ाई है। वायनाड की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दूसरे दिन, प्रियंका ने मानव-पशु संघर्ष के मुद्दे पर बात करते हुए कहा कि वह केंद्र और राज्य सरकार को, अधिक धन आवंटित करने के लिए पत्र लिखेंगी क्योंकि प्रभावी सुरक्षा उपायों के लिए पर्याप्त धन की आवश्यकता है। बैठक के बाद मानव-पशु संघर्ष के मुद्दे पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे को एक बार पहले भी उठा चुकी हैं और आगे भी उठाती रहेंगी। उन्होंने कहा कि यह ऐसा मुद्दा है जिस पर हमें गौर करने की जरूरत है, यह एक जटिल मुद्दा है क्योंकि इसका कोई आसान समाधान नहीं है। निश्चित रूप से, मैं जितना संभव होगा उतना दबाव डालूंगी।

### 'लाडकी बहिन' के लाभार्थियों की सं या घटी, अपात्रों से पैसे वापस नहीं लिए जाएंगेः मंत्री

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार की प्रमुख योजना 'मु यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना' की लाभार्थियों की सं या घटकर पिछले महीने 2.41 करोड़ रह गई, क्योंकि विभिन्न कारणों से पांच लाख महिलाएं अपात्र पाई गई हैं। दिसंबर 2024 में लाभार्थियों की सं या 2.46 करोड़ थी। महिला एवं बाल विकास विभाग के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने कहा है कि पिछले वर्ष जुलाई से दिसंबर के बीच इन महिलाओं के खातों में कुल मिलाकर 450 करोड़ रुपये अंतरित किए गए, लेकिन यह राशि वापस नहीं ली गई है और राज्य सरकार का ऐसा करने का कोई इरादा भी नहीं है। इस योजना के तहत 21-65 आयु वर्ग की उन महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह सहायता राशि दी जाती है, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 2.5 लाख रुपये से कम है। पात्रता की अन्य शर्तों में चार पहिया वाहन न होना और परिवार का कोई भी सदस्य सरकारी सेवा में न होना शामिल है।

## 'भारतीय मिशनों, चौकियों का व्यापक सुरक्षा आकलन किया जाना चाहिए'

समिति ने नए मिशन स्थापित करने में आने वाली चुनौतियों को स्वीकार किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संसद की एक समिति ने अनुशंसा की है कि विदेश मंत्रालय (एमईए) को विभिन्न देशों में भू-राजनीतिक स्थिति, संभावित खतरों और समस्याओं को ध्यान में रखते हुए भारत के सभी मिशनों का ÷व्यापक सुरक्षा आकलन÷ करना चाहिए। विदेश मामलों की समिति ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि फिलहाल 42 देशों में भारत के रेजिडेंट मिशन नहीं हैं।

नए मिशन स्थापित करने में आने वाली चुनौतियों को स्वीकार करते हुए, समिति ने ÷इनसे निपटने के प्रयासों में तेजी लाने की अनुशंसा की, विशेष रूप से उन देशों में जहां भारत के महत्वपूर्ण आर्थिक या रणनीतिक हित हैं या बड़ी सं या में प्रवासी रहते हैं। विदेश मंत्रालय की अनुदान मांगों (2024-25) पर विदेश मामलों की समिति की चौथी रिपोर्ट पिछले सप्ताह संसद में पेश की गई। इस समिति के अध्यक्ष कांग्रेस सांसद शशि थरूर हैं। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि उसने नए मिशनों की स्थापना के लिए ÷मानदंडों पर भी गौर किया है÷, जो आर्थिक साझेदारी, रणनीतिक सहयोग, प्रवासी संबंध और बहुपक्षीय कूटनीति पर केंद्रित हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, ÷समिति को फुकुओका (जापान), कजान (रूस) और येकातेरिनबर्ग (रूस) जैसे अन्य रणनीतिक स्थानों में मिशनों को संचालित करने के लिए जारी प्रयासों और यूरोप, लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई क्षेत्रों में पांच मिशन खोलने की भविष्य की योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई है। संसदीय समिति ने भू-राजनीतिक स्थिति और अन्य कारकों के मद्देनजर विदेश में भारतीय मिशनों की सुरक्षा समेत कई अन्य सिफारिशें की हैं।

## सेना को संवैधानिक सीमाओं में लौटना चाहिए : इमरान खान

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने रविवार को सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को एक खुला पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने सेना की गैरकानूनी कार्रवाइयों और राजनीति में इसकी भागीदारी की आलोचना की। इमरान खान ने सेना से ''अपनी संवैधानिक सीमाओं में लौटने'' का आग्रह किया। खान ने 'एक्स' पर साझा किए गए पत्र में जेल में दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है, जिसमें उन्हें 20 दिन तक मौत की सजा वाली कोठरी में एकांत कारावास में रखा गया, जहां सूर्य की रोशनी या बिजली की सुविधा भी नहीं थी। खान एक वर्ष से अधिक समय से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। यह पत्र उनके तीन फरवरी के पहले पत्र के बाद आया है, जिसमें उन्होंने सेना से राष्ट्रीय सुरक्षा और शासन के प्रति अपने दृष्टिकोण की समीक्षा करने का आग्रह किया था।

## विकसित भारत की महायात्रा में किसान की भूमिका को कोई कुंठित नहीं कर सकताः जगदीप धनखड़

कहा, किसान के हाथों में राजनीतिक ताकत और आर्थिक योग्यता

एजेंसी

**जयपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि विकसित भारत की महायात्रा में किसान की भूमिका को कोई कुंठित नहीं कर सकता।

उन्होंने कहा कि किसान के हाथों में राजनीतिक ताकत और आर्थिक योग्यता है, उसे किसी की मदद का मोहताज नहीं होना चाहिए। चित्तौडगढ़ में अखिल मेवाड़ क्षेत्र जाट महासभा को स बोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि किसान की आर्थिक स्थिति में जब उत्थान आता है तो देश की व्यवस्था में उद्धार आता है। बाकी किसान दाता है, किसान को किसी की ओर नहीं देखना चाहिए, किसी की मदद का मोहताज किसान नहीं होना चाहिए, क्योंकि किसान के



सबल हाथों में राजनीतिक ताकत है, आर्थिक योग्यता है। उन्होंने कहा, कुछ भी हो जाए, कितनी बाधाएं आएं, कोई भी अवरोधक बने, आज के दिन विकसित भारत की महायात्रा में किसान की भूमिका को कोई कुंठित नहीं कर सकता। आज की शासन व्यवस्था किसान के प्रति नतमस्तक है।उपराष्ट्रपति ने 25 साल पहले हुए जाट आरक्षण आंदोलन के दिनों को याद करते हुए कहा, मैं यहां 25 साल बाद आया हूं, 25 साल पहले इसी जगह पर एक बहुत अच्छा काम हुआ था। सामाजिक न्याय की लड़ाई की शुरुआत हुई थी, जाट और कुछ जातियों को आरक्षण मिले।' उन्होंने कहा ,''यह शुरुआत 1999 की थी, समाज के प्रमुख लोग यहां उपस्थित थे। मैं भी उनमें एक था। आज उसके नतीजे देश और राज्य की प्रशासनिक सेवाओं में मिल रहे हैं।' उन्होंने कहा कि उसी आरक्षण का जिनको लाभ मिला है, आज वो सरकार में प्रमुख पदों पर हैं। धनखड़ ने कहा, '' उनसे मेरा आग्रह रहेगा कि वे पीछे मुड़कर जरूर देखें और कभी नहीं भूलें कि इस समाज के सहयोग की वजह से, इस समाज के प्रयास से हमें सामाजिक न्याय मिलाज्ज्। वैसे जब भी कोई आंदोलन होता है, खास तौर से आरक्षण से जुड़ा हुआ। लोग हिंसक हो जाते हैं। पर इस पावन भूमि पर मेरा सिर गर्व से ऊंचा है कि दुनिया के लिए हमारा आंदोलन सामाजिक न्याय का सबसे बड़ी मिसाल है। कहीं कोई अव्यवस्था नहीं हुई, कहीं कोई हिंसा नहीं हुई।

## सरकार ने निर्वासित भारतीयों के साथ अमेरिका के व्यवहार पर 'आपत्ति' का संज्ञान लियाः मनोहर लाल

104 अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर अमेरिकी सैन्य विमान 5 फरवरी को अमृतसर में उतरा था

एजेंसी

**भोपाल।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने रविवार को कहा कि सरकार ने हाल ही में अमेरिका से अवैध भारतीय प्रवासियों को वापस भेजने के तरीके पर ''सभी की आपत्तियों'' का संज्ञान लिया है। अमेरिका द्वारा अवैध भारतीय प्रवासियों को सैन्य विमान में 40 घंटे की उड़ान के दौरान हथकड़ी लगाकर वापस भेजे जाने को लेकर विरोध जताया गया है। 104 अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर अमेरिकी सैन्य विमान 5 फरवरी को अमृतसर में उतरा था।

भारत ने शुक्रवार को कहा कि उसने हथकड़ी लगाकर अवैध प्रवासियों को वापस भेजे जाने के मुद्दे पर अमेरिका के समक्ष चिंता व्यक्त की है। इसने यह भी कहा कि इस तरह के व्यवहार से बचा जा सकता था। खट्टर ने कहा, ''अमेरिका ने पहले भी लोगों को (भारत) निर्वासित किया है। इस बार, सभी को तरीके पर आपत्ति थी, इसका (आपत्ति) संज्ञान लिया गया है और इस मुद्दे को बातचीत से सुलझाया जाएगा। यह मुद्दा किसी भी देश के लिए अच्छा नहीं है और सरकार इस पर उचित विचार करने के बाद आगे चर्चा करेगी।' केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों



के मंत्री ने कहा कि लगातार मांग की जा रही है कि देश में रह रहे (अवैध प्रवासियों को) निर्वासित किया जाए। उन्होंने कहा, ''इसके (निर्वासन) लिए एक औपचारिकता होती है, इसकी अपनी संवेदनशीलता भी होती है कि इसे कब, कैसे और किस तरीके से किया जाए।'यहां संवाददाता स मेलन के दौरान मंत्री से सवाल किया गया था कि जब अमेरिका लोगों को निर्वासित कर सकता है, तो पड़ोसी बांग्लादेश के अवैध प्रवासियों को वापस क्यों नहीं भेजा जा रहा है, जो भारत पर आर्थिक बोझ हैं। खट्टर ने कहा कि यह एक गंभीर समस्या है और लोगों को अवैध रूप से किसी भी देश में नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''चाहे हमारे लोग जाएं या दूसरे देशों के लोग यहां आएं, जब ऐसी चीजें होती हैं, तो सभी देश निर्वासन में लिप्त होते हैं। हमने असम से भी कई लोगों को निर्वासित किया है।'

## दिल्ली चुनाव में भाजपा का मत प्रतिशत 13 अंक बढ़ा और 'आप' का 10 अंक घटा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पिछले 10 वर्षों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का मत प्रतिशत लगभग 13 अंक बढ़ा है जबकि इसी अवधि के दौरान 'आप' का मत प्रतिशत लगभग 10 अंक कम हुआ है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा और आम आदमी पार्टी (आप) के मतों में मात्र दो प्रतिशत का अंतर रहा।





भाजपा ने राष्ट्रीय राजधानी में 70 में से 48 सीट जीतकर सत्ता हासिल कर ली है तथा 'आप' को 22 सीट पर जीत मिली। भाजपा ने 26 साल से अधिक समय बाद राष्ट्रीय राजधानी की सत्ता में वापसी की है। दिल्ली में कांग्रेस लगातार तीसरी बार एक भी सीट नहीं जीत सकी। 'आप' को 43.57 प्रतिशत मत मिले, जो 2020 के चुनाव में 53.57 प्रतिशत से कम है। वर्ष 2015 के विधानसभा चुनाव में उसे 54.5 प्रतिशत मत मिले थे। ऐसा शायद पहली बार है कि कोई पार्टी 40 प्रतिशत मत प्राप्त करने के बाद भी चुनाव हार गई। वर्ष 2020 और 2015 में 'आप' ने क्रमशः 67 और 62 सीट हासिल करके भारी जनादेश हासिल किया था। भाजपा ने 45.56 प्रतिशत मत हासिल किये और 48 सीट जीतीं। भाजपा का मत प्रतिशत 2020 के चुनाव में मिले 38.51 प्रतिशत और 2015 के चुनाव में हासिल 32.3 प्रतिशत के मुकाबले बढ़ा है। वर्ष 1998 से 2013 तक 15 साल तक दिल्ली में सत्ता में रही कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली और उसे 6.34 प्रतिशत मत मिले।

## एयरो इंडियाः एयर चीफ मार्शल सिंह और थल सेनाध्यक्ष उपेन्द्र द्विवेदी ने तेजस में उड़ान भरी

एयरो इंडिया 2025 आज से शुरू होकर 14 तक चलेगा

एजेंसी

**बेंगलुरु।** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह और थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने रविवार को येलहांका स्थित वायुसेना अड्डे पर हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस में उड़ान भरकर भव्य एयरो इंडिया-2025 की रूपरेखा तैयार की। शीर्ष अधिकारियों की तेजस में यह उड़ान यहां सोमवार से शुरू हो रहे इस द्विवार्षिक भव्य कार्यक्रम की पूर्व भूमिका थी। एयरो इंडिया 2025 सोमवार से शुरू होकर 14 फरवरी तक चलेगा।

जब एयर चीफ मार्शल ने सेना प्रमुख के साथ तेजस को उड़ाया तो सभी की निगाहें आसमान की ओर लगी रहीं। सफल उड़ान के बाद जनरल द्विवेदी ने इस अनुभव को



उनके जीवन का सबसे अच्छा पल बताया। जनरल द्विवेदी ने पत्रकारों को बताया, ÷यह मेरे जीवन का सबसे अच्छा पल था और जैसा कि आप जानते हैं कि एयर चीफ मार्शल और मैने साथ में कोर्स किया है। हम एनडीए (नेशनल डिफेंस एकेडमी) के दिनों से साथ हैं। काश कि वह मुझसे पहले मिलते और मैं निश्चित रूप से वायुसेना में जाता। जैसा कि मैंने पहले भी कहा है, अगर मैं वायुसेना में जाता तो मैं लड़ाकू पायलट होता। उन्होंने कहा, ÷और मैं यह जरूर कहना चाहूंगा कि आज से एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह मेरे गुरु हैं, क्योंकि उन्होंने मुझे आसमान में रहते हुए बहुत सी भूमिकाएं और अन्य गतिविधियां करने को कहा। सेना प्रमुख ने कहा कि उन्होंने उड़ान का आनंद लिया क्योंकि यह एक बड़ी चुनौती थी। उन्होंने कहा कि मैं भारतीय वायुसेना का बहुत आभारी हूं और वायुसेना के पायलट जिस तरह की चुनौतियों को स्वीकार करते हैं उसके लिये मुझे उनकी प्रशंसा करनी चाहिए और इसके लिए हम सभी की ओर से एक महान तालमेलपूर्ण दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है।

# बिजनेस प्लस

## सऊदी अरब की 63 अरब डॉलर की परियोजना में भारतीय निवेशकों की है गहरी दिलचस्पी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब की 63 अरब डॉलर की गीगा परियोजना 'दिरियाह' में निवेश करने में कई भारतीय कंपनियों ने गहरी रुचि दिखाई है। यह बात इसके मु य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जेरी इंजेरिलो ने कही। दिरियाह को 'पृथ्वी का शहर' कहा जा रहा है। इसे सऊदी अरब की राजधानी रियाद के बाहरी इलाके में बनाया जा रहा है और इसमें एक लाख लोगों के लिए घर और एक लाख से अधिक लोगों के लिए कार्यालय स्थान होगा। इस नए



शहर में 40 से अधिक लक्जरी होटल, 1,000 से अधिक दुकानें, 150 से अधिक रेस्तरां और कैफे, एक विश्वविद्यालय, कला और सांस्कृतिक संपत्तियां, संग्रहालय, एक ओपेरा हाउस, 20,000 सीटों वाला बहुउद्देशीय कार्यक्रम स्थल, एक गोल्फ कोर्स और एक अंतरराष्ट्रीय घुड़सवारी और पोलो केंद्र सहित अन्य सुविधाएं शामिल होंगी। इस 63.2 अरब डॉलर की रियल एस्टेट विकास और पर्यटन परियोजना का उद्देश्य आधुनिक सऊदी साम्राज्य के ऐतिहासिक जन्मस्थान को पुनर्स्थापित करना है और इस स्थल में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल अत-तुरैफ भी शामिल है। इंजेरिलो ने पीटीआई-भाषा से कहा, दिरियाह में हम सऊदी अरब के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक के रूप में भारत के प्रभाव को बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं।

## छह कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.18 लाख करोड़ बढ़ा

### सबसे अधिक लाभ एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल को हुआ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,18,151.75 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल को हुआ।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 354.23 अंक या 0.45 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का नि टी 77.8 अंक या 0.33 प्रतिशत के लाभ में रहा। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और बजाज फाइनेंस के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई, जबकि जबकि टाटा



कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के मूल्यांकन में गिरावट आई। इन चारों कंपनियों को कुल मिलाकर 1.15 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 32,639.98 करोड़ रुपये बढ़कर 13,25,090.58 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारती एयरटेल ने सप्ताह के दौरान 31,003.44 करोड़ रुपये जोड़े और इसकी बाजार हैसियत 9,56,205.34 करोड़ रुपये हो गई। बजाज फाइनेंस का बाजार मूल्यांकन 29,032.08 करोड़ रुपये बढ़कर 5,24,312.82 करोड़ रुपये पर और इन्फोसिस का मूल्यांकन 21,114.32 करोड़ रुपये बढ़कर 7,90,074.08 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 2,977.12 करोड़ रुपये बढ़कर 17,14,348.66 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 1,384.81 करोड़ रुपये बढ़कर 8,87,632.56 करोड़ रुपये रहा।

### दिल्ली प्रदूषण संकट का टिकाऊ समाधान प्रदान कर सकती है सीबीजी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण एक गंभीर समस्या बन चुका है और इसे हल करने के लिए कृषि अवशेषों (जैसे फसल की पराली) का बेहतर तरीके से प्रबंधन करना जरूरी है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कंप्रेस्ड (संपीड़ित) बायोगैस (सीबीजी) पराली जलाने और वाहनों से होने वाले उत्सर्जन दोनों से निपटने में एक स्थायी समाधान प्रदान करती है। नोमुरा रिसर्च इंस्टिट्यूट कंसल्टिंग एंड सॉल्यूशंस इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, गर्मियों में दिल्ली के प्रदूषण में वाहनों का योगदान 20 प्रतिशत है।

संपादकीय

# दिल्ली में बीजेपी

**दिल्ली** का का चुनाव परिणाम जहां अरविंद केजरीवाल के लिए चिंतन का विषय है, वहीं कांग्रेस को चिंता करने की जरूरत है। कांग्रेस इससे संतुष्ट नहीं हो सकती कि उसकी वजह अरविंद केजरीवाल सत्ता से बाहर हो गए।

**केजरीवाल और उनके सिपहसालार संतुष्ट थे कि फ्री दी जाने वाली बिजली, पानी, शिक्षा और चिकित्सा के बदले वोटर एक बार फिर उनकी झोली वोटों से भर देंगे।**

अगर कांग्रेस यह कह कर संतोष कर रही है कि आप ने हरियाणा, राजस्थान और गोवा में अपने उम्मीदवार खड़े करके कांग्रेस को हरवा दिया था, दिल्ली में इसका बदला ले लिया गया है, यह नकारात्मक राजनीति है। दिल्ली में कांग्रेस का महज 6 प्रतिशत वोट हासिल हुआ है। कहा जाता है कि मुसलमानों का झुकाव कांग्रेस की ओर हो रहा है, लेकिन 12 अल्पसंख्यक बाहुल्य सीटों में कोई सीट कांग्रेस नहीं जीत पाई। इसका मतलब यह है कि मुसलमानों को भी कांग्रेस आश्वस्त नहीं कर पाई कि वह भाजपा का मुकाबला कर सकती है। कांग्रेस को अपनी अल्पसंख्यक नीति के बारे में फिर से विचार करना चाहिए? कांग्रेस कैसे अल्पसंख्यकों का फिर से समर्थन हासिल करें इसके बारे में गहन विश्लेषण की आवश्यकता है। भारतीय जनता पार्टी की जीत में अरविंद केजरीवाल की नाकामी छिपी है। केजरीवाल और उनके सिपहसालार संतुष्ट थे कि फ्री दी जाने वाली बिजली, पानी, शिक्षा और चिकित्सा के बदले वोटर एक बार फिर उनकी झोली वोटों से भर देंगे। अगर फ्री की बात है तो भाजपा ने एक के बाद एक संकल्प पत्रों में फ्री का पिटारा खोल दिया था। जनता को भाजपा का ऑफर ज्यादा अच्छा, इसलिए उसने उसे कबूल कर लिया। फ्री की लत जनता को लग चुकी है। यह महाराष्ट्र में दिखा, मध्य प्रदेश में दिखा। दिल्ली में पहले सही जारी है। दिल्ली में सभी राजनीतिक दलों ने बहुत कुछ फ्री देने का ऐलान किया था, लेकिन ऑफर भाजपा का मंजूर किया। इसकी वजह है। दिल्ली का वोटर लोकसभा में भाजपा और विधानसभा में आप को वोट देता रहा है। लोकसभा में उसे हिंदुत्व याद रहता है, विधानसभा में अरविंद केजरीवाल की फ्री योजनाओं का लाभ लेने के लिए उन्हें वोट देता था। अब की बार दोनों चीजें भाजपा से मिल रही हैं। इसलिए अरविंद केजरीवाल का साथ छोड़ दिया। अरविंद केजरीवाल भले ही सत्ता से बाहर हो गए हैं, लेकिन एक मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने के लिए 22 सीटें दे दी हैं। लेकिन इन 22 में अरविंद केजरीवाल खुद, मनीष सिसोदिया, सोमनाथ भारती, सत्येंद्र जैन जैसे दिग्गज नहीं है। जाहिर है, भाजपा का मुकाबला करने के लिए दूसरे विधायक कमजोर साबित हो सकते हैं।

पाठकवाणी

## बीजेपी की ऐतिहासिक जीत

भाजपा ने 27 साल के वनवास से निजात पाकर दिल्ली में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। यह बीजेपी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि भाजपा ने इस बार रिकार्ड मतों से जीतने वाली आम आदमी पार्टी को हराकर दिल्ली की सत्ता पर कब्जा किया है। दिल्ली के मतदाताओं की भी तारीफ करनी होगी जिन्होंने पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का काम किया है। अब दिल्ली वालों को डबल इंजन की सरकार मिलेगी। दिल्ली वालों उम्मीद करते हैं कि उप राज्यपाल और दिल्ली सरकार में कोई टकराव नहीं होगा और केंद्र सरकार से भी भरपूर सहयोग मिलेगा। अब बीजेपी के लिए चुनौती होगी कि दिल्ली में सीवरेज सिस्टम को ठीक किया जाए, जल निकासी को ठीक किया जाए, दिल्ली के सड़कों को ठीक किया जाए, कानून व्यवस्था को ठीक किया जाए। बीजेपी सरकार को सोचना होगा कि कूड़ा निस्तारण प्रबंधन और कूड़े के पहाड़ों को कैसे खत्म किया जाए। दिल्ली में सभी सड़कों के फुटपाथों पर पर अतिक्रमण है। आम आदमी पार्टी की हार का कारण दिल्ली में शराब नीति रही जिसके कारण महिलाओं में बहुत बड़ा रोष था। केजरीवाल की नाकामियों पर बीजेपी की बड़ी जीत है। इसमें कोई शक नहीं की चुनावी प्रबंधन में भी बीजेपी आम आदमी पार्टी से काफी आगे थी। कांग्रेस को दिल्ली की जनता ने पूरी तरह नकार दिया है।

**-वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

कुछ खास



मणिपुर के मुख्यमंत्री ने इस्तीफा देर से दिया है। मणिपुर के लोग अब हमारे लगातार यात्रा करने वाले प्रधानमंत्री के दौरे का इंतजार कर रहे हैं, जो इस समय फ्रांस और अमेरिका की यात्रा पर हैं और जिन्हें पिछले 20 महीनों में मणिपुर जाने के लिए समय नहीं मिला।

**-जयराम रमेश**, कांग्रेस नेता

आज का ट्वीट



''हरियाणा और दिल्ली में कांग्रेस ने आप के साथ गठबंधन करने की कोशिश की, केजरीवाल ने इनकार किया। अब वो अपना पूरा जीवन अफसोस में जिएंगे। आप का करियर खत्म हो गया है।''

**-संदीप खासा**

साइबरवर्ल्ड

## अरविंद केजरीवाल का पतन

**चाणक्य** से यदि पूछा जाता कि राहुल और कांग्रेस को दिल्ली चुनाव में क्या रोल निभाना चाहिए...? तो निसंदेह जवाब वही होता जो कांग्रेस ने दिल्ली चुनाव में किया है। यदि आपको आम आदमी पार्टी की हार से एवं केजरीवाल और उनकी ब्रांड राजनीति से सहानुभूति है तो आप राजनीति और लोकतंत्र को नहीं समझते। कांग्रेस के कारण आम आदमी पार्टी 14 सीटें हार गई है, जिसमें केजरीवाल एवं मनीष सिसोदिया भी शामिल हैं, पर मत भूलिये कांग्रेस से समझौता नहीं करने की घोषणा सबसे पहले आप नेता गोपाल राय ने की थी, कांग्रेस ने नही। और तो और यही केजरीवाल कांग्रेस को इंडिया गठबंधन से निकलवाने की बात करते थे। आखिर गोवा, गुजरात, हरियाणा में इनका कांग्रेस के प्रति क्या रोल रहा है? कांग्रेस को जिताने वाला या हराने वाला? भ्रष्टाचार, सांप्रदायिक राष्ट्रवाद से खिन्न हो चुकी देश की जनता अन्ना आंदोलन से निकली आम आदमी पार्टी को एक वैकल्पिक राजनीति के तौर पर देख रही थी, केजरीवाल को सूचना का अधिकार दिलाने वाला, भ्रष्टचार विरोधी नायक के तौर पर देख रही थी। फलस्वरूप देश के बुद्धिजीवी, कानूनविद, पत्रकार, प्रोफेसर,सामाजिक एक्टिविस्ट वर्ग इस आंदोलन एवं पार्टी से जुड़े, पर कुछ समय के बाद त्याग, तपस्या, ईमानदारी का चोला ओढ़े हुए अरविन्द केजरीवाल का असली रूप सामने आने लगा। एक एक करके लोगों को दूर करते गया। रिसर्च में लीडरशिप का सबसे प्रमुख गुण चरित्र को बताया गया है, क्या केजरीवाल में आपको यह गुण कभी दिखा? ऐसा व्यक्ति जो गाड़ी, बंगला, सुरक्षा नहीं लेने की बात की थी, वह शीशमहल में भारी सुरक्षा के बीच रहता था, जो कभी जनता से पारदर्शिता, लोकतंत्र की बात करता था वह अपनी पार्टी का स्वयंभू तानाशाह है, उसकी आवाज ही संविधान है। कौन नही जानता कि राम कृष्ण मिशन से कभी जुड़ा हुआ यह शख्स कभी हनुमान तो कभी गणेश, लक्ष्मी की बात कर खुद को बीजेपी से बड़ा हिंदूवादी दिखाने की कोशिश करता है...कौन नहीं जानता कि इस शख्स द्वारा आर्गनाइज किया हुआ अन्ना हजारे का आंदोलन आरएसएस प्रेरित था?

**-विश्वजीत सिंह** की फेसबुक वॉल से

# भ्रष्ट+अचार @ भ्रष्टाचार- लोकनिर्माण,सरकारी टेंडर,गृह परिवहन मंत्रालयों को आखिर क्यों मलाई वाला विभाग कहा जाता है?

## विभागों की मलाई पर तकरार- भ्रष्टाचार पर कैसे होगा वार ?

**भ्रष्टाचार केवल सरकारी योजनाओं ऑफीसरों बाबुओं द्वारा रिश्वत लेना ही नहीं, बल्कि स्वार्थ सिद्धि द्वारा किया गया हर गलत आचरण ही भ्रष्टाचार है- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**



**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर आज सारी दुनियाँ कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार के दंश से अर्थव्यवस्था में कमजोरी महसूस कर रही है, क्योंकि यह भ्रष्टाचार रूपी काली कमाई भ्रष्टाचारियों द्वारा बेहद सस्पेंस वाली जगह पर छुपा कर रखा जाता है,जो अर्थव्यवस्था के सरकुलेशन में काम नहीं आती। मसलन 2000 के नोटों की लंबी राशि चलन में नहीं आ रही थी यानी मतलब साफ है भ्रष्टाचार्यों के पास लॉक हो गई थी,नतीजा नोटों की नोटबंदी ही पर्याय था। परंतु बहुत ताजुब की बात है एक ओर जहां सरकार भ्रष्टाचार जीरो टॉलरेंस करने कमर कसकर भिड़ी हुई है दूसरी ओर हमेशा देखा जाता है की राजनीति में सहयोगी पार्टी या पार्टी के अंदर ही पार्टी के कद्दावर नेताओं में मंत्रालय के विभागों की मलाई पर तकरार होती है,यानें सरकारी टेंडर में परसेंटेज के मामले होते हैं,इसीलिए ही 40 या 50 पेर्सेंट के आरोप प्रत्यारोप राजनीति में सभी बातें एक दूसरे के ऊपर लगाते रहते हैं अक्सर चुनाव जीते हुए व्यक्तियों से लेकर मंत्री व चपरासी से लेकर उच्च पदासीन अधिकारी इसमें शामिल होते हैं तो फिर भ्रष्टाचार की जीरो टॉलरेंस नीति का क्या अर्थ हुआ? जो रेखांकित करने वाली बात है, जिसका सटीक उदाहरण महाराष्ट्र के एक नेता पर गृहमंत्री होने के बावजूद 100 करोड़ प्रतिमाह का आरोप लगा था वो जेल भी गए थे। ऐसे अनेक आरोप राजनीतिज्ञों मंत्रियों पर लगते रहते हैं जो रेखा रेखांकित करने वाली बात है, जिससे क्लियर होता है कि भ्रष्टाचार ऊपर से लेकर नीचे की ओर चलता है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगेविभागों की मलाई पर तकरार, भ्रष्टाचार पर कैसे होगा पलटवार!तथा भ्रष्ट प्लस अचार एट द रेट ऑफ भ्रष्टाचार, लोक निर्माण सरकारी टेंडर गृह परिवहन मंत्रालयों को आखिर क्यों मलाई वाला विभाग कहा जाता है।







साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार के अर्थ को समझने की करें तो, भ्रष्टाचार शब्द दो शब्दों की संधि से बना है- भ्रष्ट+आचार,जिनके निम्न अर्थ हैं-भ्रष्ट=दूषित, गंदा, अनैतिक,गलत,आपराधिक,आचार=आचरण,व्यवहार,कार्यकप कार्य,तो सीधे शब्दों में कहें तो भ्रष्टाचार का तात्पर्य उस कार्य से है जो गलत हो, अनैतिक हो, आपराधिक हो या दूषित हो।हमारे राजनेताओं की कृपा से आजकल यह शब्द मुख्यतया राजनैतिक संदर्भ में प्रयोग होता है लेकिन सामान्यतया हर वह आचरण भ्रष्टाचार है जो कि किसी गलत उद्देश्य की प्राप्ति के लिए अनैतिक ढंग से और दुर्भावना से किया जाए।केवल सरकारी कार्यो में घोटाले करना ही भ्रष्टाचार नहीं है, बल्कि अपने आदर्शों से समझौता करना और निजी लाभ के लिए किसी अन्य को पीड़ा पहुंचाना भी भ्रष्टाचार है।दूधवाले का दूध में पानी मिलाना भी भ्रष्टाचार है और शिक्षक का कक्षा में ना पढ़ाना भी भ्रष्टाचार है। अधिकारी का काम ना करना भी भ्रष्टाचार है और काम के बदले रिश्वत मांगना भी भ्रष्टाचार है। टैक्स चोरी करना भी भ्रष्टाचार है और यातायात के नियमों को ना मानना भी भ्रष्टाचार है।सीमित शब्दों में कहें तो भ्रष्टाचार केवल सरकारी योजनाओं में घोटाले करना ही नहीं है बल्कि निजी स्वार्थ सिद्धि हेतु किया गया हर गलत आचरण ही भ्रष्टाचार है।

साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार से आर्थिक दुष्प्रभाव की करें तो,भ्रष्टाचार का आर्थिक विकास पर दुष्प्रभाव पड़ता है,मसलन, भ्रष्टाचार के चलते सड़क कमजोर बनायी जाती है, जिससे वह जल्दी टूट जाती है, इस फॉमूर्ले के अनुसार भारत और चीन की विकास दर कम होनी चाहिए थी, क्योंकि ये देश ज्यादा भ्रष्ट हैं,परंतु वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है।भारत और चीन की विकास दर अधिक है।भ्रष्टाचार का दुष्प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि भ्रष्टाचार से प्राप्त रकम का उपयोग किस प्रकार किया जाता है।मान लीजिए एक करोड़ रुपये के सड़क बनाने के ठेके में से 50 लाख रुपया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया, सड़क घटिया बनी. प्रश्न उठता है कि घूस की 50 लाख की रकम का उपयोग किस प्रकार हुआ यदि इस रकम को शेयर बाजार में लगाया गया तो भ्रष्टाचार का आर्थिक विकास पर दुष्प्रभाव कुछ घटता है,दक्षिणी अमेरिकी देशों एवं भारत में यह अंतर साफ है। दक्षिण अमेरिका के नेताओं ने घूस की रकम को स्विट्जरलैंड के बैंकों में जमा करा दिया। नतीजा विकास में गिरावट आयी,परंतु भारतीय नेताओं ने स्विस बैंकों में जमा कराने के साथ- साथ घरेलू उद्यमियों के पास भी रकम जमा करायी। यदि घूस की रकम का निवेश किया जाये, तो अनैतिक भ्रष्टाचार का आर्थिक सुप्रभाव भी पड़ सकता है।मान लीजिए सरकारी निवेश में औसतन 70 फीसदी रकम का सदुपयोग होता है, जबकि निजी निवेश में 90 फीसदी का, ऐसे में यदि एक करोड़ रुपये को भ्रष्टाचार के माध्यम से निकाल कर निजी कंपनियों में लगा दिया जाये, तो 20 लाख रुपये का निवेश बढ़ेगा।अर्थशास्त्र में एक विधा बचत की प्रवृत्ति के नाम से जानी जाती है। अपनी अतिरिक्त आय में से व्यक्ति कितनी बचत करता है उसे बचत की प्रवृत्ति कहा जाता है। गरीब की 100 रुपये की अतिरिक्त आय हो, तो वह 90 रुपये की खपत करता है और 10 रुपये की बचत. तुलना में अमीर को 100 रुपये की अतिरिक्त आय हो, तो वह 10 रुपये की खपत करता है और 90 रुपये की बचत करता है.मान लीजिए अमीर इंजीनियर ने गरीब किसान से 100 रुपये की घूस ली। गरीब की आय में 100 रुपये की गिरावट आयी, जिसके कारण बचत में 10 रुपये की कटौती हुई. परंतु अमीर इंजीनियर ने 100 रुपये की घूस में 90 रुपये की बचत की. इस प्रकार घूस के लेनदेन से कुल बचत में 80 रुपये की वृद्धि हुई। अमीर द्वारा गरीब का शोषण सामाजिक दृष्टि से गलत होते हुए भी आर्थिक दृष्टि से लाभकारी हो गया।भ्रष्टाचार का आर्थिक विकास पर दुष्प्रभाव पड़ता है। मसलन, भ्रष्टाचार के चलते सड़क कमजोर बनायी जाती है, जिससे वह जल्दी टूट जाती है। इस फॉमूर्ले के अनुसार भारत और चीन की विकास दर कम होनी चाहिए थी, क्योंकि ये देश ज्यादा भ्रष्ट हैं। परंतु वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है। भारत और चीन की विकास दर अधिक है. भ्रष्टाचार का दुष्प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि भ्रष्टाचार से प्राप्त रकम का उपयोग किस प्रकार किया जाता है.मान लीजिए एक करोड़ रुपये के सड़क बनाने के ठेके में से 50 लाख रुपया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया. सड़क घटिया बनी. प्रश्न उठता है कि घूस की 50 लाख की रकम का उपयोग किस प्रकार हुआ।

अमृतवाणी

## दोष किसका?



**संन्यास** लेने के बाद गौतम बुद्ध ने अनेक क्षेत्रों की यात्रा की। एक बार वह एक गांव में गए। वहां एक स्त्री उनके पास आई और बोली, 'आप तो किसी राज्य के राजकुमार लगते हैं। क्या मैं जान सकती हूं कि इस युवावस्था में आने ये गेरुआ वस्त्र क्यों धारण किए हुए हैं?' बुद्ध ने विनम्रतापूर्वक उत्तर दिया कि तीन प्रश्नों के हल ढूंढने के लिए उन्होंने संन्यास लिया। यह शरीर जो युवा व आकर्षक है, पर जल्दी ही यह वृद्ध होगा, फिर बीमार व अंत में मृत्यु के मुंह में चला जाएगा। मुझे वृद्धावस्था, बीमारी व मृत्यु के कारण का ज्ञान प्राप्त करना है। यह सुनकर वह स्त्री बुद्ध से इतनी प्रभावित कि उसने उन्हें अपने घर पर भोजन के लिए आमंत्रित किया। शीघ्र ही यह बात पूरे गांव में फैल गई। जगह-जगह इसकी चर्चा होने लगी। सभी ने एकमत से कहा कि बुद्ध के पास जाकर उन्हें स्त्री का न्यौता ठुकराने की बात की जाए। गांववासी बुद्ध के पास आए और आग्रह किया कि वह उस स्त्री के घर भोजन करने न जाएं, क्योंकि वह चरित्रहीन है। बुद्ध ने गांव के मुखिया से पूछा, 'क्या आप भी मानते हैं कि वह स्त्री चरित्रहीन है?' मुखिया ने कहा कि मैं शपथ लेकर कहता हूं कि वह बुरे चरित्र वाली है। आप उसके घर न जाएं।' बुद्ध ने मुखिया का दायां हाथ पकड़ा और उसे ताली बजाने को कहा। मुखिया ने कहा, 'मैं एक हाथ से ताली नहीं बजा सकता, क्योंकि मेरा दूसरा हाथ आपने पकड़ा हुआ है।' बुद्ध बोले, 'इसी प्रकार यह स्वयं चरित्रहीन कैसे हो सकती है, जब तक इस गांव के पुरुष चरित्रहीन न हों। अगर गांव के सभी पुरुष अच्छे होते तो यह औरत ऐसी न होती, इसलिए इसके चरित्र के लिए यहां के पुरुष जिम्मेदार हैं। यह सुनकर सभी लज्जित हो गए। वर्तमान में भी यही हो रहा है। बहुधा अपने स्वार्थ के लिए एक-दूसरे को कई तरह से पथभ्रष्ट किया जा रहा है।

तीखी नजर

## आखिरकार दिल्ली में भी बजा डंका



राजेंद्र शर्मा

आखिरकार, मोदी जी ने दिल्ली फतेह कर ही ली। मोदी जी को अपनी दिल्ली की फतेह का भगवा पार्टी के हजार करोड़ी दफ्तर के मंच से एलान करने का मौका मिल ही गया। वैसे, इस मौके के लिए दिल्ली की पब्लिक ने भी भगवाइयों से बड़ा इंतजार कराया। छोटा-मोटा नहीं, पूरे 28 साल का इंतजार कराया है। बेशक, दिल्ली की पब्लिक की भी इतनी हिम्मत नहीं थी कि मोदी जी से 28 साल का इंतजार करा देती। बेचारे भगवाइयों का इंतजार तो मोदी से पहले से चला आ रहा था। और तो और मोदी जी के गुजरात का सीएम बनने से भी पहले से, अटल जी की टैम से। पर राम जी झूठ न बुलाएं, करीब ग्यारह साल का इंतजार तो दिल्ली की पब्लिक ने मोदी जी से भी कराया ही था। पर अब और नहीं। अब एक दिन और नहीं। मोदी जी ने दिल्ली फतेह करने का डंका बजा दिया है।

इस फतेह का डंका बजाने के मौके के लिए मोदी जी और उनकी सरकार सालों से भिड़े हुए थे। करीब पांच साल से तो प्राण-प्रण से ही भिड़े हुए थे। पांच साल पहले वाली शिकस्त के फौरन बाद, दिल्ली में दंगा कराया। फिर दंगे के आरोपों में इकतरफा मुसलमानों को लंबे-लंबे समय के लिए, बिना जमानत जेलों में बंद कराया। असली दोषियों को बचाया, दंगों की राजनीति का विरोध करने वालों को राजद्रोह से लेकर यूएपीए तक में जेलों में बंद कराया। फिर, तरह-तरह से शह देकर, बहुसंख्यक सांप्रदायिकता की राजनीति को घर-घर की बात बनवाया। लाट गवर्नर को उसका अंगरेजों के जमाने का दर्जा दिलाया और अगले को केजरीवाल की सरकार के खिलाफ परमानेंट युद्ध में लगाया। युद्ध भी ऐसा जिसमें सब कुछ जायज था; कुछ भी कर के दिल्ली की सरकार को पूरी तरह से ठप्प करना भी।

पर इतने सब से भी जब फतेह का पक्का भरोसा नहीं हुआ, बेचारे चुनाव आयोग को काम पर लगाया गया। दसियों हजार संभावित विरोधी मतदाताओं का वोट कटवाया गया, लाखों अपने मतदाताओं का नाम लिखवाया गया। चुनाव आयोग की मौन स्वीकृत से मोदी जी की पार्टी की तरफ से झुग्गी-झोंपड़ियों वाले मतदाताओं के बीच 1100 से 2000 रुपये तक नकद और साड़ी, सलवार सूट, जूते आदि का वितरण कराया गया। चुनाव में पहली बार गुंडागर्दी, हिंसा का खेल दिखाया गया। और तो और ऐन मतदान के दौरान दिन भर टेलीविजनों पर मोदी जी का कुंभ स्नान दिखाया गया। इतना कुछ और इसके अलावा भी बहुत कुछ करने के बाद और विरोधियों से भी कई-कई प्रकट मूर्खताएं कराने के बाद ही, मोदी जी की फतेह का दिन आया है।

वैसे इतना सब करने के बाद भी, दिल्ली फतेह करने के बाद भी, यह कहना मुश्किल है कि मोदी ने दिल्ली वालों का दिल जीत लिया है। अब भी आधे से ज्यादा दिल्ली वालों ने तो भगवा पार्टी के खिलाफ ही वोट दिया है। फिर भी, जो जीता वही सिकंदर। अब सीएम कोई भी बने, पर डंका तो मोदी की दिल्ली फतेह का बज रहा है।

नजरिया

# आखिर क्यों डूबी आप की नैया



**शाहीन सबा**

**बीजेपी ने दिल्ली को जीत ली, लेकिन दिल्ली वालों का दिल जीतना अभी भी बाकी है, क्योंकि पार्टी ने आम आदमी पार्टी के तर्ज पर जितनी बड़ी घोषणाएं की हैं, उन्हें पूरा करना व निभाना बेहद चुनौतीपूर्ण होगा। बीजेपी अब तक भी आप को फ्री की योजनाओं को लेकर घेरती रही है।**

आखिरकार दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन ही गई और 27 सालों का सूखा खत्म हुआ। राजधानी की जीत हर राज्य से बड़ी जीत मानी जा रही है। बीते दशकभर में बीजेपी केंद्र के अलावा कई राज्यों में सरकार बनाने में कामयाब हुई लेकिन यहां मोदी लहर के बावजूद भी केजरीवाल दिल्ली में सत्ता पर काबिज रहे। माना यह भी जा रहा था कि यदि इस बार दिल्ली में बीजेपी की सरकार नहीं बनती तो बीजेपी के सम्मान को ठेस व छवि पर बडा डेंट पड जाता। लेकिन इस बार दिल्ली को बीजेपी के रूप में डबल इंजन की सरकार मिल गई और जनता ने मोदी के चेहरे पर विश्वास किया। जैसा कि बीजेपी अंत तक सीएम चेहरे की घोषणा नहीं करती तो दिल्ली को लेकर भी वही रणनीति अपनाई और कामयाब भी हुए। आम आदमी पार्टी की स्थिति इतनी दयनीय हुई कि चोटी के नेता भी अपनी सीट बचाने में कामयाब नहीं हो पाए। यदि सबसे पहले आप संयोजक व पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की बात करें तो वह भी नई दिल्ली से प्रवेश वर्मा से हार गए। वहीं पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को भी हार का सामना करना पड़ा वह जंगपुरा से लड़े थे। सतेन्द्र जैन, सोमनाथ भारती, सौरभ भारद्वाज व दुर्गेश पाठक समेत कुछ अन्य बड़े चेहरे भी अपनी सीट नहीं बचा पाए। हालांकि मौजूदा सीएम आतिशी ने अपनी सीट जीतकर थोड़ी सी साख बचा ली। लेकिन अब आम से लेकर खास तक के मन में एक ही प्रश्न है जिस पार्टी ने दो बार पूर्ण बहुमत से रिकॉर्डतोड़ जीत हासिल की थी आखिर उसका किला इतनी बुरी तरह क्यों ढह गया।

वैसे तो कई कारण रहे लेकिन कुछ मुख्य वजहों से आम आदमी पार्टी की स्थिति खराब होती चली गई। सबसे पहली व बड़ी वजह शराब नीति बनी, जिसकी वजह से दिल्लीवासियों ने अपने आप को बहुत ठगा व कुंठित महसूस किया। शराब नीति के तरह दिल्ली के हर एक वार्ड में तीन शराब के ठेके खोले गए थे और वह उन जगहों में खोले गए जो कॉलोनी के बीचोबीच थे। इस बात से जनता बहुत नाराज हुई थी। मामला यहां तक पहुंच गया था कि आप अपने दामन पर लगे शराब घोटाले के दाग को छुड़ा नहीं पाई। बीजेपी ने पिछले तीन साल में इस मुद्दे पर जमकर घेरा। हालत यह थी कि इस मामले में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और राज्य सभा सांसद संजय सिंह को जेल जाना पड़ा। बीजेपी इस मुद्दे को लेकर लगातार प्रदर्शन करती रही और घेरती रही। बीजेपी नेताओं ने इस मुद्दे को गर्म रखा और हर जगह इस घोटाले की चर्चा करते रहे। इसके अलावा दिल्ली जल बोर्ड घोटाला ने भी आप को परेशान किया। इस मामले में ठेकेदारों से पैसे वसूलने के लिए ठेकों को कम पैसे पर छोड़ने का आरोप लगा था। इस मामले की जांच अब तक ईडी कर रही है। अरविंद केजरीवाल इस मामले में भी आरोपी हैं। इसके अलावा बीते लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन करना भी आम आदमी पार्टी को भारी पड़ा और हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में गठबंधन नहीं हुआ तो आप-कांग्रेस के नेता एक-दूसरे पर आरोप लगाते नजर आए।



बीजेपी के लिए सोने पर सुहागा इसलिए भी होगा गया कि दिल्ली में जब चुनाव प्रचार चरम पर था तो आम आदमी पार्टी के सात विधायक पार्टी छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गए थे। इससे पहले आप के कई कैबिनेट मंत्री भी पार्टी का साथ छोड़कर दूसरी पार्टियों में शामिल हो गए थे। इनमें कैलाश गहलोत और राजेंद्र पाल गौतम मुख्य माने जा रहे थे। ये दोनों नेता कभी आप के मुख्य चेहरा हुआ करते थे। इस बात का भी असर आप के चुनाव परिणाम पर पड़ा। आप लोगों में यह धारणा बना पाने में नाकाम रही कि पार्टी में सबकुछ ठीक-ठाक है और वहां नेतृत्व का कोई संकट नहीं है लेकिन सच्चाई सबको पता चल गई। स्वाति मालीवाल के पिटाई कांड से भी पार्टी को बड़ी क्षति हुई और उस कांड के बाद स्वाति ने अपनी पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और पार्टी की आंतरिक बातों को बाहर उजागर करना शुरू कर दिया। बीते लगभग 6 महीने से स्वाति मालीवाल ने अपनी ही पार्टी के खिलाफ एक मुहिम से छेड दी जिससे पार्टी के कुछ अन्य नेताओं का भी विश्वास टूटा साथ ही जनता में एक बड़ा नकारात्मक संदेश गया और पार्टी को बड़े स्तर पर नुकसान हुआ। वहीं इस चुनाव में कांग्रेस भले ही कोई सीट नहीं जीत पाई हो लेकिन वह अपना वोट फीसदी बढ़ा पाने में कामयाब रही है। कांग्रेस को जितना भी वोट प्रतिशत बढ़ा वो आम आदमी पार्टी का ही माना जा रहा है। इन तमाम बड़े मुद्दों को बीजेपी ने जमकर भुनाया और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नारे ने कई बंटोगे तो कटोगे के नारे से कई राज्यों के नारे से बीजेपी को जीत में मदद मिली। दिल्ली में योगी के इस नारे का जादू चला और योगी ने कुल 14 विधानसभा सीटों पर प्रचार किया था जिसमें से 11 सीटों पर जीत मिली है।

वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृहमंत्री के अलावा कई भाजपा शासित कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ कई बड़े चेहरों ने जमकर प्रत्याशियों के लिए प्रचार किया। इस बार भाजपा की ओर बहुत पहले से ही माहौल बना हुआ था और जिस ऊर्जा के साथ लड़ रहे थे उससे यह तो तय हो गया था कि इस बार खेल बड़ा होगा। भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली को जीत ली, लेकिन दिल्ली वालों का दिल जीतना अभी भी बाकी है, क्योंकि पार्टी ने आम आदमी पार्टी के तर्ज पर जितनी बड़ी घोषणाएं की हैं, उन्हें पूरा करना व निभाना बेहद चुनौतीपूर्ण होगा। बीजेपी अब तक भी आप को फ्री की योजनाओं को लेकर घेरती रही है। अब बीजेपी के लिए भी खेल गुणवत्ताओं पर चलेगा, क्योंकि चूंकि दावों और वादों की झड़ी बहुत ज्यादा व बड़ी है।

## सार संक्षेप

### अलवर 'टाइगर मैराथन' दौड़ में उत्साह व उमंग के साथ दौड़े हजारों धावक

**अलवर** : राजस्थान में अलवर में रविवार को आयोजित 'टाइगर मैराथन' में स्थानीय और देशभर के हजारों धावक उत्साह और उमंग के साथ दौड़े। आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने बताया कि 'टाइगर मैराथन' के तहत आयोजित 21 किलोमीटर हाफ मैराथन, 10 किलोमीटर मैराथन, पांच किलोमीटर शक्ति रन एवं दो किलोमीटर पैरा मैराथन में उत्साह एवं उमंग के साथ हजारों की संख्या में अलवर जिले सहित देशभर के प्रसिद्ध धावकों ने शिरकत की। इससे पहले केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने अलवर सांसद खेल उत्सव के तहत इस मैराथन का आयोजन वी शक्ति के बैनर तले कराया और उन्होंने अलवर टाइगर मैराथन को प्रताप ऑडिटोरियम से झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'फिट इंडिया हिट इंडिया' के संदेश को आगे बढ़ाते हुए अलवर सांसद खेल उत्सव का आयोजन जिले भर में कराया गया। जिले के सभी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवाओं एवं जिले के नागरिकों में अपनी भागीदारी इस आयोजन में निभाई। इस आयोजन का उदेश्य स्वस्थ अलवर स्वच्छ के साथ अलवर को पर्यटन एवं खेल के क्षेत्र में विश्व पटल पर लाना है।

### डब्ल्यूपीएल: यूपी वॉरियर्स ने दीप्ति शर्मा को बनाया टीम का कप्तान



**लखनऊ** : यूपी वॉरियर्स ने 14फरवरी से शुरु हो रही वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के लिए भारत की बेहतरीन ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को टीम का नया कप्तान बनाया। यूपी वॉरियर्स की कप्तान एलिसा हीली के चोट के कारण डब्ल्यूपीएल से बाहर होने के बाद दीप्ति शर्मा को यह जिम्मेदारी दी गई है। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में पहली बार कप्तान की घोषणा इंग्लैंड के खिलाफ भारत के एकदिवसीय मैच से ठीक पहले अमूल क्रिकेट लाइव शो के दौरान की गई। डब्ल्यूपीएल का तीसरा सत्र लखनऊ में होगा, जो कि यूपी वॉरियर्स का घरेलू मैदान है। ऐसा पहली बार है जब इस टूर्नामेंट के मैचों का आयोजन लखनऊ में भी होगा और घरेलू टीम का नेतृत्व भी गृह राज्य की एक क्रिकेटर करेगी। भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में, यूपी वॉरियर्स गुजरात जायंट्स (तीन मार्च), मुंबई इंडियंस (छह मार्च) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आठ मार्च) से खेलेगा। दीप्ति ने यूपी वारियर्स के लिए 17 मैच खेले हैं, जिसमें 16 पारियों में 385 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम तीन अर्धशतक शामिल हैं। उनका व्यक्तिगत उच्चतम स्कोर नाबाद 88 रन रहा है। गेंद के साथ, दीप्ति ने 17 मैचों के दौरान 19 विकेट चटकाए हैं।

### चेन्नई ओपन: किरियन जैक्वेट ने जीत चेन्नई ओपन एकल का खिताब

**तमिलनाडु** : फ्रांस के किरियन जैक्वेट ने रविवार को फाइनल में स्वीडन के इलियास यमेर को हराकर चेन्नई ओपन 2025 टेनिस पुरुष एकल खिताब जीता। यहां एसडीएटी टेनिस स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में विश्व में 273वें नंबर के खिलाड़ी किरियन जैक्वेट ने रैंकिंग में 332वें स्थान पर काबिज इलियास यमेर को 7(7)-6(1), 6-4 से हराकर अपना पहला एटीपी एकल टेनिस खिताब जीता। जैक्वेट ने फाइनल के शुरुआती गेम में यमेर की सर्विस तोड़कर मैच की सकारात्मक शुरुआत की। इसके बाद अगले तीन गेम तक अपनी सर्विस बरकरार रखी। जैक्वेट ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 7-1 से जीत दर्ज की।

### बैडमिंटन एशिया मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप नहीं खेलेंगी चोटिल पीवी सिंधु



**नई दिल्ली** : दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप (बीएएमटीसी ) 2025 में भाग नहीं लेंगी। पीवी सिंधु को चार फरवरी को गुवाहाटी में प्रशिक्षण शिविर के दौरान चोट लग गई थी। चोट के कारण सिंधु ने टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया हैं। पीवी सिंधु ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए बताया कि भारी मन से मैं यह साझा कर रही हूं कि मैं बीएएमटीसी 2025 के लिए टीम के साथ यात्रा नहीं करूंगी। गुवाहाटी में 4 तारीख को प्रशिक्षण के दौरान, मुझे अपनी हैमस्ट्रिंग में खिचाव महसूस हो रहा है। उन्होंने लिखा कि हमारे देश के लिए भारी टेपिंग के साथ आगे खेलने की मेरी कोशिशों के बावजूद, एमआरआई से मुझे पता चला है कि मेरी रिकवरी में अपेक्षा अनुसार थोड़ा अधिक समय लगेगा। टीम को शुभकामनाएं।

# नेटबॉल में हरियाणा ने जीता स्वर्ण पदक

देहरादून

38वें राष्ट्रीय खेल में नेटबॉल के पारंपरिक इवेंट का समापन आज रोमांचक मुकाबलों के साथ हुआ। हरियाणा ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा किया और एक बार फिर अपनी नेटबॉल में सर्वोच्चता साबित की। सेमीफाइनल मुकाबलों में हरियाणा ने तेलंगाना को रोमांचक मुकाबले में 48-49 से हराया, जबकि राजस्थान ने उत्तराखंड को 56-54 से हराकर फाइनल में स्थान बनाया। कांस्य पदक मुकाबले में तेलंगाना और उत्तराखंड के बीच 42-42 की बराबरी रही, और दोनों को संयुक्त रूप से कांस्य पदक दिया गया। फाइनल में हरियाणा ने राजस्थान को 57-55 से हराकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि राजस्थान को रजत मिला। पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले भी दिलचस्प थे। उत्तराखंड ने हिमाचल प्रदेश को 51-45 से हराया और फाइनल में प्रवेश किया, वहीं हरियाणा ने दिल्ली को 56-53 से मात दी। कांस्य पदक मुकाबले में हिमाचल प्रदेश और दिल्ली के बीच मुकाबला 45-45 की बराबरी पर खत्म हुआ, और दोनों टीमों को कांस्य पदक से नवाजा गया। फाइनल मुकाबले में हरियाणा ने उत्तराखंड को 74-71 से हराकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि उत्तराखंड को रजत मिला। नेशनल गेम्स में नेटबॉल के अन्य मुकाबले कल से शुरू होंगे, और इससे खेलों का रोमांच और बढ़ने की उम्मीद है।



### टेनिस मुकाबला: सेमीफाइनल और फाइनल की तैयारी

उत्तराखंड में जारी 38वें राष्ट्रीय खेल के टेनिस मुकाबले अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रहे हैं। पांचवे दिन के खेल में पुरुष एकल, महिला एकल, महिला युगल और मिश्रित युगल मुकाबलों के रोमांचक नतीजे सामने आए। सेमीफाइनल के लिए खिलाड़ी तय हो चुके हैं, जबकि पुरुष और महिला युगल वर्ग में अब चैंपियनशिप के लिए खिताबी भिड़ंत होगी। पुरुष एकल के कार्टरफाइनल में सर्विसेज के ईशाक इकबाल ने पश्चिम बंगाल के नितिन कुमार सिन्हा को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से मात देकर अंतिम चार में जगह बनाई। तमिलनाडु के मनीष सुरेशकुमार ने हरियाणा के उदित कंबोज को 6-4, 6-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं, गुजरात के देव वी. जाविया ने उत्तराखंड के द्रोण वालिया को 6-2, 6-1 से हराया। कर्नाटक के प्रज्वल देव ने दिल्ली के सार्थक सूदेन को 6-3, 6-2 से शिकस्त दी। सोमवार को होने वाले सेमीफाइनल में ईशाक इकबाल का सामना कर्नाटक के प्रज्वल देव से होगा, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में गुजरात के देव वी. जाविया और तमिलनाडु के मनीष सुरेशकुमार आमने-सामने होंगे। महिला एकल के क्वार्टरफाइनल मुकाबलों में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला। कर्नाटक की अमोदिनी नाइक ने हरियाणा की अदिति रावत को 4-6, 6-4, 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। गुजरात की वैदेही चौधरी ने हरियाणा की अंजलि राठी को एकतरफा मुकाबले में 6-1, 6-1 से हराया। महाराष्ट्र की वैश्णवी अडकर ने तमिलनाडु की लक्ष्मी प्रभा अरुणकुमार को 6-3, 7-5 से शिकस्त दी, जबकि महाराष्ट्र की आकांक्षा नित्तुरे ने तेलंगाना की लक्ष्मी सीरी दांडू को 6-3, 4-6, 6-2 से मात दी। अब सेमीफाइनल में गुजरात की वैदेही चौधरी का सामना महाराष्ट्र की आकांक्षा नित्तुरे से होगा, जबकि कर्नाटक की अमोदिनी नाइक और महाराष्ट्र की वैशणवी अडकर के बीच जोरदार टक्कर होगी। महिला युगल सेमीफाइनल में गुजरात की वैदेही चौधरी और झील देसाई की जोड़ी ने हरियाणा की अंजलि राठी और अदिति त्यागी को 6-3, 6-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, महाराष्ट्र की पूजा इंगले और आकांक्षा नित्तुरे ने उत्तराखंड की दिया चौधरी और जया कपूर को 5-7, 6-4, 10-8 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। पुरुष युगल फाइनल में कर्नाटक के प्रज्वल देव और निक्की के पूनाचा की जोड़ी सर्विसेज के ईशाक इकबाल और फेराल कमर से भिड़ेगी। मिश्रित युगल सेमीफाइनल में कर्नाटक के निक्की के पूनावा और सोहा सादिक ने हरियाणा के सुनील कुमार और अदिति रावत को 6-2, 6-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। तमिलनाडु के लोहित अक्ष बाथरीनाथ और लक्ष्मी प्रभा अरुणकुमार ने पश्चिम बंगाल के नितिन कुमार सिन्हा और युबरानी बनर्जी को 6-7(3), 7-5, 10-5 से मात दी। सोमवार को खेले जाने वाले मुकाबलों में सेमीफाइनल और फाइनल के मुकाबले टेनिस प्रेमियों के लिए रोमांच से भरपूर होंगे। खिलाड़ियों के प्रदर्शन से यह साफ हो गया है कि राष्ट्रीय खेलों में प्रतिस्पर्धा का स्तर बेहद ऊंचा है और आने वाले मुकाबले शानदार होने की उम्मीद है।

### शिवपुरी में गंगा के तट पर बीच कबड्डी प्रतियोगिता का रोमांच

38वें राष्ट्रीय खेल के अंतर्गत टिहरी जिले के शिवपुरी में गंगा तट पर आयोजित बीच कबड्डी प्रतियोगिता के पहले दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इस प्रतियोगिता में आठ राज्यों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। पहले दिन के मुकाबलों में उत्तराखंड की महिला और पुरुष दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन कर जीत हासिल की। प्रतियोगिता के पहले दिन पुरुष वर्ग में उत्तराखंड और कर्नाटक के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें उत्तराखंड ने 49-25 से जीत दर्ज की। इसके बाद हिमाचल प्रदेश और आंध्र प्रदेश के बीच हुए मैच में आंध्र प्रदेश ने 43-33 से जीत हासिल की। तीसरे मुकाबले में राजस्थान की टीम ने महाराष्ट्र को 47-43 से हराया। चौथे मुकाबले में हरियाणा ने उत्तर प्रदेश को 51-27 से हराकर अपनी ताकत दिखाई। महिला वर्ग में उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के बीच मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें उत्तराखंड ने 46-44 से जीत दर्ज की। वहीं, दिल्ली की टीम ने कर्नाटक पर एकतरफा मुकाबले में 73-16 से बड़ी जीत हासिल की। तीसरे मैच में हरियाणा ने महाराष्ट्र को 51-30 से हराया, जबकि चौथे मुकाबले में उत्तर प्रदेश की टीम ने हिमाचल प्रदेश को 53-37 से मात दी।

### कर्नाटक का राफ्टिंग मुकाबलों में दबदबा, किया शानदार प्रदर्शन

38वें राष्ट्रीय खेल में काकड़घाट, बूम मंदिर और टनकपुर में चल रहे राफ्टिंग मुकाबलों में आज कई शानदार प्रदर्शन देखने को मिले। प्रतियोगी अपनी जबरदस्त टैलेंट का प्रदर्शन कर रहे हैं। डाउन रिवर मिक्स्ड रेस में कर्नाटक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। कर्नाटक का समय 34:07.967 रहा, जबकि महाराष्ट्र ने 35:31.761 के साथ दूसरा और हिमाचल प्रदेश ने 35:44.097 के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्लालम (पुरुष) में सर्विसेज ने 3:40.690 का समय निकालकर गोल्ड जीता। आंध्र प्रदेश ने 3:45.460 के साथ सिल्वर जबकि कर्नाटक ने 3:46.820 के साथ ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया।

### एथलेटिक्स स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन

उत्तराखंड में जारी 38वें राष्ट्रीय खेल के दूसरे दिन एथलेटिक्स स्पर्धाओं में कई शानदार प्रदर्शन देखने को मिले। पुरुषों और महिलाओं की विभिन्न दौड़, कूद और थ्रो स्पधाओं में कई राज्यों के एथलीटों ने पदक जीते।

**110 मीटर हर्डल्स (पुरुष) फाइनल**

महाराष्ट्र के तेजस अशोक शिर्स ने 13.65 सेकंड में दौड़ पूरी कर स्वर्ण पदक जीता। तमिलनाडु के मानव राजानारायणन (14.03 सेकंड) को रजत और केरल के मुहम्मद लजान वीके (14.23 सेकंड) को कांस्य पदक मिला।

**100 मीटर हर्डल्स (महिला) फाइनल**

आंध्र प्रदेश की ज्योति यारार्जी ने 13.10 सेकंड में दौड़ पूरी कर स्वर्ण पदक जीता। पश्चिम बंगाल की मौमिता मोंडल (13.36 सेकंड) ने रजत और तमिलनाडु की निध्या रामराज (13.60 सेकंड) ने कांस्य पदक हासिल किया।

**भाला फेंक (महिला, 600 ग्राम)**

हरियाणा की ज्योति राकेश (55.55 मीटर) और कर्नाटक की करिश्मा एस. सनिल (55.55 मीटर) के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली, लेकिन ज्योति को स्वर्ण पदक मिला। कर्नाटक की ही रम्याश्री जैन (54.85 मीटर) ने कांस्य पदक जीता।

**400 मीटर दौड़ (महिला)**

महाराष्ट्र की ऐश्वर्या मिश्रा ने 51.12 सेकंड में दौड़ पूरी कर स्वर्ण पदक जीता। तमिलनाडु की विध्या रामराज (54.43 सेकंड) को रजत और गुजरात की देव्यानिबा जाला (54.44 सेकेंड) को कांस्य पदक मिला।

**400 मीटर दौड़ (पुरुष)**

ओडिशा के बपी हंसदा (46.82 सेकंड) ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि हरियाणा के विक्रांत पंचाल (46.92 सेकंड) को रजत और केरल के मनु टी एस (47.08 सेकंड) को कांस्य पदक मिला।

**4 गुणा 100 मीटर रिले (पुरुष) फाइनल**

ओडिशा की टीम (लालू प्रसाद भोई, अनीमेश कुजुर, डी. मुति जय राम, ए. मलिक) ने 39.47 सेकंड में दौड़ पूरी कर स्वर्ण पदक जीता। तमिलनाडु (40.08 सेकंड) और केरल (40.73 सेकंड) को क्रमश: रजत और कांस्य पदक मिले।

**4 गुणा 100 मीटर रिले (महिला) फाइनल**

कर्नाटक की टीम (कीर्तना एस, एन. कॉर्नेलियो, ज्योतिका, उन्नति अयप्पा) ने 45.99 सेकंड में दौड़ पूरी कर स्वर्ण पदक जीता। केरल (47.04 सेकंड) को रजत और तेलंगाना (47.58 रोकंठ) को कांस्य पदक मिला।

**लॉन्ग जंप (महिला)**

पश्चिम बंगाल की मौमिता मोंडल (6.21 मीटर) ने स्वर्ण पदक जीता। केरल की सेंट्रा बाबू (6.12 मीटर) ने रजत और उत्तर प्रदेश की दीपांशी सिंह (6.11 मीटर) ने कांस्य पदक हासिल किया।

**हाई जंप (पुरुष)**

तमिलनाडु के आदर्श राम जे. ने 2.14 मीटर की ऊंचाई पार कर स्वर्ण पदक जीता। ओडिशा के स्वाधीन कुमार माझी (2.11 मीटर) ने रजत और कर्नाटक के सुदीप (2.08 मीटर) ने कांस्य पदक जीता।

**डेकाथलन (पुरुष)**

केरल के थौफीक एन ने दो दिनों के कुल 6915 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। राजस्थान के यमनदीप शर्मा (6831 अंक) ने रजत और आंध्र प्रदेश के रोहित रोमन (6753 अंक) ने कांस्य पदक जीता।

# रोहित का शतक, भारत ने बनाई अजेय बढ़त

### भारत ने इंग्लैंड को दूसरे वनडे में चार विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बनाई




**कटक, वार्ता** : रवींद्र जडेजा (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा (119) की शतकीय, शुभमन गिल (60) और अक्षर पटेल (नाबाद 41) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारत रविवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड को 33 गेंदे शेष रहते चार विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं।

इंग्लैंड के 304 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी रोहित शर्मा और शुभमन गिल की भारतीय सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 136 रनों की साझेदारी की। 17वें ओवर में जेमी ओवर्टन ने शुभमन गिल को आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। गिल ने 52 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (60) रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये विराट कोहली एक बार फिर विफल रहे। उन्हें आदिल रशीद ने (पांच) रन पर पवेलियन भेज दिया। इस दौरान रोहित शर्मा एक छोर पर डटे रहे और उन्होंने अपना 32वां शतक पूरा किया। 30वें ओवर में लियम लिविंगस्टन ने रोहित को आदिल रशीद के हाथों कैच आउट कराकर भारत को बड़ा झटका दिया। रोहित ने 90 गेंदों में 12 चौके और सात छक्के लगाते हुए (119) रनों की पारी खेली। 37वें ओवर में अपने अर्धशतकी की ओर बढ़ रहे श्रेयस अय्यर रनआउट हुये। श्रेयस अय्यर ने 47 गेंदों तीन चौके ओर एक छक्का लगाते हुए (44) रन बनाये। जेमी ओवर्टन की गेंद पर सॉल्ट के एल राहुल (10) का कैच पकड़ा। हार्दिक पंड्या (10) रूप में भारत का छठा विकेट गिरा। उन्हें गस ऐटकिंसन ने आउट किया। भारत ने 44.3 ओवर में 308 रन बनाकर मुकाबला चार विकेट से जीत लिया। अक्षर पटेल (41) और जडेजा (11) रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड की ओर से जेमी ओवर्टन ने दो विकेट लिये। रशीद, गस ऐटकिंसन और लियम लिविंगस्टन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट का जडेजा बो वरुण | 26 | 29 | 2 | 1 |
| बेन डकेट का हार्दिक बो जडेजा | 65 | 56 | 10 | 0 |
| जो रूट कैच कोहली बो जडेजा | 69 | 72 | 6 | 0 |
| हैरी ब्रूक कैच गिल बो हर्षित | 31 | 52 | 3 | 1 |
| बटलर का गिल बो हार्दिक | 34 | 35 | 2 | 0 |
| लियाम लिविंगस्टोन रन आउट | 41 | 32 | 2 | 2 |
| जेमी ओवर्टन का गिल बो जडेजा | 06 | 10 | 0 | 0 |
| ऐटकिंसन का कोहली बो शमी | 03 | 7 | 0 | 0 |
| आदिल रशीद रन आउट | 14 | 5 | 3 | 0 |
| मार्क वुड रन आउट | 00 | 1 | 0 | 0 |
| साकिब महमूद नाबाद | 00 | 1 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 15 रन

कुल 49.5 ओवर में 304 रन पर ऑलआउट

विकेट पतन: 1-81, 2-102, 3-168, 4-219, 5-248, 6-258, 7-272, 8-297, 9-304, 10-304

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| मोहम्मद शमी | 7.5 | 0 | 66 | 1 |
| हर्षित राणा | 9 | 0 | 62 | 1 |
| हार्दिक पंड्या | 7 | 0 | 53 | 1 |
| वरुण चक्रवर्ती | 10 | 0 | 54 | 1 |
| रवींद्र जडेजा | 10 | 1 | 35 | 3 |
| अक्षर पटेल | 6 | 0 | 32 | 0 |

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का रशीद बो लिविंगस्टोन | 119 | 90 | 12 | 7 |
| शुभमन गिल बो ओवर्टन | 60 | 52 | 9 | 1 |
| कोहली का सॉल्ट बो रशीद | 05 | 8 | 1 | 0 |
| श्रेयस अय्यर रन आउट | 44 | 47 | 3 | 1 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 41 | 43 | 4 | 0 |
| राहुल का सॉल्ट बो ओवर्टन | 10 | 14 | 1 | 0 |
| हार्दिक का ओवर्टन बो ऐटकिंसन | 10 | 6 | 2 | 0 |
| रवींद्र जडेजा नाबाद | 11 | 7 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : आठ रन

कुल : 44.3 ओवर में छह विकेट पर 308रन

विकेट पतन: 1-136, 2-150, 3-220 , 4-258, 5-275, 6-286

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| साकिब महमूद | 6 | 0 | 36 | 0 |
| गस ऐटकिंसन | 7 | 0 | 65 | 1 |
| मार्क वुड | 8 | 0 | 57 | 0 |
| आदिल रशीद | 10 | 0 | 78 | 1 |
| जेमी ओवर्टन | 5 | 0 | 27 | 2 |
| लियम लिविंगस्टोन | 7 | 0 | 29 | 1 |
| जो रूट | 1.3 | 0 | 15 | 0 |

# चोटिल एनरिक नॉर्टजे चैंपियंस ट्रॉफी से हुए बाहर

### नॉर्टजे की जगह कॉर्बिन बॉश को चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में मिली जगह

● प्रिटोरिया, वार्ता




**दक्षिण** अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्टजे चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए है।

दक्षिण अफ्रीका ने चोटिल नॉर्टजे की जगह ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश को चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में जगह दी है। इसके अलावा उन्हें पाकिस्तान में न्यूजीलैंड के साथ चल रही त्रिकोणीय सीरीज के लिए भी टीम में शामिल किया गया है। कॉर्बिन बॉश ने पिछले वर्ष दिसंबर में पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय क्रिकेट में पर्दापण किया था। इससे बाद उन्होंने बॉक्सिंग डे टेस्ट में पाकिस्तान के खिलाफ ही टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और नाबाद 84 रन बनाने के साथ-साथ पांच विकेट भी झटके। उन्होंने हाल ही में एसए20 के दौरान शानदार गेंदबाजी करते हुए आठ मैचों में 17.36 की औसत से 11 विकेट लिए और अपनी टीम एमआई केपटाउन को खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# ऑस्ट्रेलिया ने किया क्लीन स्वीप

### श्रीलंका को दूसरे टेस्ट मैच में नौ विकेट से हराकर सीरीज 2-0 से अपने नाम की

● गाले, वार्ता




**मैथ्यू** कुनमन और नाथन लायन (चार -चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी बल्लेबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन रविवार को श्रीलंका को नौ विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली है।

श्रीलंका के शनिवार के आठ विकेट मात्र 211 रन से आगे खेलना शुरु किया। रविवार सुबह के सत्र में अभी श्रीलंका ने शनिवार के स्कोर में छह रन जोड़े थे कि नेथन लायन ने कुसल मेंडिस (50) को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को नौवीं सफलता दिलाई। इसके बाद बो वेब्स्टर ने लाहिरू कुमारा (नौ) को आउट कर श्रीलंका की दूसरी पारी का 231 के स्कोर पर अंत कर दिया। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 75 रनों का लक्ष्य मिला। जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 17.4 ओवर में एक विकेट गवां कर हासिल कर अपनी दूसरी टेस्ट जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया का एकमात्र विकेट ट्रैविस हेड (20) रन के रूप में गिरा। उन्हें प्रभात जयसूर्या ने आउट किया। उस्मान ख्वाजा (27) और मार्नस लाबुशेन (26) रन बनाकर नाबाद रहे। 156 रनों की शानदार पारी खेलने वाले एलेक्स कैरी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' और सीरीज में 272 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। इससे पहले श्रीलंका ने दिनेश चांदीमल (74) और कुसल मेंडिस (नाबाद 85) रनों की पारी के दम पर पहली पारी में 257 रनों का स्कोर बनाया था। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में एलेक्स कैरी (156) और कप्तान स्टीव स्मिथ (131) की पारियों ने 414 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)

CMYK